निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, गुरुवार, 3 जुलाई 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 47 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1947:** सोवियत संघ ने मार्शल योजना में भाग लेने से मना कर दिया।
**1962:** अमेरिकी अभिनेता टॉम हैंक्स का जन्म।
**1971:** विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे का जन्म।
**1996:** हिंदी फिल्मों के अभिनेता राजकुमार का निधन।
**2018:** मलेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री नजीब रज्जाक को गिरफ्तार किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### जंगली हाथी ने ले ली बुजुर्ग की जान

**गढ़वा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में जंगली हाथियों का उत्पात जारी है। पिछले 72 घंटे में हाथियों ने तीन लोगों की जान ले ली है। मंगलवार और बुधवार की रात झुंड से बिछड़े हाथी ने रंका थाना क्षेत्र के नगारी गांव में घुसकर एक घर को ध्वस्त कर दिया जिससे घर में सो रहे एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान विजय सिंह के रूप में की गई है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीण परिजनों को सांत्वना देने में लगे हैं।

### टीएसपीसी के सब जोनल कमांडर की हत्या

**हजारीबाग(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र में गेरुआ नदी के पास एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मंगलवार रात हुई इस घटना में मृतक की पहचान टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के सब जोनल कमांडर अनीश अंसारी के रूप में हुई है। अनीश रांची जिले के बुढ़मू थाना क्षेत्र के मतवे गांव का निवासी था। पुलिस के अनुसार, यह आपसी वर्चस्व की लड़ाई का मामला हो सकता है। पुलिस ने बताया कि अनीश अंसारी पर कई आपराधिक मामले दर्ज थे। उसकी हत्या के बाद पुलिस ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

### दो लुटेरे गिरफ्तार

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस ने चाकुलिया में आभूषण कारोबारी के घर लूटकांड का खुलासा 48 घंटे के अंदर कर लिया है। मामले में ग्रामीण एसपी ने बताया कि एक किलो से अधिक वजन के आभूषण के साथ दो लुटेरों को बंगाल से गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि जमशेदपुर के चाकुलिया थाना क्षेत्र में 30 जून की रात अपराधियों ने आभूषण कारोबारी 70 वर्षीय अरुण कुमार नंदी के घर में घुसकर हथियार और चाकू का भय दिखाकर करीब 1.5 किलोग्राम सोने के जेवरात और 1 लाख 55 हजार नकद रुपये लूट लिए थे। घटना के बाद क्षेत्र के व्यवसाइयों में काफी रोष था, वह अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे थे।

### युवक की हत्या

**दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)।** पुरानी रंजिश में मदन यादव नामक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इलाज के दौरान युवक की मौत हुई है। वह अपने छोटे भाई सुशील यादव की शादी की तैयारी के लिए गांव आया था। शादी 7 जुलाई को होने वाली है। युवक को बदमाश घर से करीब 500 मीटर दूर खींचकर ले गए। फिर लाठी, ईंट, रॉड और राइफल से बुरी तरह से पीटा।

### चाची ने जहर देकर की भतीजे की हत्या

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के उजियारपुर थाना क्षेत्र में रिश्तों को कलंकित करने वाली वारदात सामने आई है। यहां एक चाची ने अपने ही भतीजे अली हुसैन को जहर देकर मौत के घाट उतारने के बाद फरार हो गई। घटना उजियारपुर थाना क्षेत्र के बलभद्रपुर वार्ड नंबर-3 की है।

# कार-ट्रक की टक्कर में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गिरिडीह।** जिले में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। यहां एक कार और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई है। तीनों एक ही परिवार के सदस्य थे। घटना बेंगाबाद थाना इलाके के दामोदरडीह के पास की है। मृतकों में छोटू तुरी, राजन तुरी एवं लीलो तुरी जबकि घायलों में संगीता देवी और रानी देवी शामिल है। मृतक और घायल जमुआ थाना इलाके के जारंगडीह के रहने वाले बताए जा रहे हैं। बताया जाता है कि लीलो तुरी आषाढी पूजा में शामिल होने अपनी बहन के घर महुआर आया था। पूजा के बाद देर रात लगभग 2 बजे सभी एक स्विफ्ट कार पर सवार होकर वापस जा रहे थे। जो जानकारी मिली है कि इसी क्रम में दामोदरडीह स्थित मोछू लायन होटल के पास ट्रक से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि घटना के बाद ट्रक का तीन टायर ब्लास्ट कर गया। घटना के बाद ट्रक को लेकर ड्राइवर फरार हो गया और आगे एक पेट्रोल पंप के पास वाहन को खड़ा कर दिया। मामले की सूचना बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह को मिली। सूचना मिलते ही थानेदार दल बल के साथ पहुंचे। कार में बुरी तरह से जख्मी संगीता देवी और रीना देवी समेत पांच को सदर अस्पताल भेजा गया जिसमें चिकित्सक ने छोटू तुरी, राजन तुरी एवं लीलो तुरी को मृत घोषित कर दिया जबकि संगीता और रीना का इलाज चल रहा है। बेंगाबाद थाना प्रभारी ने बताया कि गिरिडीह-देवघर पथ पर सड़क हादसा हुआ है। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल है। उन्होंने बताया कि कार ने पीछे से ट्रक में टक्कर मारी है जिसमें तीन की मौत हुई है। ट्रक के ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। मृतक के परिचित भीमलाल तुरी का कहना है कि ट्रक ने ही पीछे से टक्कर मारी है। घटना में मरे सभी गोतिया है जबकि मृतक छोटू तुरी और राजन तुरी पिता-पुत्र थे।

# धनबाद नगर निगम में बिल भुगतान पर विवाद



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** धनबाद नगर निगम कार्यालय में बुधवार को बिल भुगतान को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। दो संवेदकों ने लेखा शाखा में पहुंचकर अपनी फाइलों के लंबित होने का विरोध किया। संवेदकों का आरोप है कि लेखा पदाधिकारी कुमारी शुभा जायसवाल जान-बूझकर उनकी फाइलें रोक रही हैं। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए फूड इंस्पेक्टर और अन्य पदाधिकारियों को हस्तक्षेप करना पड़ा। इधर, लेखा पदाधिकारी शुभा जायसवाल ने सभी आरोपों को नकार दिया है। उनका कहना है कि संबंधित फाइलें केवल 15 दिन पहले उनके पास आई हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर निगम की व्यवस्था के अनुसार हर फाइल की तकनीकी और वित्तीय जांच आवश्यक है। उन्होंने कहा कि उन पर भुगतान में जल्दबाजी का अनुचित दबाव बनाया जा रहा है। बिना उचित सत्यापन के भुगतान करना नियमों का उल्लंघन होगा। वहीं, अधिकारियों ने मामले को संभालते हुए संवेदकों को आश्वासन दिया है कि निर्धारित प्रक्रिया के तहत जांच पूरी होने के बाद भुगतान शीघ्र कर दिया जाएगा।

# रांची को आज मिलेगा एलिवेटेड कॉरिडोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** लंबे इंतजार के बाद राजधानी वासियों को गुरुवार को रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर की सौगात मिलने जा रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी इसका उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन को लेकर पंडरा स्थित ओटीसी ग्राउंड में सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अब रांची के लोगों को इंतजार है, तो बस इस एलिवेटेड कॉरिडोर से होते हुए रातू रोड को पार करने का। उस जाम से मुक्ति पाने का, जिसके कारण नागाबाबा खटाल से पिस्का मोड़ तक करीब 2.5 किमी का सफर पूरा करने में आधा से 1 घंटे का समय लगता था, जो अब एलिवेटेड कॉरिडोर के जरिए महज 5-7 मिनट में पूरा हो जाएगा। इस एलिवेटेड कॉरिडोर में कई खूबियां हैं। एलिवेटेड कॉरिडोर की प्रोजेक्ट डायरेक्टर एकता कुमारी ने बताया कि रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर एनएचएआई का पहला ऐसा प्रोजेक्ट है जिसमें बुलेटप्रूफ बैरियर का इस्तेमाल हुआ है। दरअसल, नागा बाबा खटाल से लेकर किशोरी सिंह यादव चौक पुराने बस स्टैंड के समीप तक राजभवन का एरिया आता है। राजभवन की सुरक्षा को देखते हुए वहां बुलेटप्रूफ बैरियर, साउंडलेस बैरियर और व्यू कटर लगाया गया है। बुलेट प्रूफ बैरियर राजभवन की सुरक्षा करेगा, तो साऊंडलेस बैरियर फ्लाईओवर के आसपास रहनेवाले लोगों को गाड़ी के शोर-शराबे से बचाएगा। इससे न केवल घर, ऑफिस और दुकानों के लोग परेशानियों से बचेंगे बल्कि फ्लाईओवर के आसपास स्थित क्लिनिक, हॉस्पिटल और स्कूल भी वाहनों के शोर-शराबे से डिस्टर्ब होने से बचेंगे। पूरे कॉरिडोर में गडर स्टील कंपोजिट का इस्तेमाल हुआ है, जो पूरी तरह से सेल में निर्मित लोहे से बना है। यह इसकी मजबूती को और अधिक बढ़ाती है।

# मरांग बुरु को संवैधानिक अधिकार देने की वकालत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** मरांग बुरु फाउंडेशन के प्रतिनिधि मंडल ने गिरिडीह के पीरटांड में मरांग बुरु, जिसे पारसनाथ पर्वत भी कहा जाता है, को संथाल आदिवासी समुदाय का तीर्थस्थल घोषित करने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने उस क्षेत्र की सुरक्षा, प्रबंधन, निगरानी और नियंत्रण की जिम्मेदारी ग्राम सभा को सौंपने की मांग उठाई है। इस संबंध में मरांग बुरू फाउंडेशन की ओर से राज्यपाल को एक ज्ञापन भी सौंपा गया है। रांची में राज्यपाल से मिलने पहुंचे प्रतिनिधियों ने कहा कि मरांग बुरु पर्वत, संथाल आदिवासियों के लिए न केवल एक प्राकृतिक संरचना है बल्कि यह उनके ईश्वर 'मरांग बुरू' का प्रतीक भी है। यह स्थल युगों-युगों से पूजा जाता रहा है और यहां धार्मिक आस्था, परंपरा एवं आदिवासी संस्कृति गहराई से समाई हुई है। पर्वत की चोटी पर युग जाहेर थान (सरना) और तलहटी में दिशोम गौझी धान्न स्थित है, जो इस समुदाय के दो प्रमुख पूजा स्थल हैं। दरअसल, हर साल फाल्गुन शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर युग-जाहेर थान में मरांग बुरु युग-जाहेर दिशोम महापूजा महोत्सव का आयोजन होता है। इस पूजा में पारंपरिक रूप से बलि चढ़ाई जाती है और चावल समेत हड़िया का तपन अर्पित किया जाता है। इसी प्रकार वैशाख पूर्णिमा के अवसर पर धार्मिक शिकार सेंदरा और लो-बीर बैसी का आयोजन होता है जिसमें आदिवासी समुदाय पारंपरिक रीति से पर्वत क्षेत्र में प्रवेश कर धार्मिक शिकार करते हैं। यह शिकार बीमार और कमजोर वन्य जीवों तक सीमित होता है और इसका मकसद आध्यात्मिक अनुष्ठान होता है। संथाल आदिवासी समाज की धार्मिक आस्थाओं और पारंपरिक रीति नीति की रक्षा के लिए, मरांग बुरु पर्वत पर बाहरी हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। इसके संरक्षण, अनुश्रवण और प्रबंधन की पूरी जिम्मेदारी संविधान के अनुच्छेद 244 और पेसा अधिनियम के तहत गठित ग्रामसभा को सौंपी जानी चाहिए। फाउंडेशन ने यह भी उल्लेख किया है कि छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम के तहत आदिवासियों की परंपरागत भूमि, पूजा पद्धति और स्थानीय स्वशासन प्रणाली की रक्षा की गारंटी दी गई है। इसलिए मरांग बुरु को केवल धार्मिक स्थल ही नहीं बल्कि एक संवैधानिक अधिकार से जुड़ा हुआ स्थल माना जाना चाहिए। राजभवन पहुंचे प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल संतोष गंगवार से अनुरोध किया है कि वे इस पवित्र तीर्थस्थल को आदिवासी समुदाय की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत के रूप में मान्यता देकर इसके संरक्षण की दिशा में आवश्यक निर्देश संबंधित विभागों को दें।

# देवघर में 24 घंटे काम करेंगे 750 सफाईकर्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**देवघर।** श्रावणी मेला 2025 की तैयारियों के तहत बाबा बैद्यनाथ मंदिर प्रांगण को अतिक्रमण मुक्त कर दिया गया है। मजिस्ट्रेट राहुल कुमार के नेतृत्व में मंदिर प्रांगण से सभी पूजन सामग्री के काउंटर हटाए गए। जिलाधिकारी के निर्देश पर तीन दिन पहले एक पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया था। मंदिर प्रभारी और एसडीओ रवि कुमार की अध्यक्षता में गठित इस समिति ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए यह निर्णय लिया। मजिस्ट्रेट राहुल कुमार ने बताया कि सभी दुकानदारों को पहले ही सूचना दे दी गई थी। उन्हें अपने काउंटर स्वयं हटाने को कहा गया था। निर्धारित समय में काउंटर नहीं हटाने पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई की चेतावनी दी गई थी। मंदिर प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह कदम श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन और पूजा व्यवस्था के लिए उठाया गया है। श्रावणी मेले को देखते हुए जिला प्रशासन मंदिर प्रांगण में व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सक्रिय है। व्यवस्था में और सुधार के लिए भी कार्य किए जा रहे हैं। विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले में इस बार सफाई व्यवस्था को विशेष प्राथमिकता दी गई है। सावन माह में लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए नगर निगम ने 750 सफाई कर्मियों की तैनाती की है। नगर निगम के प्रबंधक प्रकाश मिश्रा के अनुसार पूरे मेला क्षेत्र को दो क्लस्टर में बांटा गया है। पहला क्लस्टर बाबा मंदिर परिसर, शिवगंगा और बीएड कॉलेज परिसर का है। दूसरा क्लस्टर बीएड कॉलेज से कुमैठा तक के क्षेत्र को कवर करेगा। सफाई कार्य में नगर निगम के 350, एमएसडब्लूएम के 210 कर्मी और टेंडर द्वारा चयनित अन्य सफाई कर्मी शामिल हैं। सभी कर्मियों को सुरक्षा किट, यूनिफॉर्म और आवश्यक उपकरण दिए गए हैं। मेले के दौरान सफाई कर्मी 24 घंटे तीन शिफ्ट में काम करेंगे। कार्य की निगरानी के लिए सुपरवाइजर भी तैनात किए गए हैं। नगर निगम का लक्ष्य है कि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो और पूरा मेला क्षेत्र स्वच्छ रहे।

# शिबू सोरेन के स्वास्थ्य के लिए माझीथान में विशेष पूजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जामताड़ा।** दिल्ली के गंगा राम अस्पताल में भर्ती झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुप्रीमो शिबू सोरेन के स्वास्थ्य लाभ के लिए बुधवार को जामताड़ा में विशेष पूजा की गई। झामुमो कार्यकर्ताओं ने अमोय के माझीथान में आदिवासी रीति-रिवाजों के अनुसार अनुष्ठान किया। माझीथान के प्रधान माझी हड़ाम रमेश मरांडी की अगुवाई में पूजा संपन्न हुई। नायकी हड़ाम सुशील मरांडी, जोग माझी अशोक मरांडी, गोडायत निमाय मिर्धा और कुडूम नायक विष्णु किशकू ने पारंपरिक विधि से अनुष्ठान किया। पार्टी नेता मदन मरांडी ने कहा कि वे गुरुजी के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि शिबू सोरेन जल्द ही स्वस्थ होकर लौटेंगे। मेरी मरांडी ने भी गुरुजी के स्वास्थ्य लाभ की कामना की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि शिबू सोरेन ने हमेशा झारखंड के लोगों के हितों की रक्षा की है। उन्होंने राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस पूजा के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने दिशोम गुरु के प्रति अपनी एकजुटता दिखाई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

# भारतमाला से जुड़ेगा झारखंड, खुलेगा विकास का राजमार्ग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड की सड़कों को अब एक नई रफ्तार मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य सरकार ने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी भारतमाला परियोजना के तहत राज्य की छह प्रमुख स्पीड कॉरिडोर परियोजनाओं को लिंक करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को दिया है। इसका उद्देश्य राज्य में सड़क नेटवर्क को न केवल बेहतर बनाना है बल्कि लंबी दूरी तय करने में लगने वाले समय और खर्च दोनों में उल्लेखनीय कमी लाना भी है। ऐसा होने पर झारखंड की पूर्वोत्तर के सातों राज्यों, ओड़िशा, बंगाल और छत्तीसगढ़ से हाई स्पीड फोर लेन कनेक्टिविटी हो जाएगी। पारादीप और साहिबगंज मल्टी मॉडल टर्मिनल के बीच भी व्यापारिक गलियारा तैयार होगा। राज्य सरकार के पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार और केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सचिव के बीच बैठक में इस प्रस्ताव पर मंत्रणा हो चुकी है। केंद्र सरकार इस प्रस्ताव पर सहमत भी है और आनेवाले दिनों में झारखंड के प्रस्तावित स्पीड कॉरिडोर को भारत माला परियोजनाओं से लिंक करने की दिशा में काम शुरू होने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि भारत माला परियोजनाओं का उद्देश्य देश के विभिन्न क्षेत्रों में औद्योगिक, खनन संबंधित आवागमन को तीव्र करते हुए समय और ईंधन की बचत करना है। इन्हीं उद्देश्यों के साथ झारखंड सरकार ने भी छह हाई स्पीड कॉरिडोर का प्रस्ताव तैयार किया है। आवागमन आसान होने से पर्यटन को भी पंख लगना स्वभाविक है। हाई स्पीड कॉरिडोर और भारतमाला परियोजनाओं को लिंक करने से झारखंड को एक स्पीड कॉरिडोर नेटवर्क मिलेगा जो राज्य की सड़कों के विकास को राष्ट्रीय नेटवर्क से जोड़ेगा। एनएच 2 पर धनबाद-रायपुर भारत माला परियोजना से फुरसो, डुमरी के मिसिंग लिंक को जोड़ देने के बाद इस क्षेत्र की फोर लेन कनेक्टिविटी छत्तीसगढ़ के रायपुर से हो जाएगी। इसी प्रकार संबलपुर-रांची कॉरिडोर सेमिसिंग फोर लेन लिंक देवघर, पिरपौंती, जामताड़ा, दुमका, बरहेट को शामिल कर लेने के बाद पारादीप और साहिबगंज के बंदरगाहों की सीधी कनेक्टिविटी हो जाएगी। झारखंड सरकार ने भारतमाला से लिंक का प्रस्ताव झारखंड में निवेश, पर्यटन, औद्योगिक लॉजिस्टिक्स और राज्य के पिछड़े क्षेत्रों के विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से तैयार किया है। राज्यों के बीच तेज और निर्बाध यातायात से ईंधन की बचत और पर्यावरणीय प्रभाव में कमी जैसे फायदे भी होंगे।

FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### सवाल-मतदाता पुनरीक्षण लोस चुनाव के पहले क्यों नहीं हुआ?

■ तेजस्वी बोले- चुनाव आयोग हमलोगों को मिलने के लिए समय नहीं दे रहा



**पटना, एजेंसी।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि मतदाता पुनरीक्षण के मुद्दे पर चुनाव आयोग उन्हें मिलने का समय नहीं दे रहा है। वे सर्वदलीय बैठक की मांग कर रहे हैं, लेकिन चुनाव आयोग न तो कुछ बोल रहा, न ही गंभीरता बरत रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग खुद ही असमंजस में है। हर दिन अपने ही फैसले बदल रहा है। सभी चाहते हैं कि प्रदेश के मतदाता पूरी तरह से वैध रहें, लेकिन ये मतदाता पुनरीक्षण 2024 के लोकसभा के चुनाव के पहले क्यों नहीं हुआ। मतदाता के वोट डालने के अधिकार को छीनने की ये साजिश है। तेजस्वी ने कहा- हम पूछ रहे हैं कि 25 दिनों में 8 करोड़ वोटरों तक वो कैसे पहुंचेंगे। बीएलओ तीन बार मतदाता के घर जाएंगे, पर जो रोजी-रोटी कमाने घर से बाहर गए हैं, उनका क्या होगा। सच्चाई यह है कि बिहार से 3 करोड़ से ऊपर लोग दूसरे राज्यों में रोजी-रोटी कमाने गए हुए हैं। 94 लाख के करीब सभी जातियों में गरीबी रेखा से नीचे के लोगों के संबंध में भी सरकार बताए कि उनके लिए कौन से दस्तावेज उपलब्ध होंगे। मंशा क्या है सरकार ये स्पष्ट करे। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार ने आरोप लगाया कि केंद्र के इशारे पर आयोग काम कर रहा। इस अवसर पर डॉ. शकील अहमद खान, अब्दुल बारी सिद्दीकी, जयप्रकाश यादव, संजय यादव भी मौजूद थे।

### 8वें जीएसटी दिवस समारोह में करदाता सम्मानित

■ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा - जीएसटी से बिहार को सालाना 30 हजार करोड़ रु. का लाभ



**पटना, एजेंसी।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि जीएसटी से बिहार को सालाना 30 हजार करोड़ का लाभ हो रहा है। सम्राट चौधरी वाणिज्यकर विभाग की ओर से आयोजित आठवें जीएसटी दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मौके पर भामाशाह सम्मान समारोह के तहत प्रमुख करदाताओं को सम्मानित किया। डिप्टी सीएम ने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू होने से पहले बिहार जैसे गैर-उद्योग आधारित राज्यों को कर राजस्व का लाभ सीमित रूप में मिलता था, पर अब पारदर्शी और डिजिटल प्रणाली के कारण बिहार को प्रति वर्ष लगभग 30,000 करोड़ रुपए तक का लाभ मिल रहा है। वर्ष 2017-18 में राज्य का कर संग्रह जहां 20,000 करोड़ रुपए था, वह अब 41,623 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। उपमुख्यमंत्री ने नॉन कॉरपोरेट श्रेणी के शीर्ष करदाताओं को भी 51000, 21000 और 11000 रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की।

# बिहार के 1 लाख युवाओं पर खर्च होंगे 686 करोड़ इंटर्नशीप के लिए छात्रों को मिलेंगे 6 हजार

## चुनाव से पहले कलाकारों-किसानों पर भी फोकस

**पटना, एजेंसी।** बिहार सरकार ने 18 से 28 साल के एक लाख से ज्यादा युवाओं को मंथली 4 से 6 हजार रुपए मंथली इंटर्नशिप दी जाएगी। इन युवाओं के आर्थिक सहायता के साथ-साथ बिजनेस की ट्रेनिंग देने के लिए नीतीश कैबिनेट मुख्यमंत्री-प्रतिज्ञा योजना को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में इस योजना को हरी झंडी दी गई। बैठक में कुल 24 प्रस्तावों पर सहमति बनी। अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने कहा कि इस योजना से युवाओं को करियर प्रोमोशन के नए अवसर मिलेंगे। सरकार इस योजना पर 5 साल में करीब 1 लाख युवाओं पर 686 करोड़ रुपए खर्च करेगी। चालू वित्तीय वर्ष (2025-26) में 5000 युवा और अगले 5 वित्तीय वर्षों (2026-27 से 2030-31) में एक लाख युवाओं को लाभ मिलेगा। वहीं, राज्य के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रहने वाले पारंपरिक, शास्त्रीय, कलाओं से जुड़े कलाकारों के लिए मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना को कैबिनेट ने मंजूर दी है। इस योजना से सीनियर सिटिजन और आजीविका (ख्द्ध1द्दद्धश्चश्स्र) संकट से जूझ रहे कलाकारों को 3000 रुपए मासिक पेंशन दी जाएगी। कलाकार की न्यूनतम आयु 50 साल होनी चाहिए। वार्षिक आय 1.20 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए।

### गुरु-शिष्य परंपरा योजना भी मंजूर की गई

कैबिनेट ने विलुप्त हो रही लोक कलाओं को बचाने के लिए मुख्यमंत्री गुरु-शिष्य परंपरा योजना को भी मंजूरी दी है। गुरु को 15000, संगीतकार को 7500 और शिष्य को 3000 मासिक मानदेय दिया जाएगा। सरकार ने विलुप्त हो रही लोक कलाओं को बचाने के लिए योजना बनाई है। इसके तहत लोक गाथा, लोक नाट्य, लोक नृत्य, लोक संगीत, वाद्य यंत्र, शास्त्रीय कला और चित्रकला जैसी विधाओं को संरक्षित करने के लिए परंपरागत तरीके से प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### माता जानकी मंदिर के लिए 882.87 करोड़

सीतामढ़ी जिला के माता सीता की जन्मभूमि पुनौरा धाम में 882.87 करोड़ की लागत से माता जानकी मंदिर बनेगा। इसमें 137.34 करोड़ रुपए की लागत से पुनौराधाम स्थित पुराने मंदिर को नए सिरे से विकसित किया जाएगा। 728 करोड़ रुपए खर्च करके वहां अयोध्या के राम मंदिर की तरह पर्यटन संबंधित आधारभूत संरचनाएं बनाई जाएंगी। मंदिर और परिसर के 10 वर्ष तक रख-रखाव पर 16.62 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या धाम और माता सीता की जन्मभूमि ?पुनौराधाम के बीच सीधा संपर्क हो जाएगा।



किसानों के लिए कई योजनाओं की स्वीकृति नेचुरल फार्मिंग योजना, 2025-26 में नेचुरल फार्मिंग (प्राकृतिक खेती) योजना चलाने के लिए सरकार ने 36 करोड़ 35 लाख रुपये खर्च करने की मंजूरी दी है।

कृषि विस्तार योजना (सब-मिशन ऑन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन) चौथे कृषि रोड मैप के तहत बामेती और आत्मा (जिला स्तर पर कृषि प्रबंधन संस्था) को वेतन, मानदेय और प्रशासनिक खर्च के लिए 80 करोड़ 99 लाख रुपये खर्च करने की मंजूरी मिली है। मृदा स्वास्थ्य और उर्वरता योजना, प्रधानमंत्री कृषि विकास योजना के तहत मिट्टी जांच प्रयोगशाला बनाने, जैव उर्वरक प्रयोगशाला बनाने।और पुरानी मिट्टी जांच लैब को सुधारने के लिए 30 करोड़ 49 लाख रुपये खर्च करने की मंजूरी दी गई है। कृषि प्रशिक्षण योजना, कृषि विस्तार योजना के तहत बामेती और आत्मा को प्रशिक्षण, भ्रमण और संपर्क कक्षा चलाने के लिए 41 करोड़ 2 लाख रुपए खर्च करने की अनुमति मिली है।



## डॉक्टर्स-डे पर फ्री दवाइयां बांटी, परामर्श भी दिया

**पूर्णिया, एजेंसी।** देश भर में आज डॉक्टर्स डे मनाया जा रहा है। पूर्णिया में लायंस क्लब ऑफ पूर्णिया की ओर से रक्तदान शिविर और फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया है। कैंप में द्ध्रूपूर्णिया, सिल्लीगुड़ी और मैक्स हॉस्पिटल के डॉक्टरों की टीम के अलावा रेड क्रॉस पूर्णिया की टीम कैंप में लोगों को अपनी सेवाएं देने पहुंची। लोग बढ़ चढ़कर कैंप में हिस्सा लेने पहुंचे। लोग कैंप में मौजूद डॉक्टरों के पास अपनी स्वास्थ्य समस्याएं लेकर पहुंचे। इस दौरान कैंप में मौजूद चिकित्सकों ने बारी-बारी से लोगों की स्वास्थ्य समस्याएं सुनी और उन्हें निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श और दवाइयां दी। फ्री मेडिकल कैंप सह ब्लड डोनेशन कैंप में शहर के कई जाने-माने चिकित्सक मौजूद रहे। कैंप तक पहुंचने वाले लोगों को मुफ्त चिकित्सीय परामर्श और दवाइयां बांटी गई। रक्तदान शिविर का उद्देश्य खून की कमी को दूर करना है। थैलेसीमिया, डायलिसिस और अन्य गंभीर मरीजों को रक्त नहीं मिलने की वजह से काफी परेशानी हो रही थी, जिसे लेकर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है।

**शहर में लोग लंबे समय से रक्त की कमी से जूझ रहे :** आईएमए के प्रेसिडेंट डॉ. सुधांशु कुमार ने कहा कि डॉक्टर दिवस पहली बार 1 जुलाई 1991 को डॉ. बिधान चंद्र रॉय के सम्मान में मनाया गया था, ताकि स्वास्थ्य क्षेत्र में उनके योगदान को श्रद्धांजलि दी जा सके। वे आजीवन सामाजिक सरोकार से जुड़े हैं। मरीजों के लिए उन्होंने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। सभी डॉक्टरों को उनके जीवन में सीख लेने की जरूरत है। शहर में लोग लंबे समय से रक्त की कमी से जूझ रहे थे। इसी को देखते हुए डॉक्टर दिवस के मौके पर फ्री मेडिकल कैंप और ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया है।

## गंगा का किनारा मुंबई जैसा लगता है, हर ओर फ्लाईओवर

### मंत्री श्रवण कुमार बोले- नीतीश कुमार ने 20 वर्षों में बिहार की बदली तकदीर

**नालंदा, एजेंसी।** पटना के गंगा का किनारा मुंबई जैसा लगता है। राजधानी समेत राज्य के हर दिशा में फ्लाईओवर बने हैं। गांव में बिजली, पानी, नली और गली की व्यवस्था है। हर तरह की सुविधाएं जनता तक पहुंच रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के गांव स्मार्ट बन रहे हैं। शहरी सुविधाओं के समान ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी बुनियादी ढांचे का विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि जो सुविधाएं पहले केवल शहरों में उपलब्ध थीं, वे अब गांवों में भी पहुंच रही हैं। इससे ग्रामीणों का जीवन स्तर सुधर रहा है और वे विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। ये बातें ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने मंगलवार को नालंदा के नूरसराय प्रखंड के म्यार पंचायत में कही। दरअसल, मंत्री ने म्यार पंचायत में 58 लाख रुपए की विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।



**इन योजनाओं का किया उद्घाटन :** म्यार उच्च विद्यालय में पेबर ब्लॉक का निर्माणः मनरेगा योजना के तहत म्यार गांव के हाई स्कूल में पेवर ब्लॉक का निर्माण कार्य पूरा हुआ है, जिससे छात्रों को बेहतर शैक्षणिक सुविधा मिलेगी। छठ घाट निर्माणः स्थानीय क्षेत्र विकास योजना और मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना से 6 लाख रुपए की लागत से छठ घाट के निर्माण का शिलान्यास किया गया। इससे स्थानीय निवासियों को छठ पूजा जैसे धार्मिक अनुष्ठानों के लिए उचित व्यवस्था मिलेगी। सड़क निर्माणः म्यार गांव तक पहुंचने के लिए सीमेंट कंक्रीट (सीसी) सड़क का उद्घाटन किया गया, जो ग्रामीणों की यातायात संबंधी समस्याओं का समाधान करेगी। लोहड़ी प्राइमरी स्कूलः लोहड़ी के प्राइमरी स्कूल की चारदीवारी का निर्माण कराया गया है, जिससे बच्चों की सुरक्षा में वृद्धि होगी। उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान स्थानीय ग्रामीणों और स्कूल के प्रधानाध्यापक ने म्यार उच्च विद्यालय में चारदीवारी की कमी को लेकर चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि चारदीवारी के अभाव में विशेषकर बालिकाओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

## स्कूल बस ने बाइक सवार सीपीआई नेता को रौंदा मौतः तेज रफ्तार के कारण हुआ हादसा

**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय-रोसड़ा स॥-55 पर आज स्कूली बस की ठोकर से बाइक सवार कम्युनिस्ट नेता की मौत पर हो गई। इस हादसे में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए रोसड़ा के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक चलकी गांव के रहने वाले जयनारायण पासवान (65) अभी सीपीआई के अंचल परिषद सदस्य और शाखा मंत्री थे। वहीं, घायल युवक चलकी गांव के रहने वाले स्व. राम चरित्र महतो के पुत्र रामाधार महतो (45) हैं। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि जय नारायण पासवान एवं चालक रामाधार महतो खोदाबंदपुर थाना के समीप सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे स्कूली बस की चपेट में आ गए।



**हादसे में सीपीआई के नेता घायलः** बाइक चला रहे जयनारायण के पीछे उनके साथी भी बैठे थे। स्थानीय लोगों के प्रयास से दोनों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खोदाबंदपुर में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को सदर अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन जब तक इलाज के लिए बेगूसराय ले जाते, जयनारायण पासवान की मौत हो गई। रामाधार महतो को इलाज के लिए रोसड़ा के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बस को जब्त कर लिया है। जबकि, शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। इधर, सक्रिय कार्यकर्ता के मौत की सूचना मिलते ही सीपीआई के जिला मंत्री एवं पूर्व विधायक अवधेश राय समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता सदर अस्पताल पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की।



## दरभंगा में ट्रक ने 7 लोगों को रौंदा भीड़ ने पीछा कर के गाड़ी पकड़ी

**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा में मंगलवार की रात एक तेज रफ्तार हाइवा ने अलग-अलग जगहों पर 7 लोगों को रौंद दिया। करीब 4 किलोमीटर के दायरे में ड्राइवर लोगों को रौंदता रहा। घटना से गुस्साए लोगों ने ड्राइवर और खलासी की पिटाई की है। घटना का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में करीब 50 लोग गाड़ी का पीछा करते दिख रहे हैं। एक घायल को लोगों ने ई-रिक्शा से डॉक्टर के पास पहुंचाया। हाइवा की हरकत देख कुछ लोग बाइक से उसका पीछा करने लगे। पीछा करते देख चालक ने रफ्तार और बढ़ा दी। हाइवा लहेरियासराय थाना क्षेत्र के रहमगंज मुहल्ले तक पहुंचा। सामने से आ रही एक ट्रक के कारण उसकी रफ्तार धीमी हुई।पीछा कर रहे लोगों ने ड्राइवर को पकड़ लिया। गाड़ी से उतारकर बीच सड़क पर उसकी जमकर पिटाई की है। क्लीनर को भी पीटा गया। करीब आधे घंटे तक दोनों की पिटाई होती रही। चालक का चेहरा खून से लथपथ हो गया। कुछ लोगों ने उसकी जान बचाने की कोशिश की।

### 6 थानों की पुलिस मौके पर पहुंची

घटना की सूचना मिलते ही दरभंगा पुलिस मौके पर पहुंची। भीड़ उग्र थी। 6 थानों (लहेरियासराय, बेंता, यातायात, कोतवाली, विश्वविद्यालय,सदर थाना) की पुलिस पहुंची। तब जाकर भीड़ ने घायल ड्राइवर को पुलिस को सौंपा। पुलिस ने ड्राइवर सौरभ कुमार और क्लीनर सूरज कुमार को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है। ड्राइवर डीएमसीएच में भर्ती है। हालात बिगड़ते देख सदर एसडीपीओ राजीव कुमार भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे। लोगों को समझाकर शांत किया। हाइवा को घटनास्थल से हटाया गया।

**स्थानीय बोले- नशे में था ड्राइवर :** स्थानीय रहमान ने बताया, रात में खाना खा रहे थे, तभी वॉट्सऐप पर मैसेज आया कि एक ट्रक तेज रफ्तार में लोगों को टक्कर मारते हुए जा रहा है। यह ट्रक दरभंगा टावर, किला घाट होते हुए रहमगंज से नाका 6 होते हुए गया। कई लोगों को धक्का मारा। ड्राइवर नशे में था, तभी ऐसी घटना हुई। स्थानीय अंकुर गुप्ता ने बताया, दरभंगा टावर की ओर से चंडीगढ़ नंबर का ट्रक कई लोगों को रौंदता हुआ रहमगंज चौक पहुंचा। मोहर्रम का समय था। करीब 50 युवक बाइक से पीछा कर रहे थे।

## शनिवार और रविवार को सभी मतदान केंद्रों पर कैंप लगेंगे



**पटना, एजेंसी।** मतदाता पुनरीक्षण के लिए फोन करने पर कार्यपालक मजिस्ट्रेट सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के साथ बीएलओ ने गाली-गलौज की। इस मामले में डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम के निर्देश पर सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह कार्यपालक मजिस्ट्रेट रज्जन लाल निगम ने बीएलओ हर्ष प्रकाश सुमन के खिलाफ शास्त्री नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। रज्जन बाल मध्य विद्यालय पुनाईचक में पर्यवेक्षक सहायक अभियंता उपेंद्र प्रसाद साथ गए थे। बीएलओ हर्ष प्रकाश सुमन को गणना पत्र उपलब्ध कराना था। उनके मोबाइल पर संपर्क किया गया। उन्होंने फोन नहीं उठाया। दोनों अधिकारियों ने सुबह 11:40 बजे तक उनके आने की प्रतीक्षा की। जब बीएलओ आए तो दोनों अधिकारियों ने उनसे फोन नहीं उठाने की शिकायत की।

इस पर बीएलओ ने गाली-गलौज करते हुए मोबाइल छीन लिया। जान से मारने की धमकी भी दी। फोटो डिलीट करने के बाद मोबाइल लौटाया। इसकी सूचना दोनों अधिकारियों ने शास्त्री नगर थाना प्रभारी और सदर एसडीओ को दी। डीएम ने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में गंभीर लापरवाही बरतने, वरीय अधिकारियों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करने, दुर्व्यवहार करने के आरोप में दीघा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के एक बीएलओ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### स्थानांतरित, अनुपस्थित और मृत मतदाताओं का सूची से हटेगा नाम

इस विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य सभी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल करना, वहीं स्थानांतरित, अनुपस्थित और मृत वोटरों का नाम हटाना है। 26 जुलाई तक हाउस-टू-हाउस सर्वे चलेगा। 1 अगस्त को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन होगा। इस पर मतदाताओं को 1 अगस्त से 1 सितंबर तक दावा-आपत्ति दाखिल करने की सुविधा मिलेगी। 30 सितंबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। को लगाया गया है। पुनरीक्षण में बड़ी संख्या में कर्मियों को लगाया गया है।

### ऑनलाइन भी भरने की सुविधा

ऑनलाइन भी गणना प्रपत्र भरने व दस्तावेज अपलोड करने की सुविधा होगी। इसके लिए 1श्ह्ल-द्गह्य.द्गष्द्ब.द्दश1.द्बठ्ठ और श्वष्टद्बहद्गह्ल एप पर गणना प्रपत्र उपलब्ध है। परेशानी होने पर जिला संपर्क केंद्र-सह-मतदाता हेल्पलाइन 1950 पर कॉल कर जानकारी ले सकते हैं।

### नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 भरना अनिवार्य

यदि कोई मतदाता 26 जुलाई तक गणना फॉर्म जमा नहीं कर पाते हैं, तो दावा-आपत्ति की अवधि में आवेदन फॉर्म-6 और घोषणा-पत्र के साथ नाम जोड़ने के लिए आवेदन कर सकते हैं। अंतिम मतदाता सूची में नाम जुड़ जाएगा। इसके साथ ही 1 जुलाई 2025 की अर्हता तिथि के आधार पर 18 वर्ष की आयु पूरा करने वाले युवाओं का नाम जोड़ा जाएगा।

### डीएम ने चेताया-लापरवाही की तो कार्रवाई

उधर, मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर शनिवार और रविवार को सभी मतदान केंद्रों पर सुबह 7 से दोपहर 12 बजे तक शिविर लगेगा। इस दौरान सभी बीएलओ अपने-अपने बूथ पर उपस्थित रहेंगे। वे मतदाताओं के बीच गणना फॉर्म का वितरण करने के साथ कलेक्शन भी करेंगे। शेष दिन सभी बीएलओ को डोर-टू-डोर जाकर गणना फॉर्म का वितरण और कलेक्शन करना है। इसकी मॉनिटरिंग सभी 14 निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों द्वारा की जाएगी। डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम ने कहा कि इसमें शिथिलता कार्रवाई पर होगी।

# सभी अखाड़ा दल निर्धारित रूट व समय का करेंगे पालन : उपायुक्त



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में न्यू टाउन हॉल में मुहर्रम को लेकर जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि सभी अखाड़ा दल निर्धारित रूट एवं समय का पालन करना सुनिश्चित करेंगे। वहीं संबंधित अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी त्योहार से पहले रूट का भौतिक सत्यापन भी कर लेंगे।

उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान सोशल मीडिया में दुष्प्रचार, भ्रामक प्रचार, किसी की धार्मिक भावना को आहत करने या किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा। उन्होंने सोशल मीडिया में प्रसारित होने वाली अफवाह या दुष्प्रचार की जानकारी निकटतम थाना को देने का अनुरोध किया। उपायुक्त ने कहा कि त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले के सभी प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी मुस्तैद रहेंगे। साथ ही कहा कि बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने पानी, बिजली, साफ सफाई इत्यादि से संबंधित जो भी मुद्दे उठाए हैं उसका जिला प्रशासन द्वारा समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायालय के आदेशानुसार डीजे बजाने पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से उपद्रवी तत्वों, सोशल मीडिया पर किसी की धार्मिक भावना को आहत करने वालों की सूचना पुलिस को देने, त्योहार में प्रशासन के साथ मौजूद रहने का अनुरोध किया। वरीय पुलिस अधीक्षक ने सभी अखाड़ा दलों को ताजिया की ऊंचाई पर विशेष ध्यान देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा की ताजिया की ऊंचाई ऐसी रखें जिससे मार्ग में कहीं भी अवरोध उत्पन्न न हो। बैठक में भोला राम, राम गोपाल भुवानिया, गुरमीत सिंह, भगत सिंह, विजय शर्मा, शकील अहमद, मेराज खान, गुल्लू चौधरी, मोहम्मद अफजल, निसार आलम, रतिलाल महतो, डब्लू बाउरी, दिल मोहम्मद, आनंद कुमार सिंह, एजाज अहमद, राजेंद्र कुमार सिंह, प्रदीप नारनोली, मोहम्मद तबरेज, पिंटू कुमार तुरी, मोबिन अंसारी, अजीत कुमार मिश्रा सहित अन्य सदस्यों ने अपने - अपने सुझाव व्यक्त किए। जिसमें खतरनाक करतब दिखाने से परहेज करने, जुलूस के दौरान भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाने, जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यों का एक वाट्सएप ग्रुप बनाने, पानी एवं बिजली की सुचारू आपूर्ति करने, बंद स्ट्रीट लाइट चालू कराने, स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सक के साथ एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित कराने, सड़क की मरम्मत कराने सहित अन्य सुझाव दिए।

## उपायुक्त ने किया कला भवन का निरीक्षण



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला में खेल-कूद एवं कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने लुबी सर्कुलर रोड स्थित कला भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने कलाभवन स्थित इंडोर स्टेडियम, मल्टी जिम, ओपन थिएटर, कार्यालय कक्ष समेत पूरे परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने कला भवन के रख रखाव, स्टाफ की प्रतिनियुक्ति, कार्यक्रम हेतु बुकिंग की जानकारी, आय-व्यय, साफ-सफाई समेत विभिन्न बिंदुओं की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला के खिलाड़ियों एवं कलाकारों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं प्रोत्साहन हेतु इस भवन का निर्माण किया गया था। इसी उद्देश्य को सफल करने की दिशा में आगे कार्य किया जाएगा। जिसके लिए कार्य योजना तैयार की जाएगी, जिसका फायदा जिला वासियों को मिलेगा। इस दौरान निदेशक डीआरडीबी सह विशेष कार्य पदाधिकारी राजीव रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी आलोक कुमार मिश्रा, केयर टेकर मौजूद रहें।

# नाबालिगों का वाहन चलाना दंडनीय अपराध, आज से होगी विशेष जांच

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सड़क सुरक्षा अधिनियम एवं मोटर वाहन नियमावली के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु के नाबालिगों द्वारा वाहन चालन पूरी तरह अवैध एवं दंडनीय अपराध है। इस संदर्भ में अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा के निर्देश पर आज से विशेष जांच अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की जांच की जाएगी और यदि कोई नाबालिग वाहन चलाते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

**अभिभावक रहें सतर्क – लाइसेंस के बिना नहीं दें वाहन**

नाबालिगों को वाहन सौंपना एक गंभीर लापरवाही है। ऐसे मामलों में केवल वाहन चालक ही नहीं, बल्कि वाहन के मालिक/अभिभावक को भी उत्तरदायी माना जाएगा। इसलिए माता-पिता, अभिभावक एवं वाहन स्वामी अपने बच्चों को वाहन देने से पहले यह सुनिश्चित करें कि उनकी उम्र वैधानिक रूप से 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी हो एवं उनके पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस हो।

**सुरक्षित सड़कें, जिम्मेदार नागरिक – यही है उद्देश्य**

ट्रैफिक डीएसपी विद्या शंकर ने बताया कि बोकारो में ट्रैफिक जागरूकता और प्रवर्तन के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन कई बार देखा गया है कि नाबालिग तेज रफ्तार में बाइक चलाते हैं, ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करते हैं जिससे स्वयं की जान के साथ-साथ अन्य लोगों की जान भी जोखिम में रहती है। इस विशेष मुहिम का उद्देश्य सड़क सुरक्षा नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करना, नाबालिगों द्वारा होने वाले दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं परिवारों को सतर्क करना है कि वे नियमों की अनदेखी नहीं करें। जिला प्रशासन एवं ट्रैफिक पुलिस इस मुहिम के दौरान स्कूलों, कोचिंग संस्थानों और शहरी-ग्रामीण इलाकों में प्रचार-प्रसार के साथ-साथ नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई भी की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### धनबाद जिला डेकोरेटर एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद जिला डेकोरेटर एसोसिएशन की कार्यकारिणी बैठक हीरापुर मे प्रदीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में की गई। सर्वप्रथम 2022-2025 की कमिटी को भंग करने के पुर्व महासचिव विश्वनाथ सिंह के द्वारा तीन वर्षो मे किये गए कार्यो पर चर्चा हुई।उसके उपरांत राजगंज क्षेत्र को आज की बैठक में नये शाखा की घोषणा एसोसिएशन के पुरानी कमिटी के द्वारा की गई। कमिटी के द्वारा अपने एसोसिएशन के भवन निर्माण हेतु जमीन पर चर्चा कर बहुत जल्द जमीन खरीद की जाएगी। प्रदीप कुमार सिंह के द्वारा पुरानी कमिटी को भंग कर नया चुनाव प्रभारी में मुख्य रूप से मनजीत सिंह, भरतजी भगत चन्दन सेन और विकास सरकार को चुना गया।चुनाव की तिथी 7 सितम्बर को की जायेगी। सभी 20 शाखाओ का 15 अगस्त से 25 अगस्त के बीच चुनाव करा लिया जाएगा। सभी सदस्य से आग्रह की गई 31 जुलाई तक अपने अपने सदस्यता शुल्क जमा कर देने की बात की गई। बैठक में मुनव्वर रब्बानी, गुडडु साव,प्रवीण कुमार द्वारिका तिवारी ,संजय कुमार,प्रसाद तिवारी,पुरूषोत्तम कुमार, रंजन गौतम चक्रवर्ती के अलावा सभी शाखाओ के पदाधिकारी उपस्थित हुए।

### अभाविप के कई सदस्य आजसू छात्र संघ में हुए शामिल

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हिरक रोड स्थित एक होटल में आजसू छात्र संघ का मिलन समारोह सम्पन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विकास कुमार एवं संचालन जिला महासचिव नितेश महतो ने किया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव विशाल महतो उपस्थित रहे। इस समारोह में अभाविप के पूर्व महानगर मंत्री किशोर झा के नेतृत्व में अभाविप के सैकड़ो कार्यकर्ताओ ने आजसू छात्र संघ की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश महासचिव विशाल महतो ने सभी को आजसू का पट्टा पहनाकर सदस्यता ग्रहण करवाया और स्वागत किया। विशाल महतो ने कहा कि आज सैकड़ो की संख्या में अभाविप के कार्यकर्ताओ ने आजसू छात्र संघ का दामन थामा है। अगले एक महीने में बीबीएमकेयू के सभी महाविद्यालयों में कॉलेज



इकाई गठन करने का लक्ष्य रखा गया है इसके साथ ही सदस्यता अभियान सभी महाविद्यालयों में जारी रहेगा। किशोर झा ने कहा कि आजसू छात्र संघ छात्रों की समस्याओं को सबसे पहले विश्वविद्यालय में मुखरता से रखती है और हर मसले का समाधान करती है जिससे प्रभावित होकर आज सैकड़ो की संख्या में आजसू का दामन थामा है। सदस्यता ग्रहण करने में अभाविप के झरिया से विनेश वर्मा, पी. के. रॉय कॉलेज के पूर्व अध्यक्ष राजवर्धन सिंह, बलियापुर कॉलेज से ओम प्रकाश सिंह, कतरास नगर से रौनक चौहान, सिमरन कुमारी, नैना सिंह, अनिता महतो, सोनम कुमारी, जान्हवी हांसदा, प्रियंका कुमारी, सिम्मी कुमारी, हनशिका कुमारी, साक्षी कुमारी, किशले कुमार, जय कुमार, आयुष यादव, अंशु कुमार, क्रिश कुमार, विशाल यादव, राहुल महतो, रंजन यादव, सागर सिंह मुंडा, पीयूष सिंह, हर्ष केशरी, दिव्यांशु सिंह, अभिनव सिंह आदि सैकड़ो कार्यकर्ता आजसू में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में आजसू की और से : छात्र नेता विक्की कुमार, विश्वविद्यालय संयोजक, सुदामा महतो, जिला वरीय उपाध्यक्ष राज हाजरा, भोला पासवान, बंटी हारी, रवि महतो, मनीष महतो, मधुसूधन सोरेन, बाबूलाल महतो, सोनू कर्मकार, अभिषेक सिंह, सचिन चंद्रवंशी, विजय महतो, कीर्ति गोप, प्रेम कुमार, आदित्य महतो आदि मौजूद थे।

### मंजू देवी ने जनता दरबार लगा कर सुनी लोगों की समस्या



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज मासिक जन सुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत देवरी प्रखण्ड मुख्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया।इस अवसर पर प्रखंड भर से आए नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता से सुनी कई समस्याओं का तत्काल समाधान किया गया वहीं, जटिल मामलों को संबंधित पदाधिकारियों को सौंपते हुए समयबद्ध निष्पादन हेतु निर्देशित किया गया जनता दरबार में उपस्थित सभी सम्मानित नागरिकों एवं पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं का हार्दिक आभार आपका विश्वास और सहयोग ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है।

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने को कार्रवाई करने की मांग



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखण्ड में पुराने वाहनों के लिए राज्य स्तर पर परिवहन विभाग द्वारा स्क्रैप पॉलिसी बनाने हेतु पहल करने की माँग को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित बोकारो के ज़िला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर से मिले। कुमार अमित ने ज़िला परिवहन पदाधिकारी से मिल कर कहा कि पुराने वाहनों के लिए सरकार द्वारा स्क्रैप पॉलिसी बनाने से जहां सभी वाहन मालिकों को फायदा होगा वहीं सरकार को अतिरिक्त राजस्व की भी प्राप्ति होगी एवं सड़कों पर पुराने वाहनों की संख्या में भी कमी आएगी। इसके लिए ज़िला पदाधिकारी को विभागीय पहल करनी चाहिए। इसके अलावे भाजपा नेता ने ज़िला परिवहन पदाधिकारी से बोकारो में आए दिन बेतहाशा हो रही सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए भी आवश्यक कार्रवाई करने की माँग की। अमित ने कहा कि बोकारो ज़िला मे विगत तीन वर्षो के दरम्यान सड़क दुर्घटना में हुई अप्रत्याशित वृद्धि समाज के साथ-साथ प्रशासन के लिये भी चिंता का विषय है। इसे लेकर समाज और प्रशासन दोनों को जागरूक होना पड़ेगा। इसके अलावे कुमार अमित ने वर्ष 2019 के पहले के वाहनों में भी हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नम्बर प्लेट लगाने, परिवहन विभाग द्वारा बोकारो में आम लोगों की आवागमन सुविधा के लिए सरकारी पब्लिक ट्रांसपोर्ट की भी व्यवस्था करने, ज़िला के बस संचालकों द्वारा यात्री किराया वसूली में की जा रही मनमानी पर लगाम लगाने आदि की भी माँग की। इस अवसर पर लाल बाबू, गोविन्दा और सुरेन्द्र कुमार भी उपस्थित थे।

# विद्यालय के वार्षिक समारोह में उपायुक्त ने छात्रों को दिया मनुष्य बनने का संदेश




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर चार स्थित एक निजी विद्यालय के वार्षिक समारोह में उपायुक्त अजय नाथ झा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। समारोह में छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम, शैक्षणिक प्रदर्शन और अनुशासित व्यवहार को देखकर उपायुक्त ने प्रसन्नता व्यक्त की और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

**मनु भवः, यही भारत की परंपरा**

उपायुक्त ने अपने संबोधन में मनु भवः संबोधित कर मनुष्य को मनुष्य बनने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमें कमजोर, गरीब एवम वंचितों के लिए संवेदनशील होने की अवशयकता है। इनके प्रति संवेदना व्यक्त करके ही हम समाज को सही रूप में खुशहाल बना सकते हैं। उन्होंने सफाई कर्मी मजदूर एवं ऐसे ही लोगों के लिए संवेदनशील होने की बात कहीं। उन्होंने कहा की मनु भवः के संदेश को आत्मासात कर-के ही हम मानवता की असली सेवा कर सकते हैं। उपायुक्त ने एआई के इस दौर में चुनौतियों की चर्चा करते हुए उपायुक्त ने वेद, उपनिषद की बातों को आज भी प्रासंगिक बताया। कहा कि जीवन में सफलता सबको नहीं मिलती, लेकिन सफलता के रास्ते में किया गया हरेक प्रयास काफी महत्वपूर्ण है। बच्चे टूटे नहीं, बिखरे नहीं, हारे नहीं। संघर्ष करना, जूझना और लड़ना ही उनकी ताकत है।

**बड़ों को दें सम्मान, खुद में रखें आस्था**

अपने संबोधन में उपायुक्त ने छात्रों को कहा कि अपने माता-पिता, गुरुजनों और समाज के वरिष्ठों का सम्मान करें। यह भारतीय संस्कृति की रीढ़ है। उन्होंने यह भी कहा कि जो छात्र आज मूल्यों के साथ जीवन जीना सीख रहे हैं, वे कल एक बेहतर समाज और देश की नींव रखेंगे।

**सामंजस्य हमारी शक्ति, भविष्य है सुरक्षित हाथों में**

उपायुक्त ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी शक्ति विविधताओं में एकता और विरोधों में सामंजस्य स्थापित करने की क्षमता है। आज की पीढ़ी जागरूक, समर्थ और संवेदनशील है। आने वाला कल पूरी तरह सुरक्षित हाथों में है। भारत की प्रगति को कोई नहीं रोक सकता है। समारोह में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अतिथियों, विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों की भरपूर तालियां बटोरीं। मॉनसून थीम पर प्रस्तुत मनोहारी नृत्य-प्रस्तुति से छात्र-छात्राओं ने बारिश के मौसम का जीवंत चित्रण कर सबकी सराहना पाई। मौके पर जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार ने विद्यार्थियों की सफलता के पीछे शिक्षकों की बराबर की मेहनत पर चर्चा की तथा सदैव उनका सम्मान करने की प्रेरणा दी। सम्मानित अतिथि उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने विद्यार्थियों को अपने समाज एवं विद्यालय के प्रति कृतज्ञ रहने तथा उनके उत्थान में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने बच्चों को मोबाइल के अत्यधिक इस्तेमाल से बचने की भी सलाह दी।

# अमृतसर कोलकाता इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर योजना के लिए भूमि अधिग्रहण हेतु मूल्य निर्धारण का निर्देश



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कोरिडोर योजना के अंतर्गत बोकारो जिले के भतुआ मौजा में प्रस्तावित इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (आइएमसी) के लिए अधिग्रहण की जानेवाली भूमि के मूल्य निर्धारण को लेकर आज एक महत्वपूर्ण बैठक बोकारो परिसदन में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता निदेशक, भू-अर्जन, भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय आंजनेयुलू दोड्डे ने की। बैठक में बीएसएल के डायरेक्टर इंचार्ज बी. के. तिवारी, बोकारो उपायुक्त अजय नाथ झा, निदेशक उद्योग विशाल सागर, डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसरी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, जिला जन संपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, बीएसएल के मुख्य महाप्रबंधक टाउनशिप कुंदन कुमार, महाप्रबंधक ए के सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा, सब रजिस्टार सौरव कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में भतुआ मौजा में प्रस्तावित इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (आइएमसी) परियोजना हेतु भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में पारदर्शिता, न्यायसंगत मुआवजा राशि निर्धारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। भूमि दर निर्धारण में स्थानीय बाजार मूल्य, और वर्तमान दर सूची को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिए जाने की प्रक्रिया पर विचार - विमर्श किया गया। निदेशक, भू-अर्जन, भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय ने बीएसएल प्रबंधन को एस सप्ताह में संबंधित प्रस्तावित अधिग्रहण कि जाने वाली 740 एकड़ भूमि का मूल्य निर्धारण कृषि, उद्योग एवं वाणिजिक प्राकृति के अनुरूप निर्धारित कर प्रस्ताव तैयार करने। वहीं, जिला भू अर्जन कार्यालय बोकारो को भी पिछले तीन वर्षों में हुए भूमि निबंधन का औसत मानते हुए 740 एकड़ भूमि का कृषि, उद्योग एवं वाणिजिक प्राकृति मूल्य निर्धारण का प्रस्ताव तैयार करने को कहा। अगली बैठक में संबंधित भूमि का मूल्य निर्धारण किया जाएगा। मौके पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने स्पष्ट किया कि इस परियोजना से न केवल बोकारो जिले को औद्योगिक दृष्टिकोण से नई पहचान मिलेगी, बल्कि स्थानीय क्षेत्र का विकास व्यापक स्तर पर होगा और रोजगार के कई नये अवसर प्राप्त होंगे।

# 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने का फैसला



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ट्रेड यूनियनो की संयुक्त मोर्चा की बैठक कोयला नगर स्थित रिक्रेशन क्लब में संपन्न हुई। इस बैठक में बीसीसीएल में कार्यरत सभी श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के महामंत्री ए के झा ने की। संचालन एस एस डे ने किया। बैठक को सपन बनर्जी, भवानी बंदोपाध्याय, नंदू यादव ,आनंदमयपाल पाल, मानस चटर्जी ,हरि प्रसाद पप्पू ,ए के मित्रा, जय कुमार शेखर ,रामप्रीत यादव, शकील अहमद, उदय कुमार सिंह, संजीत सिंह ने संबोधित किया। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया की 3 जुलाई तक सभी क्षेत्रीय स्तर पर शाखा एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी प्रस्तावित 9 जुलाई के भारत बंद औद्योगिक हड़ताल को पूर्ण रूप से सफल बनाने की रणनीति पर संयुक्त रूप से विचार विमर्श करेंगे। गेट मीटिंग ,मोटरसाइकिल जुलूस, नुक्कड़ सभा ,जनसंपर्क अभियान, पदयात्रा, मसाल जुलूस आदि कार्यक्रम तय करके उसे क्रियान्वित करेंगे। 5 जुलाई को 9:00 बजे लोदना एरिया के साउथ तीसरा एमओसीपी कॉलोनी के सामुदायिक भवन में संयुक्त मोर्चा की आम सभा की जाएगी। 7 जुलाई को 3:00 बजे संयुक्त मोर्चा द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस किया जाएगा। 8 जुलाई को संपूर्ण बीसीसीएल में यूनिट और एरिया स्तर पर मसाल जुलूस संध्या 5:00 बजे निकाला जाएगा। बैठक के बाद प्रेस को जारी वक्तव्य में ए के झा ने कहा कि भारत की वर्तमान भाजपा सरकार कोयला मजदूरों सहित देश के संगठित और असंगठित मजदूरों के साथ किए वादे से मुकर गई है। देश के तमाम पब्लिक सेक्टर को चंद पूंजीपतियों के हवाले किया जा रहा है। ठेका/आउटसोर्सिंग के मजदूर 5 हजार रुपए प्रतिमाह के वेतन पर जीने के लिए मजबूर हैं। देश के करोड़ों नौजवानों के रोजगार के हर दरवाजे बंद कर दिए गए हैं ।कोल इंडिया की संपत्ति चंदपूंजीपति निजी स्वार्थ में इस्तेमाल कर रहे है। भारत कोकिंग कोल लिमिटेड और पूरी कंपनी पर अस्तित्व का खतरा मंडरा रहा है।

# संत जेवियर्स विद्यालय में दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संत जेवियर्स विद्यालय' में शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की कौशल अभिवृद्धि और शिक्षण पद्धति संबंधित नवीनतम जानकारी हेतु दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता और शिक्षाविद फादर सनी जेकब एस . जे को कर्मचारी प्रतिनिधि इंदु आर्या और आशुतोष जी द्वारा स्मृति चिन्ह स्वरूप पौधा और शॉल भेंट कर किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर अरुण मिंज , एस. जे ने विशेषज्ञ वक्ता का परिचय अत्यंत ही आदरपूर्वक ढंग से कराते हुए, शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और कार्यक्रम के क्रियान्वयन को आगे बढ़ाया। अत्यंत आदरणीय फादर सनी जेकब, एस. जे ने शिक्षा के क्षेत्र में , वर्तमान परिप्रेक्ष्य में शिक्षकों की बदलती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए संगोष्ठी की अत्यंत प्रभावशाली और गरिमामयी शुरूआत की। विशेषज्ञ वक्ता ने यह स्पष्ट किया कि अब शिक्षकों की भूमिका पारंपरिक 'ज्ञान देने वाले' से बदलकर मार्गदर्शक,प्रेरक और सहायक की हो गई है। आज का शिक्षक एक फैसिलीटेटर, मेंटॉर और लीडर की भूमिका निभा रहा है,जो विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास में सहायक है।

# बोकारो एयरपोर्ट के शीघ्र संचालन को लेकर राज्य सरकार गंभीर

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के बहुप्रतीक्षित बोकारो हवाई अड्डे की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तीव्र गति से कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा ने बोकारो एयरपोर्ट का संचालन शुरू करने में आ रही दिक्कतों, पिछली बैठक में दिए गए दिशा झ निदेर्शो के अनुपालन आदि पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, एसडीओ चास प्रांजल ढ़ंडा, बीएसएल नगर सेवा के मुख्य महाप्रबंधक कुंदन कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, एयरपोर्ट की डीडीएम प्रियंका, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत प्रशासनिक पदाधिकारी, एवीएशन के एजीएम आदि उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त ने क्रम वार विभिन्न बिंदुओं प्रदूषण क्लियरेंस,बीसीएएस स्क्यूरिटी क्लियरेंस, सतनपुर के पहाड़ी पर उच्च तीव्रता वाले फ्लैस लाइट का अधिष्ठापन, एयरपोर्ट की सुरक्षा एवं अग्निशमन हेतु स्थायी रूप से मानवबल की उपलब्धता, बोकारो एयरपोर्ट पर 02 एसीएफटी वाहन की तैनाती, एयरपोर्ट के लिए एबुलेंस एवं एयरपोर्ट समीप मीट शाप को स्थानांतरित करने पर चर्चा कर संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी दिशा झ निर्देश दिया।

**दिया समयबद्ध लक्ष्य, तीन माह में पूरी हो कार्रवाई**

उपायुक्त ने बैठक के दौरान एयरपोर्ट संचालन में आ रही प्रमुख बाधाओं को क्रमवार चिन्हित करते हुए उनके समाधान के लिए तीन माह की समय-सीमा निर्धारित की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग एवं एजेंसियां आपसी समन्वय से कार्य करते हुए निर्धारित समय में सभी लंबित प्रक्रियाएं पूर्ण करें।

## अगले तीन माह के अंदर सभी निर्माण कार्य को करें पूरा : उपायुक्त



**प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से पर्यावरणीय क्लियरेंस**

उपायुक्त ने एयरपोर्ट के संचालन में आवश्यक पर्यावरणीय अनापत्ति प्रमाण पत्र शीघ्र प्राप्त करने को बोर्ड से पत्राचार करने को बीएसएल प्रबंधन को निर्देश दिया। साथ ही,पत्राचार की कापी जिला को समर्पित करने को कहा ताकि जिला स्तर से भी इस दिशा में सकारात्मक पहल किया जाय।

**सुरक्षा क्लियरेंस को लेकर 10 वाच टावर का कराएं निर्माण**

बैठक में एयरपोर्ट की सुरक्षा संबंधी स्वीकृति हेतु बीसीएएस से संपर्क की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने बोकारो एयरपोर्ट की डीडीएम को परिसर में 10 वाच टावर का निर्माण आगामी तीन माह में पूरा करने को कहा। मुख्यालय स्तर से बात करते हुए अगस्त माह में कार्य शुरू करने की बात कहीं।

**सतनपुर पहाड़ी पर हाई-इंटेंसिटी फ्लैश लाइट का अधिष्ठापन**

उड़ान के मार्ग को स्पष्ट रखने एवं विमान की सुरक्षित लैंडिंग हेतु सतनपुर पहाड़ी पर हाई-इंटेंसिटी फ्लैश लाइलगाना अनिवार्य है। आधारभूत संरचना व समूचित प्रकाश की व्यवस्था वन प्रमंडल एवं बिजली विभाग संयुक्त रूप से कार्य करेगा। इस कार्य को भी निर्धारित समय में शुरू करने को कहा। हाई-इंटेंसिटी फ्लैश लाइट का कनेक्शन विद्युत, बैट्री एवं सोलर पैनल तीनों व्यवस्था से होगी, इसे सुनिश्चित करने को कहा।

**अग्निशमन को लेकर स्थायी मानवबल की उपलब्धता**

एयरपोर्ट पर अग्निशमन सेवा के लिए स्थायी रूप से प्रशिक्षित मानवबल की उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर विभाग से पत्राचार करने, अन्य जिलों में पदस्थापित प्रशिक्षित मानवबल को बोकारो जिले में ही स्थानांतरण करने की बात कहीं।

**एयरपोर्ट पर एएफटीफ अग्निशमन वाहनों की तैनाती**

अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुरूप, 02 एएफटीफ वाहन बोकारो एयरपोर्ट पर तैनात किया जाना है। इसमें 01 एफटीएफ अग्निशमन वाहन उपलब्ध है। एक की मांग राज्य मुख्यालय से करने की चर्चा हुई। इस दौरान उपायुक्त ने उपलब्ध एफटीएफ अग्निशमन वाहन का नियमित अंतराल पर आपरेशनल रखने का अग्निशमन पदाधिकारी आर के सिंह को निर्देश दिया।

**सिविल सर्जन एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करें**

आपात स्थिति में आवश्यक प्राथमिक चिकित्सा सुविधा हेतु एक स्थायी एम्बुलेंस की व्यवस्था जरूरी है। इसको लेकर बैठक में उपस्थित सिविल सर्जन को राज्य से पत्राचार कर एबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। एयरपोर्ट की परिधि के समीप अवस्थित मीट शॉप को हटाने और वैकल्पिक स्थल पर स्थानांतरित करने को लेकर उपायुक्त ने बीएसएल द्वारा चिन्हित अन्य स्थानों को बीएसएल - अनुमंडल पदाधिकारी चास को संयुक्त रूप से निरीक्षण कर किसी एक स्थान को फाइनल करने को कहा। ताकि हवाई अड्डा परिसर की स्वच्छता एवं सुरक्षा मानकों का अनुपालन सुनिश्चित हो सके। चुनौतियों को देखते हुए बोकारो एयरपोर्ट के सामने स्थित मुख्य सड़क का वैक्लपिक मार्ग तैयार करने को बीएसएल को कंस्लटेंट नियुक्त कर डीपीआर तैयार करने को कहा। उपायुक्त ने सभी उपस्थित अधिकारियों से कहा कि एयरपोर्ट के शीघ्र संचालन को लेकर राज्य सरकार गंभीर है, अतः इसमें कोई भी ढ़िलाई स्वीकार्य नहीं होगी। विभागीय समन्वय और निरंतर अनुश्रवण के माध्यम से तीन माह की समय-सीमा में सभी अवरोधों को दूर कर कार्य पूर्ण करें।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 02-07-2025 21:16 Page 1



# वेयरहाउस के सुपरवाइजर की ट्रक से कुचलकर मौत

## उग्र लोगों ने किया घंटों सड़क जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फतुहा।** राजधानी पटना में सड़क हादसों की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। सड़क सुरक्षा को लेकर वाहन चालकों और आम लोगों की लापरवाही साफ तौर पर सामने आ रही है। पटना जिले के फतुहा थाना क्षेत्र में वेयरहाउस में कार्यरत एक सुपरवाइजर की ट्रक से कुचलकर मौत हो गई। इसके विरोध में आक्रोशित लोगों ने बुधवार को मृतक का शव सड़क पर रखकर बख्तियारपुर नेशनल हाईवे-30 को करीब 6 घंटे तक जाम रखा। इस दौरान लोगों ने सड़क पर आगजनी भी की और जमकर हंगामा किया।

जानकारी के अनुसार, दौलतपुर राणा टोला गांव निवासी स्वर्गीय शिवकुमार सिंह के पुत्र केसरी कुमार फतुहा के एक वेयरहाउस में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत थे। मंगलवार की देर रात वेयरहाउस से बाहर निकलने के दौरान उन्होंने हरियाणा के एक ट्रक को पास देने के लिए इशारा किया था। इसी दौरान ट्रक चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए केसरी कुमार को कुचल दिया और मौके से ट्रक लेकर फरार हो गया। इस हादसे में केसरी कुमार की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। लोगों ने दूसरे ट्रक को आग के हवाले कर दिया, हालांकि पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पा लिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और फरार ट्रक को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी थी।

बुधवार सुबह मृतक के परिजन और गांव के लोग शव के साथ सड़क पर पहुंच गए और राष्ट्रीय राजमार्ग-30 को जाम कर दिया।

# दो अनियंत्रित टेम्पो की टक्कर में एक की मौत

- दो महिलाओं सहित आधा दर्जन लोग घायल
- विधायिका ने घायलों को अपनी गाड़ी से पहुंचाया



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** हाजीपुर जंदाहा रोड राजापाकड़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत झखराहा के निकट दो अनियंत्रित टेम्पो की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। इस घटना में टेम्पो सवार दो महिला समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गए। दोनों टेम्पो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। लोगों को घायल अवस्था में तड़पते देख आसपास के लोग जुट गए।

पटना जा रही राजापाकर विधायिका प्रतिमा दास ने अपनी गाड़ी में घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर आईं।वहीं, सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया।

जहां डॉक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। जबकि सभी घायलों का इलाज किया गया। मृतक नगर थाना क्षेत्र के मेदनी मल पोखरा मोहल्ला निवासी अर्जुन महतो के 18 वर्षीय पुत्र कृष कुमार थे।

वहीं, घायल मेदनीमल पोखरा मोहल्ला निवासी रामबाबू महतो के 20 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार, महनार थाना क्षेत्र अंतर्गत मकनपुर मोहम्मद जफर इमाम के 21 वर्षीय पुत्र तौसीफ राजा, महिसौर निवासी संजय राय की 35 वर्षीय पत्नी मीना देवी और 17 वर्षीय पुत्री सोनी कुमारी शामिल हैं।

वहीं, समस्तीपुर जिले के ताजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बनबीरा निवासी सुरेंद्र राय की 45 वर्षीय पत्नी शांति देवी एवं अविनाश राय का 12 वर्षीय पुत्र प्रियदर्शी राज भी घटना में शामिल है।

घटना की जानकारी नगर थाना की पुलिस को दी कई। सूचना मिलते ही पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कराने की तैयारी में जुट गई है।

हादसे के संबंध में बताया गया राजापाकर थाना क्षेत्र अंतर्गत झखराहा में दो अनियंत्रित टेम्पो टकरा गई।

दोनों टेम्पो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बताया गया कि हाजीपुर की तरफ से डाला बड़ी टेंपो पर ऑक्सीजन लोड करके चालक जंदाहा की तरफ जा रहा था।

# बिहार टॉक सीजन -05 सह अंतरराष्ट्रीय युवा सम्मान समारोह



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

*__पटना।__ इवेंटजिक मीडिया एवं इवेंटजिक मीडिया आउटडोर के द्वारा बिहार टॉक सीजन 05 सह अंतरराष्ट्रीय युवा सम्मान समारोह का आयोजन होटल मौर्या में किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता स्वास्थ्य मंत्री एवं विधि मंत्री मंगल पांडे एवं आईपीएस विकास वैभव, सलाहकार बिहार राज्य विकास परिषद, मौजूद रहे। वही दीप प्रजनन के समय बिहार टॉक के आयोजन चंदन राज ,डॉक्टर कुमार राजेश रंजन, बिहार राज्य बाल आयोग के अध्यक्ष बिहार राज्य बाल आयोग के उपाध्यक्ष बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय झा सहित गई गणमान्य लोग मौजूद रहे।*

*स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आप बिहार बदल रहा है बिहार में काफी तरक्की की है और तरक्की करने वाला है और बिहार के सभी युवा मिलकर बिहार को विकसित बनाने में लगे हुए हैं और सरकार का भी साथ उनको मिल रहा है। वहीं मुख्य अतिथि , आईपीएस विकास वैभव ने कहा कि बिहार की सभ्यता संस्कृति काफी पुरातन है, बिहार पूरे विश्व को रास्ता दिखाने का काम किया है। बिहार की युवा काफी सशक्त और शैक्षणिक होते हैं। बस उनको सही मार्ग दिखाने की जरूरत है। वहीं दूसरी ओर कार्यक्रम के आयोजक चंदन राज ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य है कि एक ऐसा बड़ा मंच तैयार करना जहां पूरे विश्व के चुनिंदा बिहारी को हम लोग उनके अच्छे कामों के लिए सम्मानित करें और एक बड़ा सम्मान बिहार के तरफ से उनके लिए हो। अच्छे कामों को हमेशा प्रोत्साहित करना चाहिए। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में इलेक्शन काम करने के लिए स्मृति रावत ,अभिषेक श्रीवास्तव को टेक्नोलॉजी में ,डॉक्टर संजीव कुमार को बायो फ्यूल कॉर्पोरेशन में शत्रुघ्न चौरसिया को बेस्ट इंटरव्यू इन बिहार का सम्मान मिला।*

*पदमराज भारद्वाज को बेस्ट मुखिया इन बिहार का डॉक्टर अमृता सिन्हा को वेस्ट मेडिकल एडमिनिस्ट्रेटर इन बिहार का, चंदन कुमार को बेस्ट बिजनेसमैन इन बिहार गुलशन सिंह को बेस्ट आईएएस कोचिंग इन पटना, नूपुर और दिवांशु को सीए इन पटना का अवार्ड मिला। आशीष झा को बेस्ट एंटरप्रेन्योर इन पटना का, चंदन कुमार सिंह को बेस्ट लीडर इन सीतामढ़ी का, सचिन कुमार को बेस्ट सीनियर फोटो जर्नलिस्ट इन पटना, जानवी राय को बेस्ट नेशनल स्केट्स प्लेयर इन बिहार वहीं दूसरी और बिहार टॉक स्पीकर के रूप में राहुल राणा राहुल, प्रबंध निदेशक स्कॉलर एबोड स्कूल सिंह,डॉक्टर कुमार राजेश रंजन, निदेशक सत्यदेव सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल,डॉ स्मृति पांडे, जय डेंटल क्लिनिक,विभेष आनंद प्रखंड विकास पदाधिकारी दानापुर, उत्कर्ष किशोर को एंड फाउंड टीम यूके, शशिकेश कुमार तिवारी मोटिवेशनल स्पीकर बिजनेस कोच डॉक्टर राजेश कुमार,सावन पांडे, समाज से भी मुजफ्फरपुर, किसलये किशोर, समाजसेवी,वैशाली डॉ जयकुमार पांडे भाजपा प्रवक्ता सुमित शशांक, कुंतल कृष्णा, जदयू प्रवक्ता अभिषेक झा, राकेश सदियाल, वूड्स फर्नीचर के सीओओ अरविंद ठाकुर और सीईओ विकास कुमार, अनुराग दुबे, ट्रेड नीति सहित बेस्ट फिल्म जर्नलिस्ट प्रेम कुमार को मिला, कई प्रतिष्ठित वक्ताओं ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।*

# गैस सिलेंडर की आग से सुरक्षा से बचाव के लिए किया मॉकड्रिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** बिहार अग्निशमन सेवा द्वारा आयोजित जिला समादेष्टा सह जिला अग्निशमन अधिकारी आग से बचाव के लिए जिले के फारबिसगंज प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय गुरमही में पहुंच कर उपस्थित बच्चों के सामने मॉकड्रिल किया, जिसमें स्कूल के कर्मियों,बच्चों, और रसोई दीदी को आपातकालीन स्थिति में सतर्कता और बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। इस मॉकड्रिल का मुख्य उद्देश्य लोगों को आग लगने की स्थिति में सही तरीके से प्रतिक्रिया करने के लिए प्रशिक्षित करना था।

मॉकड्रिल के दौरान, अग्निशमन कर्मियों ने आग लगने की स्थिति में क्या करना चाहिए, इस बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने स्कूल के कर्मचारियों को आग लगने पर तुरंत उठाए जाने वाले कदमों के बारे में बताया और पुराने भवनों में समय-समय पर फायर ऑडिट कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। बताया गया कि मॉकड्रिल में, स्कूली शिक्षकों, बच्चों, और रसोई दीदी को आग लगने पर घबराने की बजाय, धैर्य रखने और सही तरीके से बचाव के उपाय करने की सलाह दी गई। इसके अलावा, अग्निशमन यंत्रों और आपातकालीन निकासी मार्गों का उपयोग करने के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। आग लगने से पहले और बाद में बरती जाने वाली सावधानियों का पालन करें। यह मॉकड्रिल एक महत्वपूर्ण पहल थी, जिसने लोगों को आग लगने की स्थिति में सुरक्षित रहने और बचाव के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान की और कार्यक्रम में मुख्य रूप से मॉकड्रिल किया गया। अग्नि चालक ने बताया कि रसोई में एक सूती कपड़ा हमेशा भिगो कर रखें ताकि आपात स्थिति में आग लगने पर बुझाया जा सके, खाना बनाते समय एक बाल्टी मग के साथ पानी भरकर अवश्य रखें, रसोई में सिलेंडर को हमेशा सीधा खड़ा कर रखें, रेगुलर का पाइप नियमित रूप से साफ करें और समय पर पाइप बदलें, विषम परिस्थितियों में आग लगने पर 101 या 112 डायल करें, गैस स्लेंडर लेते समय पानी से जांच लें कि बुलबुला दे रहा है कि नहीं, चूल्हे पर उबलते हुए चाय दूध आदि को छोड़ कर रसोई से बाहर ना जाएं, जलते हुए चूल्हे को पहले रेगुलेटर से उसके बाद स्टोव वाल्व से बंद करें आदि कई जानकारियां साझा की गई। इस पूरे कार्यक्रम में मुख्य रूप से मॉकड्रिल में शामिल,प्रधान अग्नि चंदन शर्मा, अग्निक नीरज कुमार,अग्निक विनय कुमार पांडे,अग्निक चालक प्रवेश कुमार सहित स्कूल के एचएम अचल देव यादव , शिक्षकों में विजय कुमार गुप्ता, मिथिलेश कुमार, साजिद आलम, संजू मेम,आर्या कुमारी, सीमा कुमारी, नीलोफर अरकम, डेजी रानी,साजिद आलम,और रसोई दीदी में गूंजा देवी, ज्ञानवती,गोपाल आदि शामिल थे। यह कार्यक्रम अग्नि शामलय अररिया द्वारा मॉकड्रिल कराया गया।

## सहायिका की गला दबाकर हत्या

**बिहारशरीफ।** सरमेरा थाना क्षेत्र के गोवाचक गांव में मंगलवार शाम आंगनबाड़ी सहायिका केवला देवी (55 वर्ष) की बदमाशों ने गला दबाकर हत्या कर दी। शव घर के दरवाजे पर मुंह के बल गिरा हुआ पाया गया। चेहरा काला पड़ा था और बायां हाथ टूटा हुआ था।

मृतका की बेटी चांदनी देवी ने बताया कि सोमवार को आंगनबाड़ी केंद्र पर उसकी मां और सेविका के बीच कहासुनी हुई थी। सेविका के परिजन चाहते थे कि केवला देवी सहायिका पद से हट जाएं ताकि सेविका अपनी बहू को उस पद पर रखवा सके। साथ ही, घर के पास की जमीन को लेकर भी लंबे समय से विवाद चला आ रहा था।

चांदनी ने बताया कि 30 जून को आखिरी बार मां से बात हुई थी। 1 जुलाई को फोन करने पर कोई जवाब नहीं मिला। 2 जुलाई को चचेरे भाई को घर भेजा गया, जहां दरवाजे पर मां मृत अवस्था में पाई गई। परिवार के अनुसार, केवला देवी पिछले 10 वर्षों से गांव में अकेली रह रही थीं। उनके तीन बेटे और तीन बेटियां हैं। सभी की शादी हो गई है और घर से बाहर रहते हैं।

# सड़क हादसे में जवान की मौत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कैमूर।** झारखंड के जमशेदपुर में ड्यूटी जाते समय सड़क हादसे में शहीद हुए सीआरपीएफ जवान का पार्थिव शरीर बुधवार को उनके पैतृक गांव पहुंचा तो मातम का माहौल छा गया। जैसे ही कैमूर जिले के चांद प्रखंड के भेलाडीह गांव में जवान महेश राम का शव पहुंचा, परिजनों के साथ सैकड़ों लोगों की आंखें नम हो गईं।

मृतक महेश राम भेलाडीह गांव निवासी मदन राम के 35 वर्षीय पुत्र थे। उन्होंने 2014 में सीआरपीएफ ज्वाइन किया था और पिछले दो वर्षों से झारखंड के टाटा (जमशेदपुर) में कोबरा बटालियन में कमांडो के रूप में तैनात थे। जानकारी के मुताबिक सोमवार की सुबह वे अपने क्वार्टर से मोटरसाइकिल से ड्यूटी जा रहे थे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

बुधवार को सीआरपीएफ बटालियन के जवान शहीद महेश राम का शव लेकर भेलाडीह गांव पहुंचे। जवान का पार्थिव शरीर देखते ही माता शांति देवी और पिता मदन राम बेसुध होकर रोने लगे। जवान के अंतिम दर्शन के लिए भेलाडीह, दीवाने, पहरैचा सहित आसपास के गांवों से लोगों की भारी भीड़ जुट गई। सीआरपीएफ बटालियन ने शहीद जवान को गार्ड ऑफ ऑनर दिया और शव को परिजनों को सौंपा। इस दौरान स्थानीय प्रशासन और पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे।

# पीट-पीटकर खाद व्यवसायी की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** जिले के कुशेश्वरस्थान थाना क्षेत्र अंतर्गत बहेड़ा गांव में एक खाद-बीज व्यवसायी की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान मदन यादव के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह अपने चचेरे भाई की शादी की तैयारी के सिलसिले में गांव आया हुआ था।

जानकारी के अनुसार, मंगलवार की रात करीब 30 से 40 लोगों का एक समूह मदन यादव के घर पहुंचा और उसे खींचकर घर से करीब 500 मीटर दूर ले गया। वहां लाठी-डंडों से बेरहमी से उसकी पिटाई की गई। गंभीर हालत में परिजनों ने उसे कुशेश्वरस्थान सीएचसी पहुंचाया, जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद डीएमसीएच रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के कमर से एक देसी पिस्टल भी बरामद की है, जिसकी पुष्टि कुशेश्वरस्थान थानाध्यक्ष अंकित चौधरी ने की है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी रामसकल यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

मृतक के भाई ललित यादव ने बताया कि मदन यादव परिवार सहित कुशेश्वरस्थान बाजार में रहता था और खाद-बीज की दुकान चलाता था। उसके दो बेटे और एक बेटी हैं। परिवार के मुताबिक, मदन मंगलवार को अपने गांव शादी की तैयारी के लिए आया था। तभी गांव के ही शिवधारी यादव, भूपी यादव, रामसकल यादव, लालमोहर यादव सहित करीब 40-50 लोगों ने उस पर हमला कर दिया। परिजनों ने गांव के ही सुजीत कुमार पर हत्या की साजिश में शामिल होने का भी आरोप लगाया है।

बताया जा रहा है कि मृतक के पिता लालो यादव और बड़ा भाई हीरा यादव पहले से ही शिक्षक रामाश्रय यादव की हत्या के आरोप में जेल में बंद हैं। गौरतलब है कि जनवरी महीने में एक शिक्षक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जिसमें हीरा यादव का नाम लाइनर के तौर पर सामने आया था। पुलिस उस मामले में पहले ही कई आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।कुशेश्वरस्थान थानाध्यक्ष अंकित चौधरी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# तेज रफ्तार ट्रक ने छात्र को कुचला, जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रोसड़ा।** एसएच 55 पर शहर के आइसीआइसीआइ बैंक के निकट तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने साइकिल सवार एक छात्र को रौंद डाला। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। शहर के वार्ड संख्या 12 महादेव मठ निवासी संतोष पूर्वे का पुत्र साहिल कोचिंग से अपने घर लौट रहा था।

बुधवार की सुबह करीब 8 बजे हुई घटना से आक्रोशित लोगो ने घटना स्थल पर ही सड़क जाम कर यातायात को अवरुद्ध कर दिया। जानकारी के अनुसार साहिल 7वीं कक्षा का छात्र था। प्रतिदिन की भांति शहर के प्रभुठाकुर मोहल्ला स्थित कोचिंग में पढ़ाई कर साइकिल से घर लौट रहा था। बड़ी दुर्गा स्थान चौक से पहले पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली की ठोकर से वह सड़क पर गिरा और उसके उपर ट्राली का चक्का चढ़ गया। घटना स्थल पर ही किशोर की मौत हो गई। हृदय विदारक घटना से आक्रोशित लोगों ने बालक के शव के साथ घटना स्थल के निकट ही मुख्य पथ को जाम कर यातायात अवरुद्ध कर दिया। आंदोलनरत लोग कारवाई तथा मुआवजा के साथ साथ प्रशासन से तेज रफ्तार पर ब्रेक लगाने की मांग कर रहे थे। मौके पर दल बल के साथ पहुंचे थानाध्यक्ष तथा सीओ द्वारा समझाने बुझाने तथा स्थानीय प्रतिनिधि व गणमान्य लोगों के प्रयास से लोगो ने सड़क से जाम हटाया।

## जहर देकर भतीजे की हत्या

**समस्तीपुर।** जिले के उजियारपुर थाना क्षेत्र में रिश्तों को कलंकित करने वाली वारदात सामने आई है। यहां एक चाची ने अपने ही भतीजे को जहर देकर मौत के घाट उतार दिया और वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गई। मृतक की आज ही शादी होनी थी।

घटना उजियारपुर थाना क्षेत्र के बलभद्रपुर वार्ड नंबर-3 की है। जानकारी के मुताबिक मृतक अली हुसैन (18), मोहम्मद इलियास का बड़ा बेटा था। अली हुसैन उजियारपुर बाजार में एक टायर दुकान में काम करता था। कुछ साल पहले वह अपनी चाची हसबुल खातून की बहन की बेटी से प्यार करने लगा था। दोनों परिवारों की सहमति से मंगलवार शाम 5 बजे दोनों का निकाह होना तय था। लेकिन मृतक की चाची हसबुल खातून इस रिश्ते से नाराज चल रही थी। बताया जाता है कि वह अपनी ही बहन की बेटी की शादी परिवार में नहीं करना चाहती थी। इसी नाराजगी में उसने साजिश रचते हुए अली हुसैन को अपने घर बुलाया और गिलास में जहरीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। जहर पीते ही युवक की हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई।

# रेस्टोरेंट में लगी आग, अफरातफरी

## दमकल की आठ गाड़ियां मिलकर पायी आग पर काबू



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जिले के दानापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत खगौल रोड स्थित सगुना मोड़ के समीप अनन्या मोटर्स के सामने जुडिओ मॉल के चौथे तल्ले पर स्थित एक रेस्टोरेंट में मंगलवार को अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया, जिससे रेस्टोरेंट में मौजूद कर्मचारियों और ग्राहकों के बीच अफरा-तफरी और भगदड़ मच गई।

घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जुट गए, जिससे सड़क से लेकर मॉल तक लोगों की भीड़ लगी रही। सूचना पर दमकल विभाग की दानापुर समेत कई जगहों से कुल आठ गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने में जुट गईं। अग्निशामक विभाग के डीएसपी मनोज कुमार भी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और हाइड्रोलिक मशीन की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कराया। घंटों मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने रेस्टोरेंट में लगी आग को पूरी तरह बुझा दिया।

बताया जा रहा है कि आग लगने के बाद पास में मौजूद एसएसबी के जवान भी सबसे पहले मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में मदद की। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। सभी लोग सुरक्षित बाहर निकाल लिए गए हैं। फिलहाल दमकल विभाग की टीम मौके पर रहकर स्थिति पर नजर बनाए हुए है। अग्निशामक डीएसपी मनोज कुमार ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है और फिलहाल किसी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है।

# तेजी से बढ़ रहा गंगा का जलस्तर, दहशत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** देश के कई हिस्सों में बारिश होने से कई जगहों पर जलस्तर तेजी से बढ़ने लगता है, जिससे बाढ़ जैसी स्थिति पैदा होने लगी है।

वहीं, बिहार के बक्सर में गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने लगा है। बक्सर में गंगा नदी का पानी आठ सेमी प्रति घण्टे से भी अधिक रफ्तार से बढ़ रहा है। यहां 10 घंटे में 86 सेमी जलस्तर बढ़ चुकी है। ऐसे में लोग सुरक्षित स्थान का रुख करने लगे हैं, ताकि जलस्तर बढ़ने से किसी भी जान-माल का खतरा होने से बचा सके।

केंद्रीय जल आयोग से मिले आंकड़ों के अनुसार, गुरुवार को बक्सर में 49.88 मीटर जलस्तर रिकॉर्ड किया गया था, जबकि सोमवार को दोपहर 12 बजे 49.80 मीटर दर्ज किया गया। इसके बाद से ही जलस्तर बढ़ने में तेजी आने लगी और मंगलवार की रात 10 बजे 50.38 मीटर जलस्तर दर्ज किया गया।

वहीं, बुधवार की सुबह आठ बजे 51.24 मीटर तथा सुबह नौ बजे 51.34 मीटर दर्ज किया गया है। इस प्रकार सुबह नौ बजे 10 सेमी प्रति घंटे की रफ्तार से जलस्तर में वृद्धि हो रही है। हालांकि, गंगा के ऊपरी जल क्षेत्र प्रयागराज में भी जलस्तर में इतनी तेजी की सूचना नहीं है।

ऐसे में माना जा रहा है कि इस बीच क्षेत्र में लगातार हो रही मानसून की बारिश से धर्मावती, कर्मनाशा, ठोरा जैसी गंगा की सहयोगी नदियों में आए उफान के प्रभाव से गंगा के जलस्तर में भी वृद्धि हो रही है।

बताते चलें कि बक्सर में 59.32 मीटर पर चेतावनी बिंदु तथा 60.32 मीटर पर खतरे का निशान होने से जलस्तर वृद्धि का फिलहाल कोई प्रभाव दिखाई नहीं दे रहा है और स्थिति सामान्य नजर आ रही है।फिलहाल प्रशासन की ओर से कोई अलर्ट नहीं जारी किया गया है। पानी के चेतावनी वाले स्तर तक पहुंचने पर अलर्ट जारी किया जाता है।

# मृत मिला दुर्लभ प्रजाति का काला हिरण

## वन विभाग में मची खलबली
## विभाग ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लाखनडिहरा गांव में सोमवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब एक दुर्लभ प्रजाति का काला हिरण (ब्लैक बक) मुख्य सड़क के किनारे मृत अवस्था में पाया गया। यह दृश्य गांव के उच्च विद्यालय से कुछ मीटर की दूरी पर देखने को मिला।

सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले ग्रामीणों की नजर जब मृत हिरण पर पड़ी तो पूरे गांव में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही सबसे पहले स्थानीय प्रशासन और मीडिया को अवगत कराया गया, जिसके बाद वन विभाग को भी जानकारी दी गई।

मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मृत हिरण के शव को नवानगर स्थित ब्लैक बग रेस्क्यू सेंटर भेज दिया। समाचार प्रेषण तक हिरण का पोस्टमार्टम नहीं हो सका था।

वनरक्षी महिमा राम ने बताया कि प्रथमदृष्टया ऐसा लगता है कि हिरण की मौत किसी वाहन की टक्कर या गंभीर चोट से हुई है। हालांकि, वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि सुबह के समय मृत हिरण को कुछ कुत्ते नोचने लगे थे, लेकिन ग्रामीणों की सतर्कता से कुत्तों को भगा दिया गया, जिससे हिरण का शव ज्यादा क्षतिग्रस्त नहीं हो सका।

इस घटना को लेकर ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि हिरण की मौत विषैले जंतु के काटने या जहरीले पदार्थ के सेवन से भी हो सकती है। उनका कहना है कि क्षेत्र में कुछ किसान फसलों में अत्यधिक मात्रा में कीटनाशकों का प्रयोग करते हैं, जिससे पूर्व में भी जानवरों की मौत हो चुकी है।

यह चिंता का विषय है।

गौरतलब है कि काला हिरण भारत में संरक्षित वन्यजीव की श्रेणी में आता है और इसके शिकार या मृत्यु को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत गंभीर अपराध माना जाता है। ऐसे में वन विभाग पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रहा है ताकि मौत के मुख्य कारणों का पता लगाया जा सके। काले हिरण की इस मौत ने वन्यजीवों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# पुस्तकों के लिए भटक रहे पांचवीं और आठवीं के छात्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** एनसीईआरटी की पांचवीं और आठवीं की पुस्तकें बाजार में नहीं मिल रही हैं। नया सत्र शुरू हुए दो महीने से अधिक का समय गुजर गया, लेकिन बच्चे बगैर किताब के ही पढ़ाई करने को मजबूर हैं। किताबों की उपलब्धता नहीं होने के कारण अभिभावक और बच्चे निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें खरीदने पर मजबूर हैं।

हर रोज करीब दर्जनों अभिभावक और बच्चे शहर की प्रमुख किताब दुकानों का चक्कर लगाकर लौट रहे हैं। उन्हें बताया जा रहा है कि छपाई नहीं होने के कारण अब तक पुस्तकें बाजार में उपलब्ध नहीं हो सकी हैं। दूसरी ओर किताब समय पर उपलब्ध नहीं होने से इसका सीधा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है।

मंगलवार को शहर के दीपक मार्केट स्थित किताब की दुकानों पर काफी संख्या में पुस्तकों की जानकारी प्राप्त करने अभिभावक पहुंचे। उन्होंने दुकानदार से पुस्तकों की उपलब्धता की जानकारी मांगी। बताया गया कि अब तक किताबें छप कर नहीं आई हैं। जब अभिभावकों ने पुस्तकों की उपलब्धता की संभावित तिथि पूछी तो बताया गया कि 15 जुलाई के बाद एनसीइआरट की किताबें उपलब्ध हो सकती हैं।

अभिभावक मनोज कुमार ने बताया कि उनका भतीजा आठवीं कक्षा में पढ़ता है। एनसीइआरटी की पुस्तके नहीं मिल रही हैं। दो महीने से अधिक समय से स्कूल में पढ़ाई शुरू हो गई है लेकिन बिना किताबों के वह कैसे पढ़ेगा। हमें डर है कि इसका असर उसके प्रदर्शन पर पड़ेगा।

एनसीइआरटी की ओर से पाठ्यक्रम में बदलाव किया गया है। इस कारण इन कक्षाओं की पुस्तकें अब तक बाजार में उपलब्ध नहीं हो सकी है। जैसे - जैसे किताबों को प्रकाशन होगा वैसे - वैसे यह बाजार में आएंगी।

CMYK

# नीतीश सरकार में घर बैठे ऑनलाइन बन रहा राशन कार्ड

## लंबी कतारों में लगकर नहीं करें समय बर्बाद, राज्य में राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया हुई आसान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में नीतीश सरकार ने आम लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। पहले की सरकार में जहां जरूरी दस्तावेज बनवाने के लिए घंटों कतार में खड़े रहने की मजबूरी थी वहीं अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में जरूरी दस्तावेज घर बैठे ऑनलाइन ही बनवाए जा रहे हैं। आवासीय, आय, चरित्र और जाति सहित अन्य जरूरी दस्तावेजों के अलावे अब आप घर बैठे ऑनलाइन राशन कार्ड बनवा सकते हैं। यह सुविधा न केवल समय की बचत करेगी बल्कि लोगों को दफ्तरों के चक्कर और लंबी कतारों से भी मुक्ति दिलाएगी। अब योग्य लाभार्थी अब घर बैठे आसानी से अपना राशनकार्ड बनवा सकते हैं। सरकार ने नया राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन की पूरी प्रक्रिया को डिजिटल और पारदर्शी बनाया है। इसके आवेदन के लिए वेबसाइट पर जाना होगा। वहां 'न्यू यूजर साइन अप फॉर मेरी पहचान' पर क्लिक कर रजिस्ट्रेशन करना होगा। यहां परिवार के किसी सदस्य के नाम से फॉर्म भरने के बाद मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के जरिए रजिस्ट्रेशन पूरा होगा। इसके बाद नई आईडी और पासवर्ड से लॉगिन कर आवेदन पत्र भरा जा सकता है। 'वन नेशन वन राशन कार्ड' के तहत राशन कार्ड धारक बिहार में या राज्य के बाहर किसी भी राशन की दुकान से खाद्यान्न प्राप्त कर सकते हैं। अब तक बिहार के 89 लाख से ज्यादा राशन कार्ड धारकों ने वन नेशन वन राशन कार्ड योजना का लाभ उठाया है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत आने वाले सभी पात्र लाभार्थी 'वन नेशन वन राशन कार्ड' के अंदर किसी भी जन वितरण प्रणाली की दुकान से या राज्य के बाहर किसी भी जन वितरण प्रणाली की दुकान से इसका लाभ ले सकते हैं। राशन कार्ड से मिलनेवाली सुविधा के अंतर्गत हर महीने अंत्योदय अन्न योजना से आच्छादित परिवारों को 35 किलोग्राम खाद्यान्न (7 किलो गेहूं और 28 किलो चावल) और पूर्विकताप्राप्त गृहस्थी के प्रत्येक लाभार्थी को 5 किलोग्राम खाद्यान्न (1 किलो गेहूं और 4 किलो चावल) मुफ्त उपलब्ध कराया जा रहा है। इतना ही नहीं अब राशन कार्ड के तहत गेहूं और चावल के अतिरिक्त दाल, नमक और तेल जैसी आवश्यक चीजें भी मिल रही हैं। 'राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013' के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में क्रमशः 85.12 प्रतिशत और 74.53 प्रतिशत जनसंख्या अर्थात कुल 8.71 करोड़ आबादी को कवर करने के लक्ष्य के मुकाबले वर्तमान में पूर्विकताप्राप्त गृहस्थी और अंत्योदय अन्न योजना से आच्छादित परिवारों के कुल 8.35 करोड़ लाभार्थियों को 51,185 जन वितरण प्रणाली की दुकानों के माध्यम से प्रतिमाह मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। ऑनलाइन राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन प्रक्रिया में परिवार के सदस्यों की जानकारी दर्ज कर आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, बैंक पासबुक, निवास प्रमाण पत्र, परिवार का फोटो, आवेदक के हस्ताक्षर का फोटो तथा यदि शर्तें लागू हो तो दिव्यांगता, आय या जाति प्रमाण पत्र की स्वहस्ताक्षरित फोटोकॉपी अपलोड करनी होगी। आवेदन जमा करने के बाद रेफरेंस नंबर मोबाइल पर एसएमएस के जरिए प्राप्त होगा जिससे आवेदन की स्थिति को ट्रैक किया जा सकेगा। ऑनलाइन राशन कार्ड बनवाने की सुविधा आम लोगों के समय और संसाधनों की बचत करेगी।

## बिहार कांग्रेस ने तीन नेताओं को कारण बताओ नोटिस किया जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने आज पार्टी के तीन नेताओं राज कुमार शर्मा (शेखपुरा), कुंदन गुप्ता (लखीसराय) और रामचंद्र पासवान (वैशाली) को पार्टी नीतियों और अनुशासन की गंभीर उल्लंघन के के आरोप में कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह कार्रवाई पार्टी के निर्णयों के खिलाफ सार्वजनिक रूप से बयानबाजी और प्रदर्शन के संबंध में की गई है। कार्यालय द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, 20 जून, 2025 को पार्टी मुख्यालय, सदाकत आश्रम में पार्टी के निर्णयों के विरुद्ध बैनर लगाए गए थे। इस दौरान इन नेताओं द्वारा मीडिया में बयान दिए गए और सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए जिसे स्पष्ट रूप से पार्टी अनुशासन का उल्लंघन माना गया।

## राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान आज करेंगे 'सचित्र रामकथा' का विमोचन

### 105 प्रेरक कहानियों से सजी है बाल-मन की रामायण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रामकथा की सांस्कृतिक परंपरा को बाल मन की सरलता और रंगों की कल्पना से जोड़ने वाली एक अनुपम कृति 'सचित्र रामकथा' का विमोचन 3 जुलाई को बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स में बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान करेंगे। गणेश खेतड़ीवाल की वर्षों की साधना और सृजनशीलता से बनी यह पुस्तक बच्चों को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों से जोड़ने का भावनात्मक प्रयास है। सचित्र रामकथा बच्चों के लिए विशेष रूप से तैयार की गई है। इसमें कुल 105 प्रसंगानुसार कहानियां अत्यंत सरल, सुबोध भाषा में प्रस्तुत की गई हैं। प्रत्येक कहानी को कथ्य के अनुसार आकर्षक, कलात्मक और रंगीन चित्रों से सजाया गया है जिससे बाल पाठकों को कथानक के साथ आत्मीय जुड़ाव हो सकेगा। रामकथा भारतीय संस्कृति और संस्कार का मूल स्रोत मानी जाती है और इस पुस्तक के माध्यम से उस दिव्यता को नई पीढ़ी तक सहज रूप में पहुंचाने का प्रयास किया गया है। पारंपरिक शिल्प और आधुनिक प्रस्तुति शैली के इस सुंदर मेल ने 'सचित्र रामकथा' को न सिर्फ पठनीय, बल्कि संग्रहणीय भी बना दिया है।

## एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 ने किया बीएमडी स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन

### 100 से अधिक लोगों ने कराया हड्डियों का परीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय, शास्त्री नगर, पटना में कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के बेहतर स्वास्थ्य और जागरूकता के लिए आज एक विशेष बीएमडी (बोन मिनरल डेंसिटी) स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया। यह शिविर एनटीपीसी स्वास्थ्य संभाग द्वारा फोर्ड हॉस्पिटल, पटना के सहयोग से प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक आयोजित किया गया जिसमें कर्मचारियों और उनके परिजनों ने हड्डियों की जांच कराकर लाभ उठाया। इस स्क्रीनिंग कैंप का शुभारंभ एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक सुदीप नाग ने महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अनिल कुमार चावला, क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी डॉ. पी. पी. समंता, विभिन्न विभागाध्यक्षों एवं वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में फीता काटकर किया। शुभारंभ अवसर पर अपने वक्तव्य में सुदीप नाग ने कहा एनटीपीसी अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। स्वस्थ शरीर ही खुशहाल जीवन की नींव है। ऐसे शिविरों के माध्यम से हम समय रहते हड्डियों की समस्याओं की पहचान कर सकते हैं और उचित परामर्श देकर कर्मचारियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं। भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम जारी रहेंगे। शिविर में फोर्ड हॉस्पिटल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. मणि आनन्द एवं डायटीशियन मीना सेठ द्वारा उपस्थित लोगों को हड्डियों से संबंधित रोगों की रोकथाम, खानपान एवं जीवनशैली संबंधी परामर्श भी दिया गया। इस अवसर पर सुजाता महिला क्लब की सचिव करुणा चावला, सभी विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारीगण, उनके परिजन तथा कार्यरत एजेंसियों के कर्मचारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। एनटीपीसी द्वारा इस प्रयास से 100 से अधिक कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराकर जरूरी सलाह प्राप्त की जिससे उनकी हड्डियों के स्वास्थ्य की जानकारी मिली और भविष्य में होने वाली समस्याओं की रोकथाम की दिशा में कदम उठाने में मदद मिलेगी।

## बिहार में डोमिसाइल नीति लागू करने की मांग को लेकर छात्रों ने किया प्रदर्शन

### मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने निकले प्रदर्शनकारियों को जेपी गोलंबर पर रोका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में डोमिसाइल (स्थानीय) नीति लागू करने की मांग को लेकर बुधवार को छात्र एक बार फिर राजधानी पटना में सड़कों पर उतर आए। सरकारी नौकरियों में स्थानीय नीति लागू करने की मांग को लेकर पटना कॉलेज से शुरू हुआ छात्रों का प्रदर्शन शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जेपी गोलंबर तक पहुंचा। वे मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने निकले थे। लेकिन प्रशासन हाई अलर्ट पर था और उसने छात्रों को जेपी गोलंबर से आगे नहीं बढ़ने दिया। हजारों छात्रों ने 'वोट दे बिहारी, नौकरी ले बाहरी, अब नहीं चलेगा' जैसे नारे लगाते हुए बिहार सरकार से नौकरियों में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देने की मांग कर रहे थे। छात्र नेता दिलीप कुमार के नेतृत्व में प्रदर्शनकारी मांग कर रहे थे कि सरकारी नौकरियों में 90 फीसदी और प्राथमिक शिक्षा में 100 फीसदी डोमिसाइल नीति लागू हो। उनका कहना है कि बिहार में बेरोजगारी और युवाओं का पलायन बढ़ रहा है क्योंकि स्थानीय लोगों को नौकरियों में प्राथमिकता नहीं मिल रही। वहीं प्रदर्शनकारियों ने पड़ोसी राज्यों जैसे झारखंड और उत्तराखंड का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां डोमिसाइल नीति लागू होने से स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल रहा है। उधर प्रदर्शन को नियंत्रित करने के लिए पटना प्रशासन ने भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया था। जेपी गोलंबर और अन्य प्रमुख मार्गों पर बैरिकेड्स लगाए गए थे, लेकिन छात्रों ने मुख्यमंत्री आवास की ओर मार्च करने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हल्की झड़प भी हुई। प्रदर्शनकारियों ने पोस्टर-बैनर के साथ मार्च निकालते हुए सरकार से यह भी अपील की कि बिहार के संसाधनों और नौकरियों पर पहला अधिकार स्थानीय युवाओं का होना चाहिए। उनका कहना है कि जब तक सरकार इस मुद्दे पर ठोस रुख नहीं अपनाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। आंदोलनकारियों की मांग थी कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खुद सामने आकर डोमिसाइल नीति पर सरकार का रुख स्पष्ट करें। इससे पहले भी पटना में डोमिसाइल नीति को लेकर कई बार छात्र प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन इस बार का आंदोलन बड़े स्तर पर आयोजित किया गया है। इसे 'महान छात्र आंदोलन' का नाम दिया गया था। बताया जा रहा है कि प्रदर्शनकारी छात्र गांधी चौक, मुसल्लहपुर हाट, भिखना पहाड़ी, नया टोला, मछुआ टोली, हथुआ मार्केट होते हुए गांधी मैदान, जेपी गोलंबर, डाक बंगला होते हुए मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने निकले थे। सैकड़ों छात्र अलग-अलग जिले से पटना पहुंचे थे। छात्रों की मांग है कि शिक्षक भर्ती परीक्षा में 100 प्रतिशत डोमिसाइल लागू किया जाए। साथ ही माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक शिक्षकों की भर्ती, दारोगा, सिपाही, लाइब्रेरियन, बीपीएससी और अन्य सभी सरकारी नौकरियों में भी 90 प्रतिशत डोमिसाइल लागू हो।

## दो माह में ही बिहार आर्टिस्ट रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर आए हजारों आवेदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में कलाकारों को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार ने एक अहम पहल करते हुए बिहार आर्टिस्ट रजिस्ट्रेशन पोर्टल की शुरुआत की है। पोर्टल को लॉन्च हुए अभी ढाई महीने ही हुए हैं, लेकिन इतने कम समय में ही यह कलाकारों के बीच अत्यंत लोकप्रिय हो गया है। राज्य भर से अब तक कुल 1368 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं जिनमें से 65 आवेदनों को तकनीकी त्रुटियों के कारण अस्वीकार कर दिया गया है। पंजीकरण के मामले में मधुबनी जिला सबसे आगे है जहां से 225 कलाकारों ने आवेदन किया है। सहरसा जिला 166 आवेदनों के साथ दूसरे स्थान पर है जबकि राजधानी पटना से 41 कलाकारों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। यह पहल राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और कलाकारों को सशक्त मंच उपलब्ध कराने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है। गौरतलब है कि इस पोर्टल की शुरुआत 15 अप्रैल को बिहार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री मोतीलाल प्रसाद ने की थी। पोर्टल के माध्यम से शास्त्रीय, लोक, समकालीन, दृश्य और प्रदर्शन कलाओं से जुड़े कलाकार ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। प्रक्रिया अत्यंत सरल और मोबाइल फ्रेंडली है। पंजीकरण के पश्चात प्रत्येक कलाकार को एक विशिष्ट पहचान संख्या (यूनिक आईडी) प्रदान की जाती है जो भविष्य में सरकारी योजनाओं, पुरस्कारों, प्रशिक्षणों और सांस्कृतिक आयोजनों में भाग लेने के लिए अनिवार्य होगी। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना शुरू की है। इस योजना के तहत 50 वर्ष से अधिक आयु के उन कलाकारों को पेंशन दिया जाएगा जिनकी सालाना आय 1.20 लाख रुपये से कम है। इस योजना का लाभ लेने के लिए कलाकारों का बिहार आर्टिस्ट रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है, साथ ही उन्हें अपनी कला विधा में प्राप्त अनुभव का प्रमाण भी प्रस्तुत करना होगा। यह पहल न केवल कलाकारों को पहचान दिलाने का माध्यम है, बल्कि राज्य की सांस्कृतिक विरासत को भी नई ऊर्जा प्रदान करने वाला कदम है।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम 4 जुलाई को जिलाध्यक्षों के साथ करेंगे बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने चार जुलाई को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में महत्वपूर्ण बैठक आहुत कर रही है जिसमें सभी जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष और कार्यकारी अध्यक्ष शामिल होंगे। यह बैठक 4 जुलाई 2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में आयोजित की जाएगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में पार्टी कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श करने वाली है। प्रदेश कार्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार यह बैठक अत्यंत आवश्यक है और सभी जिलाध्यक्षों व कार्यकारी अध्यक्षों से इसमें अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

## विधानसभा परिसर में बनेगा अत्याधुनिक डिजिटल म्यूजियम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान मंडल परिसर में जल्द ही एक अत्याधुनिक डिजिटल म्यूजियम बनाया जाएगा। यह म्यूजियम 1.74 एकड़ जमीन पर बनाया जाएगा और इसकी अनुमानित लागत 48.76 करोड़ रुपये से अधिक होगी। भवन निर्माण विभाग को इस परियोजना की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने यह जानकारी देते हुए बताया कि ठेकेदार चयन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होगा। यह म्यूजियम बिहार की समृद्ध राजनीतिक और विधायी विरासत को डिजिटल रूप में संरक्षित कर भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने का एक अनूठा प्रयास होगा। म्यूजियम में बिहार विधानसभा के गठन से लेकर अब तक के सभी मुख्यमंत्रियों, विधानसभा अध्यक्षों और विधायकों की जानकारी डिजिटल रूप में प्रदर्शित की जाएगी। इसके अलावा पिछले 100 वर्षों के विधानमंडल के इतिहास और बिहार विधानसभा द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों को भी आधुनिक तकनीक के माध्यम से जीवंत किया जाएगा।

कुमार रवि ने बताया कि यह एक मंजिला भवन होगा जिसमें पांच आकर्षक गैलरियां होंगी। इनमें बिहार की विधायी यात्रा को दर्शाने वाले डिजिटल दस्तावेज और प्रदर्शन होंगे जो आगंतुकों के लिए काफी प्रेरणादायक होंगे। इस म्यूजियम में 356 लोगों की क्षमता वाला एक आधुनिक ऑडिटोरियम और 50 लोगों की क्षमता वाला एक मीडिया गैलरी भी होगा। इसके अतिरिक्त 50 लोगों के लिए एक कांफ्रेंस हॉल भी बनाया जाएगा। यह परियोजना न केवल ऐतिहासिक दस्तावेजों का डिजिटल संग्रह होगा, बल्कि बिहार की राजनीतिक परंपरा को सहेजने और इसे शिक्षात्मक और प्रेरणादायक बनाने का केंद्र भी बनेगा। विधानसभा अध्यक्ष के मार्गदर्शन में इस परियोजना को तेजी से पूरा करने के लिए भवन निर्माण विभाग सक्रिय रूप से काम कर रहा है।

## लायंस क्लब ऑफ पटना नव्या ने डॉक्टर्स डे पर आयुर्वेदाचार्य को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** लायंस क्लब ऑफ पटना नव्या के प्रेसिडेंट निर्भय कुमार ने आज डॉक्टर्स डे के अवसर पर प्रख्यात आयुर्वेदाचार्य समाजसेवी एवं दुबे क्लीनिक के निदेशक डॉ सुनील कुमार दुबे को शॉल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मोमेंटो देकर निर्भय कुमार ने कहा कि डॉ दूबे एक प्रख्यात आयुर्वेद विशेषज्ञ ही नहीं बल्कि समाजसेवी भी है। आयुर्वेद एवं समाजसेवा के क्षेत्र में इनका योगदान सराहनीय है। इस अवसर पर डॉ सुनील दुबे ने विश्व के सभी चिकित्सको को डॉक्टर्स डे की बधाई देते हुए इस सम्मान के लिए लायंस क्लब आफ पटना नव्या के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आज हमें पीड़ित व्यक्तियों की सेवा करने का प्रण लेना चाहिए। एक स्वास्थ्य समाज से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है। अतः समाज के प्रति डाक्टरों की महती भूमिका है। डॉक्टरों को अपनी इस महती जिम्मेदारी के प्रति और अधिक जागरूक एवं सचेत होना होगा। उन्होंने कहा कि रोगी के लिए डॉक्टर भगवान का रूप होता है। डॉ. दुबे ने लायंस क्लब के सामाजिक कार्यों की प्रशंसा करते हुये कहा

## देशी मछली पालन योजना से आत्मनिर्भर बनेंगे मत्स्य किसान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार सरकार द्वारा मत्स्य क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं की शुरूआत, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग अंतर्गत मत्स्य निदेशालय द्वारा की जा रही है। राज्य के मत्स्य कृषकों के लिए देशी मछली पालन का सुनहरा अवसर के तहत मत्स्य प्रजाति का विविधिकरण की योजना शुरू की गई हैं इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य के जलसंपदाओं में मौजूद देशी प्रजाति के संभाव्य 'माइनर कार्प' एवं 'कैट फिश' की विकसित हैचरी तकनीकी से बीज उत्पादन कर समुचित दर पर मत्स्य कृषकों को उपलब्ध कराना तथा इसके पालन को बढ़ावा देना है। इस योजना का उदेश्य माइनर कार्प एवं वायु-श्वासी मछली को बढ़ावा देना, संरक्षण एवं संवर्द्धन के साथ-साथ मत्स्य उत्पादकता तथा किसानों के वार्षिक आय में वृद्धि एवं सुदूर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना है। इस योजनानतर्गत सभी वर्गों के लाभुकों एवं सभी अव्यवों के लिए निर्धारित इकाई लागत का 60 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है तथा शेष राशि लाभार्थी के द्वारा स्वयं अथवा बैंक ऋण से वहन किया जाएगा। मत्स्य प्रजाति का विविधिकरण की योजना के तहत जिन चार श्रेणियों में अनुदान दिया जाता है, उसमें पहली श्रेणी माइनर कार्पा हैचरी का अधिष्ठापन पर इकाई लागत इनपुट सहित रूपये 13.12 लाख प्रति इकाई है। वहीं दूसरी श्रेणी कैटफिश का अधिष्ठापन पर ईकाई लागत इनपुट सहित रूपये 15.37 लाख प्रति ईकाई, तीसरी श्रेणी माइनर कार्प 'पालन मात्स्यिकी' की योजना है, इसमें ईकाई लागत इनपुट सहित रूपये 0.94 हजार प्रति इकाई है तथा चौथी श्रेणी में कैट फिश एवं अन्य मछलियों की 'पालन मात्स्यिकी' की योजना है जिसमें इकाई लागत रूपये 1.35 लाख प्रति इकाई है। यह योजना राज्य के सभी जिलों में क्रियान्वित है। इस योजना हेतु आवेदन की प्रक्रिया ऑनलाइन प्राप्त की जा रही है तथा आवेदक के द्वारा हैचरी अथवा 'पालन मात्स्यिकी' में से किसी एक अवयव का ही आवंटन सब्सिडी हेतु अनुमान्यता होगी साथ ही एक व्यक्ति प्रति परिवार को अधिकतम 01 एकड़ तथा न्यूनतम 0.25 एकड़ जलक्षेत्र की आवश्यकता होगी। सभी इच्छुक लाभार्थी 31 अगस्त तक आवेदन कर सकते है।

## बिहार में खेलों की असीम संभावनाएं, युवाओं को मिलेगा प्रोत्साहन और संसाधन : सुरेन्द्र मेहता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता ने कहा कि 'बिहार की मिट्टी में अपार खेल प्रतिभा है जिसे सिर्फ सही दिशा और संसाधनों की जरूरत है।' वे राजधानी पटना में देश की अग्रणी स्वदेशी खेल परिधान निर्माता कंपनी शिव नरेश स्पोर्ट्स प्रा. लि. के रीजनल वेयरहाउस के उद्घाटन अवसर पर संबोधित कर रहे थे। यह दिल्ली के बाहर कंपनी का पहला वेयरहाउस है जो पूर्वी भारत के खिलाड़ियों और डीलरों के लिए एक नई सुविधा लेकर आया है। मंत्री मेहता ने कहा कि बिहार के युवाओं ने खेल के हर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। आज हमारे खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसे में राज्य सरकार की यह प्राथमिकता है कि उन्हें विश्वस्तरीय संसाधन, प्रशिक्षण और अवसर मिले। उन्होंने शिव नरेश वेयरहाउस की स्थापना को बिहार के खेल उद्यमियों और खिलाड़ियों के लिए 'उत्कृष्ट अवसर' बताया और कहा कि इससे न सिर्फ खेलों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि राज्य में खेल से जुड़ी आर्थिक गतिविधियों को भी बल मिलेगा। मंत्री ने भरोसा जताया कि इससे स्थानीय खेल संसाधनों की उपलब्धता बेहतर होगी और ग्रामीण क्षेत्रों तक खेल संस्कृति को प्रोत्साहन मिलेगा। कार्यक्रम में कंपनी के प्रबंध निदेशक शिव प्रकाश सिंह ने भी कहा कि 'पटना में वेयरहाउस खोलना हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का हिस्सा है।' उन्होंने बताया कि यह केंद्र पूर्वी भारत में स्टॉक की तेज डिलीवरी, स्थानीय कोचिंग संस्थानों को बेहतर सप्लाई और खिलाड़ियों को समय पर किट उपलब्ध कराने में सहायक होगा।

## पंचकल्याणक के दिव्य उत्सव में केवल ज्ञान की ज्योति से आलोकित हुआ तीर्थ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी द्वारा श्री 1008 चन्द्रप्रभु पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का दिव्य आयोजन श्रद्धा, भक्ति और आत्मशुद्धि की पंचधारा बनकर जैन समाज और नगरवासियों के हृदय में अमिट छाप छोड़ गया। कमिटी के मानद सचिव पराग जैन ने बताया कि श्री चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र खाजेकलां की पावन भूमि पर तीन दिवसीय आयोजन के अंतर्गत पंचकल्याणक के पांचों महान क्षणों–गर्भ, जन्म, तप, केवलज्ञान एवं मोक्ष कल्याणक की अद्भुत झांकियां प्रस्तुत हुईं। इस आयोजन का तीसरा दिन बुधवार को आत्मशुद्धि, संयम और मोक्षमार्ग की दिव्य अनुभूतियों से भरा रहा। आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर इस पावन दिवस पर श्रद्धालुओं ने जिनशासन की गौरवगाथा को साक्षात महसूस किया। मौके पर प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के अध्यक्ष मुकेश जैन ने बताया कि दिन की शुरुआत प्रातः 5:30 बजे जिनेंद्र भगवान के अभिषेक, शांतिधारा एवं तप कल्याणक पूजन से हुई। मंत्रोच्चार और विश्वशांति महायज्ञ के जाप से समस्त वातावरण गुंजायमान हो उठा। सुबह 8 बजे महामुनिराज की विधिपूर्वक आहारचर्या सम्पन्न हुई। श्रद्धाभाव से पूज्य मुनिराज को आहार समर्पित करने का सौभाग्य पाकर श्रद्धालु धन्य हुए। इसके बाद सुबह 9:30 बजे ध्यान साधना के अद्वितीय क्षणों में महामुनिराज ने भगवान के केवलज्ञान की दिव्य उपलब्धि के बारे में बताया।

## कैंसर के मरीजों के व्यापक हित में भारतीय रेल ने किया दिशा-निर्देश जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** भारतीय रेल द्वारा टाटा मेमोरियल सेंटर अस्पताल, राष्ट्रीय महत्व के चिकित्सा संस्थानों, सरकारी अस्पतालों और रेलवे द्वारा सूचीबद्ध अस्पतालों में कैंसर रोगी मरीजों के बेहतर इलाज के लिए नए प्रावधान किए गए हैं। सभी कैंसर मामलों में रेफरल/प्रतिपूर्ति आदि के लिए एक रेलवे डॉक्टर को नोडल प्राधिकारी के रूप में नामित किया जाएगा। सेवारत रेलवे कर्मचारी और उनके आश्रित लाभार्थी एवं रेलवे पेंशनभोगी यूएमआईडी कार्ड लाएंगे और लाभार्थी की पात्रता रेफरल यूएमआईडी में इंगित की जाएगी। चल रहे उपचार (जहां पिछला रेफरल दिया गया हो) के संबंध में फॉलोअप उपचार के लिए दोबारा रेफरल की आवश्यकता नहीं होगी। रोगी अपने यूएमआईडी कार्ड द्वारा टाटा मेमोरियल अस्पताल/राष्ट्रीय महत्व के चिकित्सा संस्थानों/सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम के तहत् सूचीबद्ध अस्पतालों रेलवे से सूचीबद्ध चिकित्सा संस्थानों में सीधे इलाज के लिए जा सकते हैं। रेलवे डॉक्टर द्वारा कैंसर रेफरल की वैधता 90 दिनों की अवधि के लिए होगी और रेफरल की 90 दिनों की अवधि के दौरान रोगी दो और विशेषज्ञों से परामर्श कर सकता है यानी कुल तीन विशेषज्ञों द्वारा। यदि प्राथमिक विशेषज्ञ द्वारा सिफारिश की जाती है तो इसे 3 महीने की अवधि के दौरान अधिकतम 6 परामर्श तक की अनुमति दी जा सकती है।

## महिला आरपीएफ कर्मियों की सुविधा को लेकर समस्तीपुर स्टेशन पर आरपीएफ महिलाकर्मियों के लिए खुला महिला बैरक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**हाजीपुर।** रेलवे सुरक्षा बल में विभिन्न पदों पर महिला आरपीएफ कर्मचारी को तैनात किया जाता है। रेल सुरक्षा बल की इन महिला कर्मी का यात्री सुविधा के साथ-साथ यात्रियों की सुरक्षा विशेषकर महिला रेल यात्रियों की सुरक्षा में अहम् योगदान रहता है। कार्य अवधि के पश्चात् उन्हें सुरक्षित और आरामदायक माहौल प्रदान करने के उद्देश्य से पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर स्टेशन पर 'जानकी महिला बैरक' खोला गया है। बैरक के चालू हो जाने से रेल सुरक्षा बल की महिला कर्मियों को सुविधा हो रही है। पूर्णतया वातानुकूलित इस बैरक में 15 बेड (व्यक्तिगत अलमीरा सहित), स्वच्छ पेयजल, मनोरंजन हेतु 55 इंच का टीवी, फ्रीज, सभी सुविधाओं से युक्त मॉड्यूलर किचन, वाशिंग मशीन सहित आमतौर पर रहने के लिए आवश्यक सभी सुविााएं उपलब्ध करायी गयी हैं।

## संपादकीय

# बंदूकों की आवाज में खो गई शांति की पुकार

दुनिया के करीब उनसठ देश किसी न किसी रूप में संघर्षरत हैं। उनमें केवल अपनी ताकत दिखाने की कोशिशें अधिक देखी जा रही हैं। ऐसी स्थितियों को रोकने के मकसद से गठित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद अब जैसे अप्रासंगिक हो गई है। इजराइल और ईरान के बीच युद्ध विराम पर सहमति की खबर निश्चित रूप से अच्छी बात है। युद्ध को किसी भी रूप में उचित नहीं ठहराया जा सकता। इस युद्ध विराम की सूचना पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दी। उनका दावा है कि उन्हीं के समझाने पर दोनों देश जंग की राह छोड़ने पर तैयार हुए हैं। पिछले बारह दिनों से दोनों देश एक-दूसरे पर विनाशकारी हमले कर रहे थे। हालांकि अमेरिका शुरू से कहता रहा कि इस युद्ध को रोका जाना चाहिए। मगर उसका रुख एकतरफा ही था। वह स्पष्ट रूप से इजराइल के साथ खड़ा नजर आ रहा था। इजराइल को उसका समर्थन पिछले रविवार को तब पूरी तरह स्पष्ट हो गया, जब उसके बंकरभेदी विमानों ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर भीषण बम बरसा दिए। उस समय माना जाने लगा कि यह जंग लंबी चलेगी। युद्ध विराम की सूचना ने दुनिया को सुखद आश्चर्य से भर दिया। मगर इसके साथ ही युद्ध विराम के उल्लंघन से एक बार फिर चिंता पैदा हुई है। हालांकि ऐसे कयास लगाए जा रहे थे कि इजराइल अब थक चुका है और ईरान के हमलों को नाकाम करने में विफल हो रहा है, इसलिए वह कदम पीछे खींचना चाहता है। फिर, अमेरिका को भी लग रहा था कि अगर वह इराक की तरह ईरान में भी फंस गया, तो मुश्किलें बढ़ सकती हैं। युद्ध शुरू करना तो आसान होता है, पर उसे समाप्त करना अपने हाथ में नहीं होता। फिर, किसी भी युद्ध के लंबे समय तक चलते रहने का असर न केवल संबंधित देशों की अर्थव्यवस्था पर, बल्कि दुनिया के बहुत सारे देशों पर पड़ता है। ऐसे में, इस युद्ध विराम की घोषणा हर तरह से सराहनीय कही जा सकती है। इस युद्ध में कौन सही था, कौन गलत, इसका विश्लेषण तो बहुत हो चुका, इतिहास में भी होता रहेगा, पर अभी इस बात पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है कि यह विराम स्थायी रूप कैसे ले। विडंबना यह है कि ट्रंप के युद्ध विराम की खबर देने के बाद भी ईरान और इजराइल ने एक-दूसरे के ठिकानों पर बम फेंके और अभी वे एक-दूसरे को संघर्ष विराम के उल्लंघन का दोषी ठहराने में लगे हुए हैं। इससे यही लगता है कि दोनों के भीतर टीस अभी बनी हुई है। इसे भी समाप्त होना चाहिए। अगर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप सचमुच शांति के लिए प्रतिबद्ध हैं, तो ऐसा वातावरण बनाने की जिम्मेदारी उन्हीं पर अधिक है। पिछले कुछ वर्षों से देखा जा रहा है कि युद्ध में नियम-कायदों और सारी नैतिकता को ताक पर रख दिया जा रहा है। इजराइल इतने समय से फिलिस्तीन में जिस तरह बम बरसा रहा है, उसमें निरपराध स्त्रियों, बच्चों तक की चिंता नहीं की गई, अस्पतालों में बीमार और घायलों की परवाह किए बिना बम गिराए गए, वह युद्ध अपराध की ही श्रेणी में आता है। फिर ईरान के विरुद्ध परमाणु हथियार बनाने के सबूत के बगैर उसने हमला कर दिया। परमाणु विकिरण की परवाह किए बिना अमेरिका ने भी ईरान के परमाणु ठिकानों पर बम गिरा दिए। इसी तरह दुनिया के करीब उनसठ देश किसी न किसी रूप में संघर्षरत हैं।

**21 जून को इटावा जिले में बकेवर थाना क्षेत्र के दादरपुर गांव मे कथा कहने गये कथावाचक मुकुट मणि यादव, सहायक आचार्य संत सिंह यादव व ढ़ोलक वादक श्यामवीर सिंह कठेरिया की बर्बरता पूर्वक पिटाई करने के बाद जबरन शिखा काटी गयी व सिर मुंडवाया गया। शिखा काटने के बाद मुख्य यजमान की पत्नी के पैरों पर नाक रगड़कर माफी मंगवाई गयी। ढ़ोलक वादक श्यामवीर सिंह कठेरिया दोनों आंखों से सूर है उसको भी मारा पीटा गया, ढ़ोलक छीन ली गयी और गंजा किया गया उस बेचारे का क्या कसूर था। कहा गया कि पंडितों के गांव में कथा कहने की हिम्मत कैसे की। निर्लज्जता की हद तो तब हो गयी जब एक महिला का मूत्र कथाकार मण्डली में शामिल लोगों के ऊपर छिड़का गया।**

# इटावा कथावाचक विवाद पर राजनीति ठीक नहीं

(बृजनन्दन राजू)

वैसे भी अनुसूचित समाज ने कथा व भागवत का आयोजन करना लगभग बंद ही कर दिया है। ओबीसी समाज से जुड़ी मौर्य व पाल समेत कई जातियां में भी इस प्रकार के आयोजन बहुत कम हो गए हैं। यह सब जातियां बुद्ध की अनुगामी बन रही है।

उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में कथाकार की जाति पूछकर किए गए अमानवीय कृत्य से पूरा देश शर्मसार है। जहां पर 'जाति न पूछिए साधु की पूछ लीजिए ज्ञान' की बात कही जाती हो उस देश में इस प्रकार की घटना हिन्दू समाज के माथे पर कलंक है। विचार के आधार पर यदि आचरण नहीं है तो हमारी तत्व निष्ठा व्यर्थ है। अगर सभी संतानें ईश्वर की हैं तो ऊंच नीचता की भावना नहीं होनी चाहिए।

21 जून को इटावा जिले में बकेवर थाना क्षेत्र के दादरपुर गांव मे कथा कहने गये कथावाचक मुकुट मणि यादव, सहायक आचार्य संत सिंह यादव व ढ़ोलक वादक श्यामवीर सिंह कठेरिया की बर्बरता पूर्वक पिटाई करने के बाद जबरन शिखा काटी गयी व सिर मुंडवाया गया। शिखा काटने के बाद मुख्य यजमान की पत्नी के पैरों पर नाक रगड़कर माफी मंगवाई गयी। ढ़ोलक वादक श्यामवीर सिंह कठेरिया दोनों आंखों से सूर है उसको भी मारा पीटा गया, ढ़ोलक छीन ली गयी और गंजा किया गया उस बेचारे का क्या कसूर था। कहा गया कि पंडितों के गांव में कथा कहने की हिम्मत कैसे की। निर्लज्जता की हद तो तब हो गयी जब एक महिला का मूत्र कथाकार मण्डली में शामिल लोगों के ऊपर छिड़का गया। इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया गया। सोचकर देखों उस समय उन लोगों के दिल पर क्या बीती होगी जो कई सालों से गांव–गांव जाकर लोगों को कथा सुनाकर धर्म का प्रचार कर रहा हो। उसके साथ इस प्रकार की अभद्रता कि मानवता भी सरमा जाय। इस प्रकार का अमानवीय कृत्य तो मुगल आक्रान्ता ही करते थे। शिखा,जनेऊ व तिलक से उन्हें ही चिढ़ होती थी। कथावाचक की शिखा औरंगजेब की ही औलादें काट सकती हैं। हिन्दू धर्म में शिखा रखने का बहुत ही महत्व है। हमारे पूर्वजों ने शिखा तिलक व जनेऊ की रक्षा के लिए अनेकों बलिदान दिए हैं।

इस घटना से यादव व अनुसूचित समाज आक्रोशित है। समाज की भलाई चाहने वाले व्यथित हैं वहीं राजनीतिज्ञ लोगों की भावनाएं उभारकर आग में घी डालने का काम कर रहे हैं। क्योंकि उन्हें बैठे–बैठे समाज को बांटने का मुद्दा मिल गया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीड़ितों के घाव पर मरहम लगाने का काम किया। घटना के दूसरे दिन उन्हें सपा कार्यालय बुलाकर कथाकार की पूरी मण्डली को सम्मानित किया और 21–21 हजार रूपये भेंट किया। 50–50 हजार रूपये और देने की घोषणा की। इस बीच कुछ लोग दोषियों को बचाने की फिराक में जुट गए। महिला से कथावाचक पर छेड़खानी का आरोप लगवाकर भुक्तभोगी के खिलाफ ही मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। यह आरोप किसी के गले नहीं उतर रहा है। अगर उसने छेड़खानी की तो मुंडन करने, मारपीट करने और पेशाब छिड़कने का अधिकार किसने दे दिया। अगर छेड़खान की होती तो उसे बैठाकर उसकी जाति बिरादरी की पड़ताल नहीं की जाती। निश्चित ही यह आरोपियों को बचाने का तरीका है।



इस घटना को यादव बनाम पंडित का रूप दिया जा रहा है जो सरासर गलत है। एक समस्या के पटाक्षेप के लिए दूसरी मनगढ़ंत कहानी गढ़ना कहां तक उचित है। इससे दलित व ब्राहमणों के बीच खाई गहरी हो रही है। हिन्दू समाज में फूट डालने व जातीय संघर्ष को बढ़ावा देने वाला है। इस प्रकार के कृत्य करने वाले पण्डित हो ही नहीं सकते। सोशल मीडिया पर इस कृत्य की निन्दा हो रही है। वहीं कुछ लोग लाठियां लहराते हुए अपना आक्रोश प्रकट कर रहे हैं। प्रदर्शन भी हो रहे हैं। यह एक व्यक्ति या एक जाति का अपमान नहीं बल्कि सनातन का अपमान है। सनातन की सांस्कृतिक एकता पर आघात किया गया है।

वैसे भी अनुसूचित समाज ने कथा व भागवत का आयोजन करना लगभग बंद ही कर दिया है। ओबीसी समाज से जुड़ी मौर्य व पाल समेत कई जातियां में भी इस प्रकार के आयोजन बहुत कम हो गए हैं। यह सब जातियां बुद्ध की अनुगामी बन रही है। ऐसे ही होता रहा तो समाज का एक बड़ा वर्ग हमसे अलग हो जायेगा।

हमारे पूर्वजों ने कठोर साधना व तपस्या कर समरस समाज रचना का निर्माण किया। कैसे हमें रहना है समाज में कैसे आचरण करना है यह परिवार में हमें सीखने को मिलता है।

भीष्म पितामह धर्मराज युधिष्ठिर से कहते हैं कि सबको एक सूत्र में पिरोने वाला धर्म ही है। जो सबको आपस में जोड़ता है वही धर्म है।

सर्वपंथ समादर का भाव हिन्दू चिंतन की विशेषता है। पूजा पद्धति के आधार पर भी भेदभाव नहीं करना चाहिए। धर्म का संरक्षण करने वाले मौन क्यों? ऐसा तो है नहीं कि ब्राह्मण क्षत्रिय व वैश्यों का भगवान पर अधिक अधिकार है और यादव, मौर्या, पाल व चमार पासी का अधिकार कम है।

हिन्दुत्व का अभिमान रखते हैं। राम व कृष्ण के प्रति उनके मन में भी अगाध श्रद्धा है। पिछड़े व अनुसूचित समाज में बड़ी संख्या में संत महापुरुष पैदा हुए हैं जिन्होंने सामाजिक एकता के लिए अपना संपूर्ण जीवन लगाया। बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर ने अगस्त 1927 में अंबा देवी मंदिर अमरावती में प्रवेश सभा को संबोधित करते हुए कहा था कि हिन्दुत्व जितनी स्पृश्यों की संपत्ति है, उतनी ही अस्पृयों की भी। हिन्दुत्व की प्राण प्रतिष्ठा वशिष्ठ जैसे ब्राहामणों ने, कृष्ण जैसे क्षत्रियों ने हर्ष जैसे वैश्यों ने तथा तुकाराम जैसे शूद्रों ने की है।

काशी विद्वत परिषद ने कहा है 'जो शास्त्रों को जानते है, भक्ति भाव, सत्यनिष्ठ, ज्ञानवान और जानकार है उन्हें कथा कहने का अधिकार है। इसमें जाति भेद नही है, क्योंकि जो ज्ञानी है वही, पंडित या ब्राह्मण कहलाने का अधिकारी है। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिहारीलाल शर्मा ने कहा कि कथावाचक कौन होगा, इसके लिए शास्त्रों में जाति के आधार पर भेद नही है। योग्यता है तो कोई भी कर सकता है।

इटावा की घटना के साथ हिन्दू समाज का मान सम्मान और स्वाभिमान जुड़ा है। इस कृत्य से सम्पूर्ण हिन्दू समाज कलंकित हुआ है।

जो समाज देश व धर्म की रक्षा के लिए मुगलों से संघर्ष किया। अस्पृश्यता का दंश झेलते हुए कंगाली व भुखमरी में रहकर अपमान व तिरस्कार सहा। अपना सब कुछ दांव पर लगा कर जुल्म सहना स्वीकार किया लेकिन धर्म नहीं छोड़ा। विषमता व अस्पृश्यता आज भी विद्यमान है। वह समाज आज भी अपमानित हो रहा है। योग्यता प्राप्त युवाओं को भी अवसर नहीं मिल रहे हैं। उनके साथ भेदभाव हो रहा है। हमारे पूर्वजों से कुछ गलतियां हुई थी जिनका परिणाम आज हम भुगत रहे हैं अगर इस समय इस प्रकार की गलती करेंगे तो आने वाली हमारी पीढ़ियां भुगतेंगी।

इस प्रकार का कृत्य घोर निन्दनीय है। कुछ लोग इस प्रकार के कृत्य करने वालों की आलोचना करने के बजाय उनका बचाव कर रहे हैं। इस प्रकार की घटना में राजनीति करना सामाजिक एकता के लिए बाधक है। इस घटना की आड़ में यादव ब्राह्मण के बीच विवाद खड़ाकर समाज में जातीय विद्वेस पैदा करने का प्रयास हो रहा है। हिन्दू समाज में व्याप्त ऊंच नीच की भावना राष्ट्र के लिए नितान्त घातक है। हिन्दू एकता कमजोर हुई तो राष्ट्र कमजोर हो जायेगा। इसलिए समता व समरसता युक्त आचरण ही सभी समस्याओं का समाधान है।

हिन्दुभूमि की हम संतानें बंधु भाव नित अपनायें।

सभी भेद रख दूर स्वयं को केवल हिन्दू कहलायें।।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# हर साल मनाया जाता है वर्ल्ड सोशल मीडिया डे, जानिए इतिहास और महत्व

(अनन्या मिश्रा)

हर साल 30 जून को वर्ल्ड सोशल मीडिया डे मनाया जाता है। सोशल मीडिया दिखाता है कि काल्पनिक और वास्तविकता के बीच समान रेखा होती है। लोग रोजाना कई घंटे सोशल मीडिया पर बिताते हैं। खासकर युवा इसके आदी हो चुके हैं।

वर्तमान समय में सोशल मीडिया हमारी लाइफ का एक जरूरी हिस्सा बन चुका है। लोग रोजाना कई घंटे सोशल मीडिया पर बिताते हैं। खासकर युवा इसके आदी हो चुके हैं। यह संचार, कनेक्टिविटी और सूचना शेयर करने का सबसे आसान तरीका है। वहीं हर साल 30 जून को वर्ल्ड सोशल मीडिया डे मनाया जाता है। सोशल मीडिया दिखाता है कि काल्पनिक और वास्तविकता के बीच समान रेखा होती है। तो आइए जानते हैं इस दिन के इतिहास और महत्व के बारे में।

**इतिहासः** साल 2010 में डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म मैशेबल द्वारा विश्व सोशल मीडिया दिवस की शुरुआत की गई थी। मैशेबल का उद्देश्य मीडिया, संचार और समाज को सभी रूपों में बदलने में सोशल मीडिया को एक वैश्विक उत्सव के रूप में बनाना था। जिसके बाद इस दिन ने काफी लोकप्रियता हासिल की और आज के समय में सोशल मीडिया पर ही दुनिया भर के लोग और संगठन निर्भर हैं। इस दिन को सोशल मीडिया का सही इस्तेमाल करने और उसको बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है।

**महत्वः** यह दिन हमारे जीवन में सोशल मीडिया के महत्व को पहचानने के लिए मनाया जाता है। वर्ल्ड सोशल मीडिया डे कनेक्शन को बढ़ावा देने, सकारात्मक बदलाव को प्रभावित करने और जागरुकता फैलाने के फायदों के बारे में बताता है। यह दुनियाभर के लोगों, व्यवसायों और समुदायों को एक साथ लाता है।

**यह दिन मनाने का कारणः** सोशल मीडिया को पसंद करने का मुख्य कारण यह है कि यह हमें नए लोगों से जोड़ता है। लोग अपनी खुलकर राय शेयर करते हैं और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं। अक्सर सोशल मीडिया के माध्यम से उभरते हुए कलाकारों ने स्टारडम पाया है। सोशल मीडिया लोगों के लिए संभावनाओं की नई दुनिया खोलता है। तो वहीं कई लोग लगातार अपडेट रहने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हैं।

# कागज़ कलम क्यों हैं ज़रूरी

(अक्षय शुक्ला)

आखिरी बार आपने कलम से कब लिखा था शायद याद भी न हो। कंप्यूटर और मोबाइल के इस युग में लिखने की आदत लगभग छूटती जा रही है। कलम का इस्तेमाल दस्तखत करने भर का रह गया है। कुछ दिनों पहले एक मीटिंग में हाथ से नोट्स लिखने की ज़रूरत पड़ी तो ठीक से लिखते ही नहीं बना। हैंडराइटिंग बहुत खराब हो चुकी है। खुद का लिखा पढ़ना भी मुश्किल हो रहा था।हाल ही में एक नेपाली लड़की प्रकृति मल्ला का बहुत ही सुंदर हैंडराइटिंग में लिखा स्कूल असाइनमेंट वायरल हुआ था। सोशल मीडिया पर कई यूज़र्स ने इसे दुनिया की सबसे सुंदर हस्तलिपि बताया तो कुछ ने कहा कि एक-एक अक्षर टाइप किया गया जैसा लग रहा, मानो कागज़ पर मोतियों की माला पिरो दी गई हो। यह आठ साल पुराना असाइनमेंट था, जब प्रकृति आठवीं कक्षा में पढ़ती थीं और इसमें उन्होंने हैंडराइटिंग के महत्व पर लिखा था।इसे देख स्कूल के दिन याद आ गए, जब हमारी लिखावट भी ऐसी ही सुंदर होती थी। कौन कितना सुंदर लिखता है, इसका मुकाबला होता था। टीचर सुलेख के एक्स्ट्रा मार्क्स देती थीं।लेकिन अब तो बहुत से स्कूलों में स्मार्टबोर्ड लग गए हैं और बच्चे टैब पर पढ़ाई कर रहे हैं, जिससे उनके लिखने की आदत बचपन से ही छूट रही है। उनकी उंगलियां की-बोर्ड, टच पैड और टच स्क्रीन पर ज्यादा तेज़ चलती हैं।ताज़ा शोध के मुताबिक की-बोर्ड पर टाइप करने के बजाय हाथ से कॉपी पर लिखने वाले बच्चे बेहतर ढंग से सीख और समझ पाते हैं। स्पेन की बास्क यूनिवर्सिटी की स्टडी में बच्चों के नए अक्षर और शब्द सीखने की क्षमता पर होने वाले असर का आकलन किया गया।अध्ययन में पांच से छह साल के बच्चों को शामिल किया गया, जो इस उम्र में पढ़ना लिखना सीखना शुरू करते हैं। इसमें पाया गया कि लिखते वक्त बच्चा अक्षरों के आकार को बेहतर ढंग से समझ पाता है, जिससे हाथ और दिमाग में समन्वय मज़बूत होता है। वह अक्षरों की बनावट और क्रम को ठीक से याद रख पाता है। जबकि की-बोर्ड पर वह बस उस अक्षर को दबा देता है, उसे लिखने का तरीका नहीं सीख पाता। यही वजह है कि अब कई एक्सपर्ट्स कागज़ और कलम का प्रयोग अधिक करने की वकालत करने लगे हैं।टचस्क्रीन और वॉइस टाइपिंग के इस नए ज़माने में तो लोग की-बोर्ड टाइपिंग भी भूलते जा रहे हैं। खासकर नई पीढ़ी, जिसका पहला वास्ता ही टचस्क्रीन से पड़ रहा है, उसे टाइपिंग आती ही नहीं। जब बोलकर ही काम हो रहा है तो वे टाइप करने से बच रहे हैं।आज के डिजिटल युग में जब सुलेख की कला लगभग खत्म होने के कगार पर है, तब ऐसे कई स्टार्टअप आगे आ रहे हैं, जो हाथ से लिखने को प्रोत्साहित करने के मिशन में लगे हुए हैं। ऐसा ही एक स्टार्टअप हाल में रिएलिटी शो में आया था, जहां इसके फाउंडर्स ने बताया कि कैसे वे स्कूलों में इवेंट और वर्कशॉप के ज़रिए हस्तलेखन को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं।जब शोध भी यह कह रहे कि बच्चों के सीखने समझने की क्षमता प्रभावित हो रही है तो उनके हाथों से कागज़ और कलम कतई नहीं छीनना चाहिए।ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# कठिनतम परिस्थितियों में भी मरीजों को जीवनदान देते हैं चिकित्सक

**समाज के प्रति चिकित्सकों के समर्पण एवं प्रतिबद्धता के लिए कृतज्ञता और आभार व्यक्त करने तथा मेडिकल छात्रों को प्रेरित करने के लिए ही प्रतिवर्ष देश में एक जुलाई को 'राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस' मनाया जाता है। गंभीर से गंभीर बीमारियों से जूझते मरीजों की जान बचाने का हरसंभव प्रयास करने वाले चिकित्सक वाकई सम्मान के सबसे बड़े हकदार भी हैं। चिकित्सक दिवस मनाने का मूल उद्देश्य चिकित्सकों की बहुमूल्य सेवा, भूमिका और महत्व के संबंध में आमजन को जागरूक करना, चिकित्सकों का सम्मान करना और साथ ही चिकित्सकों को भी उनके पेशे के प्रति जागरूक करना है।**

(योगेश कुमार गोयल)

चिकित्सक दिवस की स्थापना भारत में वर्ष 1991 में हुई थी। पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री और जाने-माने चिकित्सक डा. बिधान चंद्र रॉय के सम्मान में चिकित्सकों की उपलब्धियों तथा चिकित्सा क्षेत्र में नए आयाम हासिल करने वाले डॉक्टरों के सम्मान के लिए इसका आयोजन होता है।

समाज के प्रति चिकित्सकों के समर्पण एवं प्रतिबद्धता के लिए कृतज्ञता और आभार व्यक्त करने तथा मेडिकल छात्रों को प्रेरित करने के लिए ही प्रतिवर्ष देश में एक जुलाई को 'राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस' मनाया जाता है। गंभीर से गंभीर बीमारियों से जूझते मरीजों की जान बचाने का हरसंभव प्रयास करने वाले चिकित्सक वाकई सम्मान के सबसे बड़े हकदार भी हैं। चिकित्सक दिवस मनाने का मूल उद्देश्य चिकित्सकों की बहुमूल्य सेवा, भूमिका और महत्व के संबंध में आमजन को जागरूक करना, चिकित्सकों का सम्मान करना और साथ ही चिकित्सकों को भी उनके पेशे के प्रति जागरूक करना है। कोरोना महामारी के भयावह दौर में दुनियाभर में चिकित्सक अपनी जान की परवाह किए बिना करोड़ों लोगों के जीवन की रक्षा करते नजर आए थे। उस विकट दौर में देश में ड्यूटी के दौरान सैंकड़ों चिकित्सकों की मौत हुई थी लेकिन फिर भी चिकित्सक जी-जान से लोगों की जान बचाने में जुटे नजर आए थे। कोरोना की पहली और दूसरी लहर के दौरान तो बहुत से चिकित्सकों और चिकित्सा स्टाफ को अपनी छुट्टियां रद्द कर प्रतिदिन लंबे-लंबे समय तक कार्य करना पड़ा था और ऐसे बहुत से चिकित्साकर्मी महीनों-महीनों तक अपने परिवार और छोटे बच्चों से भी दूर रहे थे। हालांकि कुछ चिकित्सक ऐसे भी देखे जाते हैं, जो अपने इस सम्मानित पेशे के प्रति ईमानदार नहीं होते लेकिन ऐसे चिकित्सकों की भी कमी नहीं, जिनमें अपने पेशे के प्रति समर्पण की कोई कमी नहीं होती। बिना चिकित्सा व्यवस्था और बिना योग्य चिकित्सकों के इंसान की जिंदगी कैसी होती, इसकी कल्पना मात्र से ही रोम-रोम सिहर जाता है। यही कारण है कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में चिकित्सकों का महत्व सदा से रहा है और हमेशा रहेगा।

चिकित्सक दिवस की स्थापना भारत में वर्ष 1991 में हुई थी। पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री और जाने-माने चिकित्सक डा. बिधान चंद्र रॉय के सम्मान में चिकित्सकों की उपलब्धियों तथा चिकित्सा क्षेत्र में नए आयाम हासिल करने



वाले डॉक्टरों के सम्मान के लिए इसका आयोजन होता है। वे एक जाने-माने चिकित्सक, प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और वर्ष 1948 से 1962 में जीवन के अंतिम क्षणों तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने पश्चिम बंगाल में दुर्गापुर, बिधाननगर, अशोकनगर, कल्याणी तथा हबरा नामक पांच शहरों की स्थापना की थी। संभवतः इसीलिए उन्हें पश्चिम बंगाल का महान वास्तुकार भी कहा जाता है। कलकत्ता विश्वविद्यालय से मेडिकल की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने वर्ष 1911 में एमआरसीपी और एफआरसीएस की डिग्री लंदन से ली। उन्होंने एक साथ फिजिशयन और सर्जन की रॉयल कॉलेज की सदस्यता हासिल कर हर किसी को अपनी प्रतिभा से हतप्रभ कर दिया था। वर्ष 1911 में भारत में ही एक चिकित्सक के रूप में उन्होंने अपने चिकित्सा कैरियर की शुरूआत की। वे कलकत्ता मेडिकल कॉलेज में शिक्षक नियुक्त हुए। वर्ष 1922 में वे कलकत्ता मेडिकल जनरल के सम्पादक और बोर्ड के सदस्य बने। 1926 में उन्होंने अपना पहला राजनीतिक भाषण दिया और 1928 में अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के सदस्य भी चुने गए।

डा. बिधान चंद्र रॉय ने 1928 में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के गठन और भारत की मेडिकल काउंसिल (एमसीआई) की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कई बड़े-बड़े पदों पर रहने के बाद भी वे प्रतिदिन गरीब मरीजों का मुफ्त इलाज किया करते थे। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् उन्होंने अपना समस्त जीवन चिकित्सा सेवा को समर्पित कर दिया। बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाओं को आम जनता की पहुंच के भीतर लाने के लिए वे जीवन पर्यन्त प्रयासरत रहे। 4 फरवरी 1961 को उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया। 1967 में दिल्ली में उनके सम्मान में डा. बी.सी. रॉय स्मारक पुस्तकालय की स्थापना हुई और 1976 में उनकी स्मृति में केन्द्र सरकार द्वारा डा. बी.सी. रॉय राष्ट्रीय पुरस्कार की स्थापना की गई। संयोगवश डा. रॉय का जन्म और मृत्यु एक जुलाई को ही हुई थी। उनका जन्म 1 जुलाई 1882 को पटना में हुआ था और मृत्यु 1 जुलाई 1962 को हृदयाघात से कोलकाता में हुई थी।

चिकित्सा एक ऐसा क्षेत्र है, जिसे केवल आजीविका का साधन मानना इसके व्यापक सामाजिक और मानवीय महत्व को छोटा करना होगा। यह महज एक पेशा नहीं बल्कि समाज की सेवा, पीड़ित मानवता की सहायता और जीवन रक्षा का माध्यम है। एक सच्चा चिकित्सक न केवल बीमार व्यक्ति का इलाज करता है बल्कि उसके परिवार की आशाओं को भी संजीवनी देता है। इसीलिए समाज में डॉक्टरों को अत्यंत सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है और बदले में उनसे भी सेवा, समर्पण और ईमानदारी की अपेक्षा की जाती है। हालांकि, निजी अस्पतालों में इलाज के नाम पर लापरवाही, अनावश्यक जांचों और अत्यधिक शुल्क वसूली के आरोप भी सामने आते रहे हैं, जिससे कुछ चिकित्सकों की छवि धूमिल होती है परंतु यह भी सच है कि सभी डॉक्टरों को इस दृष्टि से नहीं देखा जा सकता।

आज भी अधिकांश चिकित्सक अपनी जिम्मेदारियों को निष्ठा और करुणा के साथ निभा रहे हैं। वे कठिनतम परिस्थितियों में भी मरीजों को न केवल जीवनदान देते हैं बल्कि उम्मीद और विश्वास की लौ भी जलाए रखते हैं। कई बार डॉक्टर मौत से जूझ रहे मरीजों को पुनः जीवन देने में सफल होते हैं। इसलिए एक समर्पित और संवेदनशील डॉक्टर न केवल चिकित्सा जगत का रत्न होता है बल्कि वह समाज का भी एक सच्चा प्रहरी होता है। ऐसे डॉक्टर सदैव सम्मान और आभार के सच्चे अधिकारी होते हैं क्योंकि वे निस्वार्थ सेवा के जरिए जीवन को नया आयाम देते हैं। (लेखक 35 वर्षों से साहित्य एवं पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### बेंगाबाद पावर सबस्टेशन पर अनशन में बैठेंगे मुखिया

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेंगाबाद पावर सबस्टेशन पर अनशन में बैठेंगे मुखिया* ओझाडीह जलापूर्ति योजना जो भारत सरकार और राज्य सरकार कि महत्वकांक्षी योजना हर घर तक नल से जल पहुंचाना जो केन्द्र सरकार का संकल्प है जिस निमित्त बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के ताराटांड़ में पावर प्लांट लगाया गया है और उनके दो



जलमिनर ओझाडीह व छोटकी खरगडीहा में जल मिनार लगाए गए हैं जिससे छोटकी खरगडीहा व ओझाडीह व ताराटांड़ के कुल 34 गांवों में हर घर तक नल से जल पहुंचाया जाना था लेकिन दुर्भाग्य है कि पिछले तीन माह से लोवोल्टेज व बिजली कट की समस्या के कारण यह योजना पूरी तरह से फाइल हो गई है और सरकार महत्वाकांक्षी योजना यह देखने भर रह गई है, इसके लिए स्थानीय मुखिया के द्वारा विभाग से कई बार पत्राचार व मौखिक आग्रह किया गया परंतु बिजली विभाग ने अनसुना कर दिया बाध्य होकर त्रस्त तीनों पंचायत की मुखियाओं ने विभागीय पदाधिकारीयों एवं प्रशासनिक पदाधिकारीयों को लिखित रूप से सूचना दिया है कि दिनांक 03/07/2025 को पावर सब स्टेशन बेंगाबाद घुठिया में समय 11:00 बजे से अनशन पर बैठेंगे और किसी तरह का हो हंगामा स्थिति प्रस्थिति के लिए विभाग पूर्ण रूप से जिम्मेवार होगी।

### सनशाइन ओर रोटरी गिरिडीह ने 50 फलों के और 50 छायादार वृक्षों का पौधारोपण किया

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आईडब्लूसी ऑफ गिरिडीह सनशाइन ओर रोटरी गिरिडीह के साथ जॉइंट प्रोजेक्ट किया गया यह प्रोजेक्ट चंदनडीह गांव मे सहाय निवास के पास संपन्न हुआ` आज चंदनडीह के गांव मे प्रकाश सहाय एडवोकेट के घर के पास तालाब को



खुबसूरत बनाने के लिए उसकी साफ-सफाई देख रेख करने के लिए रोटरी गिरिडीह ओर आईडब्लूसी सनशाइन गिरिडीह ने मिलकर एक बीड़ा उठाया है जिसमें आज हम्ने 50 फलो के और 50 छायादार वृक्षों का वृक्षरोपण किया गया उसको हमलोग लोहे की जाली से सुरक्षित रखेंगे ताकी भविष्य म वाहा पे छठ पूजा के लिए घाट बनेगा जिसमें दोनो तरफ से रेलिंग बन जाएगी पोस्टर और होर्डिंग लगेंगे ताकी वो क्षेत्र गांव वालों के लिए एक खुबसूरत जगह बन जाए और लोग उसके पास बैठ कर तालाब का मजा उथा सके` इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रोटरी क्लब के अध्यक्ष पीयूष मुसद्दी सचिव रोहित जैन और इनरव्हील सनशाइन की पीडीसी पुनम सहाय अध्यक्ष कविता राजगढ़िया सचिव स्मृति आनंद और सदस्य रिया अग्रवाल रोटरी गिरिडीह के सदस्य सुमित बगरिया विकाश चौरसिया एवं नवीन चौरसिया डोनो ही क्लब के अन्य सदस्य उपस्तिथ थे।

### बाढ़ के गौरक्षणी स्थित पेट्रोल पंप पर बाढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी लल्लू मुखिया ने लगाया जनता दरबार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को लगभग 11 बजे बाढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी व लोहिया जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्णवीर सिंह यादव ने जनता दरबार लगाया। इस अवसर पर दर्जनों की संख्या में बाढ़ विधानसभा की जनता अपनी समस्याओं को लेकर वहाँ पहुंचे। किसी की आपसी विवाद की समस्या थी तो किसी का जमीनी विवाद। तरह-तरह की समस्याओं को



लेकर और भी लोग पहुँचे। कुछ समस्याओं को छोड़कर बहुत सारे लोगों की समस्याओं का उन्होंने इस अवसर पर निदान कर दिया। बता दें कि अपने पंचायत सहित बाढ़ के कई लोग अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कर्णवीर सिंह यादव उर्फ लल्लू मुखिया के पास पहुंचते हैं। जिसका की त्वरित निदान करते हैं और यही कारण है कि बहुत सारे लोग विश्वास और अपेक्षा से उनके दरबार मे जाते हैं। तस्वीर में आप देख सकते हैं कि किस तरह से लोग उनके पास अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए महिला एवं पुरुष दोनों मौजूद हैं।

### अल्पसंख्यकों से संबंधित मामलों का प्राथमिकता से करें निष्पादन : उपाध्यक्ष

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा) ज्योति सिंह मथारू ने सर्किट हाउस में जिले के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर अल्पसंख्यकों से संबंधित विभिन्न ममलों की समीक्षा की। उपाध्यक्ष ने बीपीएल नामांकन को लेकर उसका अनुपालन सुनिश्चित करने, अल्पसंख्यकों से संबंधित म्यूटेशन के लंबित मामलों का निष्पादन करने, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरुज क्रेडिट कार्ड, साइकिल वितरण, कब्रिस्तान घेराबंदी, उर्दू शिक्षकों की संख्या सहित अन्य बिंदुओं की समीक्षा की। उपाध्यक्ष ने कहा कि बीपीएल कोटा में नामांकन के लिए छात्रों का चयन तो जरूर होता है, लेकिन कुछ विद्यालय द्वारा उनका नामांकन नहीं लिया जाता है। जिस कारण अल्पसंख्यक बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना व गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना का व्यापक प्रचार



प्रसार करने का निर्देश दिया। साथ ही अल्पसंख्यकों से संबंधित मामलों का प्राथमिकता देकर निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक से पूर्व जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा ने उपाध्यक्ष का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इसके पहले उपाध्यक्ष ने सर्किट हाउस में अल्पसंख्यक समुदाय के साथ बैठक कर उनकी समस्या सुनी। इसमें मैथन डीवीसी, जोड़ापोखर, मनईटांड, मटकुरिया, गुरुनानक कॉलेज, खालसा हाई स्कूल, जामाडोबा गुरुद्वारा, झरिया सहित अन्य क्षेत्र से आए लोगों की समस्या सुनी। बैठक में डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, जिला कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद, जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी एल.बी.के. सहदेव, ट्राफिक इंस्पेक्टर लव कुमार, जोरापोखर इंस्पेक्टर राजेश कुमार के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# सावन महोत्सव : सारेगामा गीत प्रतियोगिता आयोजित करेगा कला संगम




**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विभिन्न प्रस्तावों को लेकर कला संगम की बैठक ईश्वर स्मृति भवन में कार्यकारी अध्यक्ष पंकज कुमार ताह की अध्यक्षता में हुई। संचालन सचिव सतीश कुन्दन ने किया। सबसे पहले 30 जून हूल दिवस पर सिद्धू कानू फूलो झानो के संघर्ष को याद कर श्रद्धांजलि दी गई बैठक में कोषाध्यक्ष बिनय बक्शी की ओर से गत वर्ष के आय-व्यय प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। संस्था का पंजीकरण सोसाइटी एक्ट के तहत कराने का निर्णय लिया गया। सचिव को इसके लिए अधिकृत किया गया भावी कार्यक्रमों पर चर्चा करते हुए नाट्य प्रमुख नीतीश आनंद ने कहा कि बच्चों में नाट्य प्रतिभा उभारने के लिए बाल रंगमंच का गठन कला संगम को करना चाहिए, जिसे सर्वसम्मति से पारित करते हुए चार सदस्यीय कमिटी का गठन किया गया। इसमें राजेश सिन्हा, नीतीश आनंद, इंद्रजीत मिश्रा एवं रवीश आनंद को शामिल किया गया। मार्गदर्शन सचिव सतीश कुन्दन करेंगे जुलाई माह में सावन महोत्सव के तहत सुगम संगीत कार्यक्रम अधिवक्ता संघ भवन में रविवार को किया जायेगा। संरक्षक अजय कुमार सिन्हा के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से स्व.नन्द किशोर प्रसाद की स्मृति में सारेगामा गीत प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया गया जिसका ऑडिशन 7 सितम्बर को तथा प्रतियोगिता 13-14 सितंबर को कराने का निर्णय लिया गया संरक्षक राजेन्द्र बगडिया ने कहा संगठन को राष्ट्रव्यापी पहचान बरकरार रखने के लिए नाटक टीम को काला हीरा धनबाद आगरा तथा आजमगढ़ जाने में टीम को हर संभव सहायता दी जायेगी संरक्षक सतविंदर सिंह सलूजा तथा डॉ विकास लाल ने पंकज ताह के उठाए सवाल पर कहा कला संगम एक बड़ी संस्था है। हमारे कार्यक्रम पारदर्शी तरीके से होता है। हम संस्कृति की रक्षा के लिए हर कदम उठाते हैं मौके पर संरक्षक राजेंद्र बगेड़िया अध्यक्ष प्रकाश सहाय, नयनदीप सिन्हा, अनिल चंद्रवंशी को आजीवन सदस्यता के लिए सम्मानित किया गया बाल कलाकार रंगमंच का होगा गठन कला संगम रंगमंच के प्रति जागरुकता पैदा करने के लिए 8 से 17 वर्ष के बच्चों का एक बाल कलाकार रंगमंच का गठन करेगा। स्कूलों के बच्चों को जोड़ा जायेगा। बच्चों को प्रशिक्षित करने के लिए कार्यशाला आयोजित किया जायेगा कार्यशाला का निर्देशन संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार प्राप्त राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के निर्देशक अजय मलकानी होंगे। प्रशिक्षक निर्देशक वशिष्ठ प्रसाद सिन्हा, मो निजाम, शिवलाल सागर तथा दिल्ली से सुनील चौहान होंगे। कार्यशाला में नाटक के अभिनय, निर्देशन, क्राफ्टिंग, लाइटिंग का प्रशिक्षण दिया जायेगा महाभारत पर आधारित कथानक एवं शंकर शेष द्वारा रचित प्रसिद्ध नाटक 'कोमल गांधार' का मुहूर्त किया जायेगा। पंकज ताह ने कहा इस वर्ष कला संगम के अखिल भारतीय नाटक नृत्य प्रतियोगिता के आयोजन का सिलवर जुब्ली जयंती वर्ष है। हमें व्यापक तैयारी करनी है ताकि नाटक और नृत्य जगत में एक इतिहास बन सकें। धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष अंजनी कुमार सिन्हा ने किया। बैठक में अध्यक्ष प्रकाश सहाय, संरक्षक राजेन्द्र बगडिया, सतविंदर सिंह सलूजा, डॉ विकास लाल, अजय कुमार सिन्हा, कार्यकारी अध्यक्ष पंकज ताह, उपाध्यक्ष अंजनी कुमार सिन्हा, सह सचिव शिवेन्द्र कुमार सिन्हा , मदन मंजर्वे, कोषाध्यक्ष बिनय बक्शी, सह संयोजक राजेश सिन्हा, नाट्य प्रमुख नीतीश आनंद, संगीत प्रमुख अरित चंद्रा, मीडिया प्रभारी सुनील मंथन शर्मा, डॉ तारकनाथ देव, नयनदीप सिन्हा, अजय शिवानी, दीवानंद प्रसाद, अनिल चंद्रवंशी, रवीश, शुभम, आकाश, सिद्धांत, संजीव रंजन, अजय गुप्ता, दीपक सिन्हा, कविन्दर भट्टाचार्य, क्रांति साहा, शिलधर प्रसाद देवेंद्र सिंह सलूजा आदि मौजूद थे।

**स्थानीय मीडिया एवं एक्स (क्स) से प्राप्त डुमरी प्रखंड के कसमाकुरहा गांव में डायरिया से संबंधित प्रकरण**

# उपायुक्त रामनिवास यादव ने स्वास्थ्य विभाग को दिए आवश्यक निर्देश

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला उपायुक्त ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, डुमरी को निर्देश दिया कि कुसुमाकुरा गांव में डायरिया फैलने से संबंधित मामले की जांच कर अग्रेत्तर प्रतिवेदन समर्पित करें जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने स्थानीय मीडिया और एक्स (क्स) से प्राप्त डुमरी प्रखंड के कुसुमाकुरा गांव में डायरिया से संबंधित प्रकरण को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया हैं। उपायुक्त ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, डुमरी को सख्त निर्देश दिया है कि कुसुमाकुरा गांव में डायरिया फैलने से संबंधित मामले की जांच कर अग्रेत्तर प्रतिवेदन समर्पित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही डुमरी अनुमंडल अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़




बनाना और आमजनों को सुगमता पूर्वक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ देना माननीय मुख्यमंत्री जी के प्राथमिकताओं में है।विदित हो कि गिरिडीह जिले के डुमरी प्रखंड में कुसुमाकुरा गांव में डायरिया फैलने से करीब 14 लोग संक्रमित पाए गए थे, जिनमें से दो मरीजों का इलाज सदर अस्पताल गिरिडीह तथा शेष 14 लोगों का मरीजों रेफरल अस्पताल डुमरी में किया गया। जिनमें से कई मरीजों का समुचित इलाज कर उन्हें डिस्चार्ज भी कर दिया गया है। साथ ही डुमरी प्रखंड अंतर्गत कुसुमाकुरा गांव में हेल्थ कैंप भी लगाया गया है, जिससे कि अन्य स्थानीय ग्रामीणों के स्वास्थ्य की भी जांच की जा सकें। स्वास्थ्य विभाग पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रही है ताकि आमजनों को सुगमता पूर्वक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिलाया जा सकें।

## लायंस क्लब ऑफ पटना नव्या ने डाक्टर्स डे पर आयुर्वेदाचार्य डॉ. सुनील कुमार दूबे को किया सम्मानित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लायंस क्लब ऑफ पटना नव्या के प्रेसिडेंट निर्भय कुमार ने डाक्टर्स डे के अवसर पर प्रख्यात आयुर्वेदाचार्य समाजसेवी एवं दूबे क्लिनिक के निदेशक डॉ. सुनील कुमार दूबे को शाल, प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानि किया है। इस अवसर पर निर्भय कुमार ने कहा कि डॉ दूबे एक प्रख्यात आर्युवेद विशेषज्ञ ही नहीं, अपितु समाजसेवी भी है। आर्युवेद एवं समाजसेवा के क्षेत्र में इनका योगदान अतुलनीय है। इस अवसर पर डॉ सुनील दूबे ने विश्व के सभी चिकित्सकों को डॉक्टर्स डे की बधायी देते हुए इस सम्मान के लिए लायंस क्लब ऑफ पटना नव्या का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आगे कहा कि आज हमें पीड़ित मानवता की सेवा का प्रण लेना चाहिए।



एक स्वास्थ्य समाज से ही एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है। अतः समाज के प्रति डॉक्टरों की महती जिम्मेदारी के प्रति और अधिक जागरूक एवं सचेत होना होगा। उन्होंने कहा कि रोगी के लिए डॉक्टर भगवान के रूप होता है। डॉ दूबे ने लायंस क्लब के समाजिक कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि लायंस क्लब निःस्वार्थ भाव से समाज की सेवा कर रहा है।

## जिला उपायुक्त ने की डीसी विपत्रों के समायोजन को लेकर बैठक

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डीसी बिलों का समायोजन प्रक्रिया में पारदर्शिता बरतें एवं निर्धारित समय सीमा के अंदर करना सुनिश्चित करें:- जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में डीसी विपत्रों का समायोजन की बैठक की। इस दौरान उपायुक्त द्वारा विभिन्न विभागों के डीसी विपत्रों की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया गया कि जिन विभागों द्वारा एसी बिल की निकासी की गई है, वे सभी विभाग अपने-अपने कार्यालयों के एसी बिल के विरुद्ध डीसी बिल के लंबित मामलों की स्थिति जांच करते हुए यह सुनिश्चित कर लें कि संबंधित कार्यालय का डीसी विपत्र समायोजन लंबित नहीं है। अगर एसी विपत्र की निकासी हुई है और डी.सी विपत्र से समायोजन नहीं किया गया गया है, वैसे कार्यालय डीसी विपत्र का समायोजन कर लें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे यह सुनिश्चित करें कि सभी लंबित मामलों का शीघ्रता से समायोजन हो जाए। उपायुक्त ने कहा कि डीसी बिलों का समायोजन प्रक्रिया में पारदर्शिता बरतें एवं निर्धारित समय सीमा के अंदर करना सुनिश्चित करें। बैठक में निदेशक डीआरडीए, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला कोषागार पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विभाग, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई विभाग, जिला अभियंता, जिला परिषद समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### पुराना बाजार में अपराधियों ने युवक पर हमला कर की लूटपाट

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बैंकमोड़ थाना क्षेत्र के पुराना बाजार रतनजी रोड में अपराधियों ने एक युवक पर हमला कर लूटपाट की. घायल अवस्था में युवक को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है. घटना सोमवार की देर रात लगभग दो बजे की है. मनईटांड़ निवासी अर्जुन सिंह पुराना बाजार होते हुए घर लौट रहे थे. पुराना बाजार रतनजी रोड के समीप पांच से छह की संख्या में अपराधियों ने उन्हें घेर लिया. उनमें से एक ने लोहे की रॉड से उनके सिर में जोरदार वार किया. इसके बाद वह बेहोश हो गये. करीब दो घंटे तक वह बेहोशी की हालत में वहीं पड़े रहे. सुबह लगभग तीन-चार बजे के बीच बारिश शुरू होने पर उन्हें होश आया. इसके बाद पुराना बाजार मार्केट होते हुए वह घायल अवस्था में जीआरपी पहुंचे.

## इनर व्हील क्लब गिरिडीह सनसाईन ने डॉक्टर्स डे सम्मान कार्यक्रम का किया आयोजन

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डॉक्टर्स डे के उपलक्ष में होटल अशोका इंटरनेशनल में इनर व्हील क्लब गिरिडीह सनसाइन द्वारा डॉक्टरस डे सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत आएसो दीप्ति सिन्हा द्वारा इनर व्हील प्रेयर कर एवं क्लब ऑफिस बीयर्स और डॉक्टरस द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया। एक बच्ची द्वारा स्वागत नित्य प्रस्तुत की गई। वहीं इस दौरान प्रेसिडेंट कविता राजगढ़िया द्वारा डॉक्टर को सम्मानित किया गया और क्लब की फाउंडर पीडीसी पूनम सहाय ने वहां मौजूद डॉक्टर, डॉ पी सहाय, डॉ विनय गुप्ता,आर. आर केडिया, डॉ रितेश सिन्हा, डॉ आजाद, आदिति राजगढ़िया के साथ गिरिडीह में मेडिकल सुविधाओं के बदलते आयाम फिर भी मरीज का पलायन इसके विभिन्न पहलुओं पर डॉक्टर के साथ पीडीसी पूनम सहाय ने खुलकर परिचर्चा की और उसके



विभिन्न स्वरूप को उपस्थित सभी मेंबर्स के सामने डॉक्टर ने बहुत खूबसूरती से प्रस्तुत किया और अपने सुझाव दिए। कार्यक्रम का समापन वाइस राखी झुनझुनवाला द्वारा आभार व्यक्त करके और नेशनल एंथम के साथ किया गया। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान परिचर्चा में आए शहर के महत्वपूर्ण डॉक्टरस, सेक्रेटरी स्मृति आनंद, पास्ट प्रेसिडेंट सुमन गौरीसरिया, इमीडिएट पास्ट प्रेसिडेंट सोनाली तरवे, एडिटर संगीता सिन्हा, रिया अग्रवाल, सुनीता बरनवाल, जूली सहाय,सुमन गुप्ता एवं कई मेंबर्स उपस्थित थी.

### साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनता दरबार का उद्देश्य आमजनों की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करना है उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया गया। आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतु आए दर्जनों लोगों से उपायुक्त ने मिलकर उनकी समस्याएं सुनी तथा जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस प्रकार बारी-बारी से लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा।

## पंचायत कमेटी गठन को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक बुधवार को बक्सिडीह रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय में हुई बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने किया। बैठक पार्टी के आगामी कार्यक्रमों और पंचायत कमेटी गठन को लेकर हुई थी। धनंजय सिंह ने उपस्थित पदाधिकारी को बताया कि पूर्व में प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया जिले के सभी प्रखंड में मंडल अध्यक्ष बनाए गए अब पार्टी प्रखंड अध्यक्ष, प्रखंड पर्यवेक्षक, मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में ग्राम पंचायत का गठन किया जाएगा। ये तीन सदस्यों की टीम अपने अपने प्रखंड में हर उस पंचायत में जाकर बैठक करेगी और ग्रामीणों के साथ पार्टी कार्यकताओं के साथ परामर्श करके नहीं पंचायत कमेटी गठन करेगी जिसमें अध्यक्ष सहित 12 सदस्य होंगे। इस 12 कमेटी सदस्य में 50% अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, और पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक समुदाय से होंगे महिलाओं और युवाओं का भी प्रतिनिधितव सुनिश्चित किया जाएगा पंचायत कमेटी गठन करने के बाद उस पंचायत के प्रत्येक मतदान केंद्र से कम से कम एक सदस्य बूथ लेवल का एजेंट होगा। जिला अध्यक्ष ने बताया कि पंचायत कमेटी गठन होने के बाद उस कमिटी के तीन सदस्य अपने पंचायत में घूम कर कांग्रेस पार्टी का झंडा उन सभी सदस्यों के घर में लगाएंगे पंचायत कमेटी गठन होने के उपरांत जिला अध्यक्ष को सूचित करेंगे और फिर जिला अध्यक्ष पंचायत कमेटी की सूची प्रदेश स्तर पर भेजेंगे। बैठक में जिला उपाध्यक्ष महम्मुद अली खान,प्रदेश अल्पसंख्यक सचिव सब्बीर खान, जिला महासचिव चंद्रशेखर सिंह ,राजेश तुरी, मदनलाल विश्वकर्मा, जिला के कार्यकारिणी सदस्य सिकंदर,पंकज सागर ,गुलाम, मोतीलाल पांडे,धनंजय गोस्वामी, मंडल अध्यक्ष एजाज अंसारी,सुजीत मंडल योगेश्वर महथा,सोशल मीडिया के चेयरमेन चांद, सतेन्द्र सिंह, सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## उपायुक्त के निर्देशानुसार निदेशक डीआरडीए ने पीरटांड़ प्रखंड की विभिन्न पंचायतों का निरीक्षण

**अधिकारियों को दिया आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश**

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आमजनों के हित के लिए संचालित इन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर सफल बनाना हमारा मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए सभी अधिकारियों को सक्रिय रूप से प्रयासरत रहने हेतु निर्देश दिया गयाः- श्री रंथू महतों, निदेशक डीआरडीए गिरिडीह जिला अंतर्गत केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं को धरातल पर पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा उचित प्रयास



किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज निदेशक डीआरडीए, श्री रंथू महतों ने पीरटांड़ प्रखंड के विभिन्न पंचायतों यथा गांवा, करंदो और चिलगा पंचायतों का निरीक्षण कर अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में अबुआ आवास, मनरेगा, बिरसा हरित ग्राम, पीएम आवास योजना का सर्वे आदि कार्यों की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान डीआरडीए निदेशक ने सभी संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि अपने कार्यों को गंभीरता पूर्वक करें और पूरी पारदर्शिता के साथ दायित्व निर्वहन करें। किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाय। मौके पर उन्होंने संबंधित पंचायत के पंचायत सचिव को सख्त निर्देश दिया कि अपने कार्यशैली में सुधार लाएं और ग्रामीणों को सुगमता पूर्वक लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बीपीओ/ रोजगार सेवक को बेहतर कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य के अनुरूप आवास योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही मनरेगा के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस सृजित करते हुए ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया तथा मनरेगा के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं को गति के साथ पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। आगे उन्होंने कहा कि आमजनों के हित के लिए संचालित इन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर सफल बनाना हमारा मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए सभी अधिकारियों को सक्रिय रूप से प्रयासरत रहने हेतु निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने निर्वाचन संबंधी नजरी नक्शा, की मैप आदि के विषयों पर चर्चा कर संबंधित सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी और बी.एल.ओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## गरीबों को 3 माह का अग्रिम राशन नहीं मिलना सरकार की विफलता : राजेश यादव

**गिरिडीह /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 9 जुलाई, देशव्यापी आम हड़ताल के समर्थन में जनाधिकारों को लेकर उतरेंगे सड़क पर पूर्व जिप सदस्य एवं फारवर्ड ब्लाक नेता राजेश यादव ने आज बेंगाबाद प्रखंड में तीन माह का अग्रिम राशन पूरा नहीं मिलने को लेकर कुछ कार्ड धारकों से बात की और कहा कि, अग्रिम राशन नहीं मिलना राज्य सरकार की विफलता और गरीबों



के साथ धोखा है उन्होंने कहा कि, जानकारी के अनुसार पूरे बेंगाबाद प्रखंड में जून और जुलाई माह अग्रिम राशन भेज दिया गया, लेकिन कई कार्ड धारकों ने बताया कि उन्हें सिर्फ जून माह का ही राशन मिला है। इसका मतलब जुलाई माह का राशन गबन कर लिया गया है। बाकी एक माह का राशन घोषणा के बावजूद प्रखंड के डीलरों को नहीं भेजा जाना तो अलग बात है आज महुआर पंचायत के दूधिटांड़-कोल्हरिया के स्थानीय गरीबों के साथ इस सवाल पर एक बैठक के दौरान मिली जानकारी के बाद श्री यादव ने उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि, एक तो केंद्र की मोदी सरकार लगातार गरीबों का अधिकार छीनने में लगी है। पहले किसान विरोधी काले कानून लाए जिसे आंदोलन के कारण वापस लेना पड़ा और अब मजदूरों के खिलाफ लेबर 4 कोड लागू किया जाना केंद्र सरकार की किसान-मजदूर विरोधी मानसिकता को ही दशार्ता है। लेकिन झारखंड सरकार से लोगों को बड़ी उम्मीदें थीं जो अब टूट चुकी हैं, क्योंकि इस सरकार का रवैया भी गरीबों के प्रति ठीक नहीं। जब सरकार ने चिट्ठी निकालकर 3 महीने का अग्रिम राशन देने की बात कही तो फिर इसपर पूरा अमल क्यों नहीं हुआ? और जो राशन भेजा गया वह भी पूरा नहीं बंटा ऐसी बातें सामने आ रही हैं। कहा कि, झारखंड में बेहतर मजदूरी के साथ रोजगार पाना आज भी बड़ा सवाल है। लोग रोजगार के लिए पलायन को मजबूर हैं। श्री यादव ने लोगों से आगामी 9 जुलाई को केंद्र सरकार की जन विरोधी मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ आहूत देशव्यापी आम हड़ताल का समर्थन देते हुए अपने अधिकारों एवं प्रमुख सवालों के साथ सड़क पर उतरने की अपील की। मौके पर पार्टी नेता शंभू तुरी सहित स्थानीय झरी कोल, बलराम कोल, झुन्नू कोल, जगदीश कोल, गणेश कोल, मिट्ठू कोल, डलिया देवी, अनीता देवी, सोमरी देवी, बुधनी देवी, चंपा देवी सहित अन्य मौजूद थे।

### खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी किया विभिन्न मिठाई दुकानों का औचक निरीक्षण

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरिया बाजार में अवमानक मिठाईयों की बिक्री को लेकर आमजनों की शिकायत पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, डॉ पवन कुमार ने सरिया बाजार, हाजरीबाग रोड स्टेशन , विवेकानंद चौक और बागोडीह मोड़ के विभिन्न मिठाई दुकानों औचक निरीक्षण किया गया और मिठाईयों की गुणवत्ता की जाँच हेतु नमूना लिया गया। दुकानदरों को अपने दुकान में बनी ताजी मिठाईयों की ही बिक्री करने



का निर्देश दिया गया। बरसात का मौसम होने के कारण खाद्य प्रतिष्ठानों में स्वच्छता और सामानों के रखरखाव पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है जिसके बारे मे खाद्य कारोबारियों को उचित दिशानिर्देश दिया गया। इस क्रम में मिठाई बनाने में उपयोग में लाए जाने वाले खाद्य तेलों की गुणवत्ता की जांच मौके पर की गई और उपयोग में लाए जाने वाले तेलों का नमूना लेकर प्रयोगशाला विश्लेषण के लिए भेजा गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने बताया कि एक ही तेल को बार बार फ्राइ कर उपयोग में नही लाया जाए।

# वैश्विक अर्थव्यवस्था की इंक्रीमेंटल ग्रोथ में भारत की हिस्सेदारी 6.7 प्रतिशत

- अकेले एसबीआई का योगदान 1.1 प्रतिशत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत ने वित्त वर्ष 25 में वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धिशील वृद्धि में लगभग 6.7 प्रतिशत का योगदान दिया और अकेले भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की वृद्धिशील वृद्धि में 1.1 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट में वैश्विक आर्थिक मोर्चे पर भारत के मजबूत प्रदर्शन पर प्रकाश डाला गया है, जिसने वित्त वर्ष 25 के दौरान




वैश्विक जीडीपी में कुल वृद्धि में 297 बिलियन अमरीकी डॉलर जोड़े। इसमें कहा गया है, वैश्विक स्तर पर, भारत ने वित्त वर्ष 25 में वृद्धिशील वैश्विक जीडीपी में लगभग 6.7 प्रतिशत का योगदान दिया।

वित्त वर्ष 25 में विश्व अर्थव्यवस्था में 4,118 बिलियन अमरीकी डॉलर की वृद्धि हुई और इसमें भारत की हिस्सेदारी 297 बिलियन अमरीकी डॉलर थी। इसका मतलब है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में कुल वृद्धि में भारत का योगदान लगभग 7 प्रतिशत था, जो वैश्विक विकास में अग्रणी योगदानकर्ताओं में से एक के रूप में इसके बढ़ते महत्व और ताकत को दर्शाता है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि भारत के योगदान में से, अकेले एसबीआई ने अपनी संपत्ति के आकार के माध्यम से 44 बिलियन अमरीकी डॉलर जोड़े। एसबीआई का यह योगदान वित्त वर्ष 25 में वैश्विक जीडीपी में कुल वृद्धि का लगभग 1.1 प्रतिशत है।

# 112 ग्रामीण जिलों में प्रति व्यक्ति औसत आय 2000 डॉलर के पार

## बढ़ेगी खरीदारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ग्रामीण भारत में आर्थिक प्रगति के मजबूत संकेत दिख रहे हैं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज की रिपोर्ट के अनुसार, 112 ग्रामीण जिलों में प्रति व्यक्ति औसत आय अब 2,000 डॉलर को पार कर गई है। इन इलाकों में 29.1 करोड़ लोग रहते हैं। आय वृद्धि से स्मार्टफोन, वाहन और ब्रांडेड सामान जैसे गैर जरूरी उत्पादों और सेवाओं की मांग में वृद्धि होने की उम्मीद है।



रिपोर्ट के अनुसार, महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश जैसे राज्य अपनी मजबूत अर्थव्यवस्थाओं और विकास योजनाओं के कारण ग्रामीण उत्थान की इस कहानी का नेतृत्व कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश को छोड़कर लगभग हर राज्य में ग्रामीण प्रति व्यक्ति आय 2,000 डॉलर से अधिक है। ग्रामीण उद्योग क्षेत्र का मूल्य 2024-25 में 29 लाख करोड़ था। यह तीन वर्षों में 7.1 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। विनिर्माण क्षेत्र में 5 फीसदी की धीमी वृद्धि रही। निर्माण (8.7 प्रतिशत), यूटिलिटी (6.9 प्रतिशत) और खनन (13.5 प्रतिशत) ने अच्छा प्रदर्शन किया।

**अन्य क्षेत्रों से कम रही कृषि की वृद्धि दर-** ग्रामीण सेवा क्षेत्र में प्रति व्यक्ति औसत आय अब ज्यादातर राज्यों में 3,000 डॉलर के पार है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट

# अमेरिकी फेड सितंबर से पहले ब्याज दरों में कटौती फिर से शुरू नहीं कर सकता

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से सितंबर 2025 से पहले अपने सहजता चक्र (ब्याज दर घटाने के दौर) को फिर से शुरू करने की संभावना नहीं है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही है। यह उम्मीद हाल में जारी जॉब ओपनिंग और लेबर टर्नओवर सर्वे के आधार पर जताई गई है।

सर्वे में मई 2025 के दौरान उम्मीद से अधिक मजबूत जॉब ओपनिंग दिखी है। डेटा से पता चला है कि मई 2025 में अमेरिका में जॉब ओपनिंग बढ़कर 7.76 मिलियन हो गई। यह अप्रैल 2025 में 7.39 मिलियन थी। हालांकि, हेल्थकेयर और बिजनेस सर्विसेज सेक्टर में बड़ी गिरावट के साथ हायरिंग घटकर 5.5 मिलियन रह गई।

रिपोर्ट में बताया गया है कि मिश्रित श्रम बाजार डेटा के अनुसार नौकरी की उपलब्धता मजबूत बनी हुई है, लेकिन वास्तविक हायरिंग गतिविधि धीमी हो रही है। रिपोर्ट में यूएस फेडरल रिजर्व चेयर की टिप्पणियों पर भी प्रकाश डाला गया, जिन्होंने दोहराया कि फेड प्रतीक्षा करें और देखें मोड में रहना जारी रखेगा।

केंद्रीय बैंक ब्याज दरों पर कोई भी निर्णय लेने से पहले



हाल के टैरिफ उपायों के आर्थिक प्रभाव का सावधानीपूर्वक आकलन कर रहा है। इस बीच, अमेरिकी विनिर्माण क्षेत्र में सुधार के कुछ संकेत दिखाई दिए। आईएसएम मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) जून में बढ़कर 49 हो गया, जो मई में 48.5 से छह महीने का उच्चतम स्तर है। सुधार के बावजूद, सूचकांक 50 अंक से नीचे बना हुआ है, जो निरंतर संकुचन को दर्शाता है। आईएसएम मैन्युफैक्चरिंग डेटा के मूल्य सूचकांक घटक में परिलक्षित मुद्रास्फीति जोखिम बना हुआ है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि निवेशकों से अब श्रम बाजार की प्रवृत्ति के बारे में अधिक जानकारी के लिए आगामी अमेरिकी रोजगार रिपोर्ट पर अपना ध्यान केंद्रित करने की उम्मीद है।

रिपोर्ट में यूके के बारे में बताया गया है कि औसत आवास मूल्य वृद्धि मई में 3.5 प्रतिशत से जून में 2.1 प्रतिशत तक धीमी हो गई। यह नरमी कमजोर मांग को इंगित करती है, संभवतः स्टांप ड्यूटी में हाल ही में हुई बढ़ोतरी के कारण। वैश्विक बॉन्ड बाजार के मोर्चे पर, रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका और चीन को छोड़कर अधिकांश क्षेत्रों में पैदावार में गिरावट आई है। सीनेट की ओर से ट्रम्प प्रशासन के खर्च विधेयक को पारित करने के बाद यूएस 10-वर्षीय ट्रेजरी पैदावार में 1 आधार अंक की वृद्धि हुई। भारत में, वैश्विक तेल की कीमतों में गिरावट के बाद 10-वर्षीय सरकारी बॉन्ड पैदावार में 3 आधार अंकों की गिरावट आई। हालांकि, अब यह थोड़ा बढ़कर 6.30 प्रतिशत पर कारोबार कर रहा है, जो वैश्विक बांड बाजारों में हलचल का संकेत है।

# सोने के गिरे भाव, 1000 से अधिक सस्ती हुई चांदी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोने के भाव आज जहां नरम हैं वहीं, चांदी के रेट में बड़ी गिरावट दर्ज की जा रही है। आज 2 जुलाई बुधवार को 24 कैरेट सोना 173 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता होकर 97257 रुपये पर खुला है। यह जीएसटी समेत एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार चला गया है। चांदी के भाव में 1063 रुपये की बड़ी गिरावट है और यह 105900 रुपये प्रति किलो पर आ गई है। जीएसटी के साथ 24 कैरेट सोना जहां 100174 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से बिक रहा है तो चांदी 109077 रुपये किलो बिक रही है।



**बिना जीएसटी सोने के भाव-** आईबीजेए रेट्स के मुताबिक 23 कैरेट गोल्ड भी 172 रुपये टूटकर 96868 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव से खुला। वहीं, 22 कैरेट गोल्ड का औसत हाजिर भाव 159 रुपये गिरकर 89087 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट पर खुला। 18 कैरेट गोल्ड का भाव भी 130 रुपये सस्ता होकर 72943 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है। जबकि, 14 कैरेट गोल्ड की कीमत 102 रुपये कमजोर होकर 56895 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। इसमें जीएसटी और मेकिंग चार्ज नहीं जुड़ा है। सोने-चांदी के हाजिर भाव इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन ने जारी किए हैं। इनमें जीएसटी नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपये का अंतर आ रहा हो। आईबीजेए दिन में दो बार रेट जारी करता है। एक बार दोपहर 12 बजे के करीब दूसरा 5 बजे के आसपास।

**इस साल कितने बढ़े सोने-चांदी के दाम-** सर्राफा बाजारों में इस साल सोना करीब 21517 रुपये और चांदी 19883 रुपये महंगी हो चुकी है। 31 दिसंबर 24 को सोना 76045 रुपये प्रति 10 के रेट से खुला था और चांदी 85680 रुपये प्रति किलो से। इस दिन सोना 75740 रुपये पर बंद हुआ। चांदी भी 86017 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। वहीं, केवल जून में ही सोने के भाव में जहां, 2103 रुपये की उछाल रही वहीं, चांदी ने 9624 रुपये उछली।

# तेजी से उद्यमी बन रहे इन्फ्लुएंसर

## 3375 करोड़ का होगा उद्योग; फिल्मी कलाकारों से ले रहे टक्कर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** लाखों फॉलोअर्स, कहानियों को गढ़ने और लोगों के दिमाग में विश्वास के साथ अपनी छाप छोड़ रहे इन्फ्लुएंसर अब तेजी से उद्यमी बन रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में इन्फ्लुएंसर से संस्थापक बनने की कहानी एक स्वाभाविक विकास है। यह प्रभावशाली मार्केटिंग के अलावा नए मूल्य को भी जन्म दे सकती है। कंसल्टेंसी फर्म अर्न्स्ट एवं यंग (ईवाई) के अनुसार, इस क्षेत्र का मार्केटिंग उद्योग 2026 तक 3,375 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। ट्रेंडिंग ऑडियो, वायरल फिल्टर से शुरुआत करने वाले अब भारत के शीर्ष सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अब फैशन की दुनिया में भी आ रहे हैं। ब्यूटी, फैशन और उससे भी आगे के ब्रांड के मालिक बन रहे हैं। कुशा कपिला, नितिभा कौल, नीतू बिष्ट और सनी चोपड़ा जैसे कंटेंट क्रिएटर उद्यमिता में अपना हाथ आजमा रहे हैं। ये अब कैटरीना कैफ और कृति सनोन जैसी लोकप्रिय बॉलीवुड हस्तियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। इन इन्फ्लुएंसर की रणनीति यह है कि फॉलोअर्स के सूक्ष्म समुदायों को आकर्षित किया जाए, जिनकी संख्या 10 लाख से एक करोड़ तक हो सकती है।

### सबसे बड़ा विज्ञापन चैनल बनने के लिए प्रेरित किया

वैश्विक शोध फर्म इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग हब के अनुसार, इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग ने सोशल मीडिया को दुनिया का सबसे बड़ा विज्ञापन चैनल बनने के लिए प्रेरित किया है। 2024 में 247.3 अरब डॉलर के वार्षिक खर्च के साथ पेड सर्च को पीछे छोड़ दिया है। भारत प्रमुख बाजारों में तीसरे स्थान पर रहा। इन्फ्लुएंसर से उद्यमी बनना क्रिएटर इकनॉमी में एक स्वाभाविक विकास है। जो चीज उन्हें अलग बनाती है, वह है उनके दर्शकों के साथ उनका गहरा, प्रामाणिक संबंध। यह संबंध विश्वास में बदल जाता है, जो आज किसी ब्रांड को लॉन्च करते समय सबसे मूल्यवान है।

# अयोध्या बाईपास का 1200 करोड़ का ठेका इस कंपनी को मिला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सीजल इंडिया को उत्तर प्रदेश में बड़ा प्रोजेक्ट मिला है। अयोध्या बाईपास बनाने की जिम्मेदारी इस इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी को मिली है। एनएचएआईने कंपनी को 35 किमी लंबी बाईपास सड़क बनाने की जिम्मेदारी सौंपी है। इस अच्छी खबर का असर सीगल इंडिया के शेयरों पर भी दिखा। कंपनी के शेयर बीएसई पर मंगलवार को 271.45 पर बंद हुए, जो पिछले भाव से 17.80 यानी 7.02 प्रतिशत की तेजी दर्शाता है। आज भी इस पर निवेशकों का फोकस रहेगा। इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी सीगल इंडिया ने मंगलवार, 1 जुलाई को बताया कि उसकी सहायक कंपनी सीगल नॉर्दर्न अयोध्या बाईपास प्राइवेट लिमिटेड को एनएचएआईसे अयोध्या में एक बड़ा सड़क प्रोजेक्ट मिला है। इस प्रोजेक्ट की कुल लागत 1,199.30 करोड़ रुपये है। कंपनी को उत्तर प्रदेश में 35.40 किलोमीटर लंबा 4/6 लेन वाला उत्तरी अयोध्या बाईपास बनाना होगा।



## कब शुरू होगा प्रोजेक्ट

सीगल इंडिया ने स्टॉक एक्सचेंज को बताया कि एनएचएआई ने 1 जुलाई का लेटर भेजकर 9 जुलाई, 2025 को इस प्रोजेक्ट की आधिकारिक शुरुआत की तारीख घोषित कर दी है। इसका मतलब है कि काम औपचारिक रूप से इसी दिन से शुरू हो जाएगा। यह सीगल का एनएचएआई से मिलने वाला हालिया प्रोजेक्ट नहीं है। पिछले मार्च में भी कंपनी को एनएचएआई ने पंजाब में लुधियाना का साउदर्न बाईपास बनाने का ठेका दिया था। यह 25.24 किमी लंबा 6-लेन ग्रीनफील्ड बाईपास होगा, जो लुधियाना-अजमेर इकॉनामिक कॉरिडोर का हिस्सा है। इसकी अनुमानित लागत 864.97 करोड़ थी, लेकिन ठेके की कीमत 1,063.79 करोड़ है। सीगल ने इसे 923 करोड़ में जीता था और इसे 24 महीने में पूरा करना है।

# वेतन विवाद पर इंडियन ऑयल की बॉटलिंग प्लांट में प्रदर्शन

## विपक्ष का तृणमूल पर सिंडिकेट राज का आरोप

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगाना जिले के बजबज स्थित इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की एलपीजी बॉटलिंग प्लांट में वेतन संबंधी विवाद विरोध में बदल गया है। दरअसल, एलपीजी ट्रांसपोर्टरों और उनके ड्राइवरों के बीच वेतन को लेकर विवाद चल रहा था। विरोध प्रदर्शन मंगलावर की रात को शुरू हुआ। इसके कारण अस्थायी रूप से उत्पादन बाधित हुआ। साथ ही इसे लेकर राजनीतिक घमासान भी शुरू हो गया।

बीजेपी नेता और राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने इस घटना से संबंधित एक्स पर एक पोस्ट किया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह घटना तृणमूल कांग्रेस के शासन में तहत बढ़ती अराजकता और सिंडिकेट राज को दर्शाती है। इसके अलावा उन्होंने दो वीडियो भी साझा किए, जिनमें प्रदर्शनकारियों को सिलेंडरों से एलपीजी छोड़ते हुए दिखाया गया, जिससे क्षेत्र में दहशत फैल गई।

**अधिकारी ने विरोध प्रदर्शन का वीडियो किया शेयर -** अधिकारी ने वीडियो साझा करते हुए दावा किया कि कल का विरोध प्रदर्शन, जिसमें गुस्साए श्रमिकों ने सिलेंडरों से गैस सड़कों पर छोड़ी थी, भयावह हो सकता था। अगर एक चिंगारी भी लग जाती तो बजबज



बॉचलिंग प्लांट के नजदीक बीबीआईटी कॉलेज, जगन्नाथ गुप्ता मेडिकल कॉलेज और आसपास के इलाकों में भारी तबाही हो सकती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के आपसी गुट लोडिंग और अनलोडिंग के ठेकों को लेकर आपस में भिड़ रहे हैं, जिससे कामगारों की जान खतरे में पड़ रही है।

## कांग्रेस ने अधिकारी पर किया पलटवार

अधिकारी के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता देबांग्शु भट्टाचार्य ने कहा कि यह एक औद्योगिक विवाद था और पुलिस ने समय पर कार्रवाई की। सुवेंदु अधिकारी को अपने अतीत में झांकना चाहिए। वह खुद भी सिंडिकेट चलाते थे और अब भी चलाते हैं।

**कंपनी का इस विवाद से कोई सीधा लेना-देना नहीं है-** इंडियन ऑयल के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यह विवाद वेतन को लेकर ट्रांसपोर्टर्स और उनके ड्राइवरों के बीच था। कंपनी का इससे कोई सीधा लेना-देना नहीं है। उन्होंने बताया कि अशांति के कारण शनिवार से ही उत्पादन और डिस्पैच पर असर पड़ा था। हालांकि वैकल्पिक स्रोतों से सिलेंडर आपूर्ति जारी रखी गई। अब बजबज प्लांट में उत्पादन दोबारा शुरू हो गया है। बजबज सुविधा आमतौर पर प्रतिदिन करीब 45,000 से 50,000 सिलेंडर भरती है। यह कोलकाता की एलपीजी मांग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा पूरा करती है।

## कैब कंपनियों के लिए सरकार के नए नियम

# पीक ऑवर में ले सकेंगी डबल किराया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने ओला, उबर, इनड्राइव और रैपिडो जैसी कैब कंपनियों को पीक ऑवर के वक्त किराया बढ़ाने की छूट बढ़ा दी है। पहले ये कंपनियां बेस किराए से सिर्फ डेढ़ गुना तक ही किराया बढ़ा सकती थीं। अब सरकार ने नए नियमों में उन्हें बेस किराए से दोगुना तक किराया बढ़ाने की इजाजत दे दी है। हालांकि, कम भीड़ वाले समय में किराया बेस किराए के आधे (50 प्रतिशत) से कम नहीं होगा।

**राज्यों को तीन महीने का समय-** केंद्र सरकार ने सभी राज्यों से कहा है कि वे इन नए नियमों को अगले तीन महीनों के भीतर लागू कर दें। सरकार चाहती है कि पीक ऑवर के समय यात्रियों पर ज्यादा बोझ न पड़े। साथ ही, ये भी सुनिश्चित करना है कि कंपनियां बहुत ज्यादा छूट देकर एक-दूसरे के साथ गलत प्रतिस्पर्धा न करें।

**कैंसिल करने पर जुर्माने का नया नियम-** ड्राइवर कैंसिल करे तो- अगर ड्राइवर ऐप पर राइड स्वीकार करने के बाद बिना कोई




ठोस कारण बताए यात्रा कैंसिल कर देता है, तो उस पर किराए का 10 प्रतिशत या अधिकतम 100 रुपये (जो भी कम हो) का जुर्माना लगेगा। यह जुर्माना ड्राइवर और कंपनी (एग्रीगेटर) के बीच बांटा जाएगा। यात्री कैंसिल करे तो- अगर यात्री बुकिंग रद्द करता है, तो उससे भी ऐसा ही जुर्माना लिया जाएगा।

**ड्राइवरों के लिए बीमा अनिवार्य-** अब कैब कंपनियों को ये सुनिश्चित करना होगा कि उनके सभी ड्राइवरों के पास कम से कम 5 लाख रुपये का हेल्थ इंश्योरेंस और कम से कम 10 लाख रुपये का टर्म इंश्योरेंस हो।

**बेस किराया कौन तय करेगा-** अब ऑटो-रिक्शा और बाइक टैक्सी भी इन नियमों के दायरे में आ गए हैं। राज्य सरकारें अलग-अलग तरह की गाड़ियों (टैक्सी, ऑटो, बाइक टैक्सी) के लिए बेस किराया तय करेंगी। उदाहरण के लिए, दिल्ली और मुंबई में टैक्सी का बेस किराया लगभग 20-21 रुपये प्रति किमी है, जबकि पुणे में यह 18 रुपये प्रति किमी है। अगर किसी राज्य ने बेस किराया तय नहीं किया है, तो कंपनियों को खुद बेस किराया तय करके राज्य सरकार को बताना होगा।

**खाली चलने का किराया नहीं-** अच्छी खबर यह है कि यात्रियों से अब खाली चलने का किराया नहीं लिया जाएगा। खाली चलने का मतलब वह दूरी, जो ड्राइवर यात्री को लेने आने में तय करता है। सिर्फ एक हालत में लिया जाएगा- अगर यात्री को लेने आने की दूरी 3 किलोमीटर से कम हो। इसके अलावा,

# इधर ट्रंप ने दी धमकी उधर मस्क को 12 अरब डॉलर से अधिक का लगा झटका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क के बीच बीच तकरार बढ़ती जा रही है। 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' पर शुरू हुए विवाद में दोनों एक-दूसरे को धमकियां दे रहे हैं। ट्रंप ने एलन मस्क की कंपनियों की सब्सिडी में कटौती की धमकी दी। उन्होंने कहा कि ऐसा हुआ तो मस्क को अपनी दुकान बंद करनी पड़ेगी और सबकुछ छोड़कर दक्षिण अफ्रीका वापस जाना पड़ जाएगा। इस पर मस्क ने कहा, 'सब कुछ बंद कर दीजिए, मैं तैयार हूं।'



**12.1 अरब डॉलर का झटका-** इस बीच अमेरिकी शेयर मार्केट में एलन मस्क की कंपनी टेस्ला के शेयर 5 फीसद से अधिक टूट गए। इससे मस्क को मंगलवार को 12.1 अरब डॉलर का झटका लगा। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक एक ही दिन में एलन मस्क का नेटवर्थ 12.1 अरब डॉलर घटकर 351 अरब डॉलर रह गया।

**एलन मस्क को सबसे ज्यादा सब्सिडी-** डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर कहा, 'एलन मस्क को शायद इतिहास में किसी भी इंसान से ज्यादा सब्सिडी मिलती है। बिना सब्सिडी के उनको अपनी दुकान बंद करके दक्षिण अफ्रीका जाना होगा। सब्सिडी रुकी तो फिर रॉकेट लॉन्च, सैटेलाइट या इलेक्ट्रिक कार उत्पादन नहीं हो सकेगा। इतना ही नहीं ट्रंप ने सरकारी कार्यदक्षता विभाग (डीओजीई) के कामकाज की जांच की बात भी कह दी है।

**मस्क बोले- सब्सिडी पर निर्भर नहीं-** बता दें ट्रंप ने एलन मस्क की कंपनियों की सब्सिडी में कटौती की धमकी दी। उन्होंने कहा कि ऐसा हुआ तो मस्क को बिजनेस छोड़कर दक्षिण अफ्रीका वापस जाना पड़ जाएगा। इस पर मस्क ने कहा, 'सब कुछ बंद कर दीजिए, मैं तैयार हूं।' ट्रंप ने कहा कि टेस्ला और स्पेसएक्स जैसी कंपनियों को मिल रही सब्सिडी खत्म कर दी जाएगी। इस पर मस्क ने एक्स पर पलटवार करते हुए कहा, अभी सब कुछ बंद कर दीजिए। वे किसी सब्सिडी पर निर्भर नहीं हैं।

# टीपीसी जोनल कमांडर की गोली मारकर हत्या



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**केरेडारी हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात सनसनीखेज वारदात सामने आई है। केरेडारी-बुंडू रोड पर स्थित गेरुआ नदी के समीप एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीपीसी (त्रितीय प्रस्तुति कमिटी) के जोनल कमांडर अनीश अंसारी के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अनीश को सीने में गोली मारी गई थी। बुधवार सुबह स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे उसका शव देखा, जिसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

घटना की जानकारी मिलते ही केरेडारी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि संगठन में हुए आपसी विवाद के कारण अनीश की हत्या की गई है। हालांकि, पुलिस हर संभावित एंगल से जांच कर रही है और अपराधियों की तलाश तेज कर दी गई है।

इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस अधीक्षक और वरिष्ठ अधिकारी भी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

# हाथियों ने दर्जन भर किसानों के खेतों को रौंदा

## भारी नुकसान, लोगों में दहशत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़कागांव हजारीबाग।** बड़कागांव प्रखंड में हाथियों का उत्पात निरंतर बढ़ता जा रहा है। बुधवार की सुबह 27 की संख्या हाथियों की झुंड ने गंगा दोहर और हरली में जमकर तबाही मचाई है। गंगादोहर गांव में लगभग 50 एवं हरली गांव के 35 किसानों के खेतों में लगी फसलों को खा गया एवं बुरी तरह से रौंद दिया।

हाथी बुधवार गंगादोहर के बडीसिमर बागी में शाम 7:00 तक डेरा जमाए हुए था।हालांकि हाथियों को भगाने के लिए वन विभाग के द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है । परंतु हाथी के दो बच्चों ने हाथीओं के आगे बढ़ने की गति को बिल्कुल रोक कर रखा है। कारण यह है कि 5 -6 रोज पूर्व हथनीयों ने दो नवजात हाथी के बच्चे जन्म दिया है। थोड़ी ही दूरी तय करने के बाद हाथी के बच्चे तुरंत थक जा रहे हैं, जिसके कारण हाथी का झुंड आगे बढ़ नहीं पा रहा है। दोनों नवजात हाथी के बच्चों को हाथियों ने चारों तरफ से घेरे रहते हैं ताकि बच्चे को किसी प्रकार कोई नुकसान नहीं हो। पूरे प्रखंड में हाथियों का आतंक बड़का गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है। हाथी के बच्चे को देखने के लिए ग्रामीणों ने जान जोखिम में डालकर हाथी के करीब पहुंच जा रहे हैं। जबकि वन विभाग के द्वारा ग्रामीणों को हाथी के करीब जाने एवं



उन्हें छेड़ने की मनाही की गई है। हाथियों के द्वारा बुधवार को 85 किसानों के खेतों को बुरी तरह से रौंद दिया गया । जिसमें गंगादोहर गांव के किसान देवनारायण महतो, दशरथ महतो, आनन्द कुमार, टुकेशवर महतो, भादो महतो , गोपाल महतो, बालमुकुंद प्रसाद ,भुनेश्वर नारायण महतो , जितेन्द्र प्रसाद , संतोष महतो , प्रेम महतो ,मोहित महतो, संजय महतो ,मिथलेश महतो ,दसरथ प्रसाद, सेवक महतो ,रंजीत कुमार , पंचम महतो ,नन्दलाल महतो, राजुकुमार मेहता ,अजीत कुमार आदि वही हरली गांव के त्रिवेणी महतो, सहेश्वर महतो ,गणेश महतो ,कार्तिक महतो, नरेश महतो ,तुलसी महतो, शंकर महतो रूदन महतो ,खिरोधर महतो ,रविंद्र महतो ,नथू महतो,गुरदयाल महतो, विनोद महतो, प्रसाद महतो, लीलू महतो ,दुलेश्वर महतो, कुंज बिहारी महतो,के अलावा अन्य किसानों के खेतों को हाथियों ने भारी नुकसान पहुंचाया है।

# परीक्षा परिणाम से खिले छात्रों के चेहरे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने पॉलिटेक्निक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा का परिणाम बुधवार को जारी कर दिया। इस प्रवेश परीक्षा में ज्योति शुक्ला पूरे राज्य में पहले स्थान पर रही हैं। दूसरे स्थान पर अब्दुल सकलैन मुस्तफा तथा तीसरे स्थान पर अंकित राज आदित्य रहे हैं।

तीनों को 150 अंकों में क्रमशः 141.25, 138.25 तथा 137.50 अंक मिले हैं। 18 मई को हुई इस परीक्षा में निगेटिव मार्किंग की व्यवस्था थी।

पर्षद ने इस परीक्षा के परिणाम जारी करने के साथ-साथ नामांकन के लिए काउंसलिंग की ऑनलाइन प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

पहली काउंसलिंग के लिए तीन से आठ जुलाई तक ऑनलाइन निबंधन तथा सीटों के विकल्प भरने की प्रक्रिया संपन्न होगी। नौ से 10 जुलाई तक विकल्पों में संशोधन हो सकेगा। पर्षद 13 जुलाई को सीटों के आवंटन की सूची प्रकाशित करेगा।

इसके बाद 14 से 19 जुलाई तक सीटों का आवंटन डाउनलोड किया जा सकेगा तथा इसी अवधि में संस्थानों में नामांकन होगा।

इस प्रवेश परीक्षा के माध्यम से राज्य के सरकारी पॉलीटेक्निक संस्थान, गैर सरकारी डिप्लोमा संस्थानों के साथ-साथ उद्योग विभाग द्वारा संचालित गवर्नमेंट टूल रूम में पहले सेमेस्टर में नामांकन होगा। पर्षद ने दूसरी एवं तीसरी काउंसलिंग की भी तिथियां निर्धारित कर दी हैं।

अभ्यर्थियों को सीटों का आवंटन डाउनलोड करने के लिए निर्धारित प्रक्रिया के तहत एक हजार रुपये आंशिक शुल्क जमा करना होगा। नामांकन नहीं लेने पर यह राशि जब्त कर ली जाएगी तथा नामांकन लेने पर इसका समायोजन शुल्क में होगा। इधर, पर्षद ने परिणाम में पारदर्शिता लाने के लिए अभ्यर्थियों की स्कैन ओएमआर शीट भी वेबसाइट पर अपलोड कर दी है, जिसे अभ्यर्थी डाउनलोड कर सकेंगे।

# मुहर्रम को लेकर विधि व्यवस्था एवं शांति समिति की बैठक में लिये गये कई निर्णय

## डीजे और भड़काऊ गानों पर पूर्ण प्रतिबंध, सोशल मीडिया पर रहेगी कड़ी निगरानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

हजारीबाग। मुहर्रम पर्व के मद्देनजर जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। बुधवार को नगर भवन सभागार में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि मुहर्रम को आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के वातावरण में मनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ₹शांति व्यवस्था बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।₹ उन्होंने सभी नागरिकों से प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने और अफवाहों से दूर रहने की अपील की।

***प्रशासन की प्रमुख घोषणाएंः-*** मुहर्रम के दौरान डीजे और भड़काऊ गानों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सोशल मीडिया की कड़ी निगरानी की जाएगी। भ्रामक व आपत्तिजनक पोस्ट, वीडियो, शॉर्ट्स आदि पर त्वरित कार्रवाई होगी।

सभी जुलूस निर्धारित मार्गों से ही निकालने की




अनुमति होगी।

संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती एवं ड्रोन से निगरानी की जाएगी। सभी थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च का आयोजन किया जाएगा।

उपायुक्त ने अधिकारियों को 4 से 6 जुलाई तक लगातार क्षेत्रीय भ्रमण करने, सभी जुलूस मार्गों का भौतिक सत्यापन करने एवं मार्ग में आने वाले अवरोधों को हटाने का निर्देश दिया।

बिजली विभाग को लटकते तारों को व्यवस्थित करने तथा रात्रि में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था करने का निर्देश भी दिया गया।

स्वास्थ्य विभाग को कटकमसांडी क्षेत्र में एम्बुलेंस व मेडिकल कैंप लगाने का निर्देश। नगर निगम को सभी जुलूस मार्गों पर साफ-सफाई सुनिश्चित करने को कहा गया। जलाशयों के पास गोताखोरों की तैनाती कर डूबने की घटनाओं की रोकथाम की व्यवस्था।

***पुलिस अधीक्षक की चेतावनीः-*** पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने कहा कि मुहर्रम के दौरान कोई भी भड़काऊ या भ्रामक सामग्री सोशल मीडिया पर पोस्ट न करें। साइबर थाना को सक्रिय कर दिया गया है। असामाजिक तत्वों की पहचान कर उन पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों ने भी शांतिपूर्ण आयोजन की प्रतिबद्धता जताई। विभिन्न प्रखंडों के प्रतिनिधियों ने जुलूस मार्गों पर सूखे पेड़ों की कटाई, लटकते बिजली तारों की मरम्मत तथा पार्किंग जैसी व्यवस्थाओं को सुधारने की मांग की। कोई भी आपात सूचना जिला नियंत्रण कक्ष के हेल्पलाइन नंबर 8002529349 पर दी जा सकती है।

इस बैठक में उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह, सदर एसडीओ बैद्यनाथ कामती, बरही एसडीओ जोहन टुडू, डीएसपी, सिविल सर्जन, सभी बीडीओ/सीओ एवं बड़ी संख्या में शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# दैहर पंचायत में जनजातीय समुदाय के लिए विशेष शिविर का आयोजन

## बड़ी संख्या में लाभान्वित हुए ग्रामीण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चौपारण (हजारीबाग)।** जनजातीय समुदाय के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए बुधवार को प्रखंड के दैहर पंचायत भवन में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुड़िया, सहजना, पथलगाड़ा, करगा और दुरागड़ा सहित आसपास के कई गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरूआत पंचायत के मुखिया ब्रमदेव भुइंया ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर की। इस अवसर पर कल्याण पदाधिकारी मुकेश कुमार और समाजसेवी नागेंद्र कुमार ने अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदाय को केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं



की विस्तृत जानकारी दी।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए निशुल्क जांच शिविर में ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ उठाया। कृषि विभाग, आधार सेवा, प्रज्ञा केंद्र और अन्य विभागों के कर्मियों ने भी मौके पर अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

पंचायत सचिव शैलेंद्र पासवान ने मौके पर कई पेंशन फार्मों पर हस्ताक्षर कर त्वरित प्रक्रिया सुनिश्चित की।

कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेविकाएं और सहिया दीदियों की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही।

**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

**ई–निविदा सूचना सं.: एम–41–2आर–एमएल–आईएनएसटी–एचटीई–57, दिनांक 01.07.2025,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची–834003 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है **: कार्य का नामः** हटिया कोचिंग डिपो में मशीन चालित लॉण्ड्री मशीनों 1 टन क्षमता प्रति शिफ्ट की आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ करना। **कार्य का अनुमानित मूल्य (जीएसटी सहित): रु.** 1,68,10,277.64, **बयाना राशि : रु.** 2,34,100/–, **ई–निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 24.07.2025 को 15.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण एवं वर्णनः www.ireps.gov.in** (PR-342)

# अफीम के साथ पकड़े गए दो लोगों को 10-10 वर्ष की सजा

## एक -एक लाख रुपए का भी लगा जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय की अदालत ने एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपी टोंगरी के रूदीडीह निवासी दीपक कुमार उर्फ बिजली व मनातू थाना क्षेत्र के पकरियाडीह निवासी सकेंद्र कुमार उर्फ गुड्डू कुमार को एनडीपीएस की धारा 18 (सी) में दोषी पाते हुए 10 -10 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही एक-एक लाख रुपए जुर्माना लगाया है। जुर्माना की राशि नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी। इस मामले में नावाजयपुर के तत्कालीन थाना प्रभारी राजन कुमार ने नावाजयपुर थाना में कांड संख्या 24/2021, 3 अगस्त 2021 को चार लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी एनडीपीएस की धारा 17, 18, व 22 में दर्ज कराया था । आरोप था कि 3 अगस्त 2021 की रात्रि 3 बजे ग्राम बन्दुवा में थाना प्रभारी के नेतृत्व में वाहन चेकिंग चलाया जा रहा था। इस क्रम में एक वगैर रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित हीरो पैशन- प्रो मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग पहुंचे। मोटरसाइकिल चेकिंग के दौरान दीपक कुमार उर्फ बिजली के डिक्की से एक किलोग्राम अफीम जैसा




पदार्थ, एक मोबाइल फोन जप्त किया गया था। उक्त अफीम को तस्करी के लिए मोटरसाइकिल से ले जाया जा रहा था। जप्त सामग्री को जांच किया गया तो अफीम पाया गया था ।

इधर अदालत ने साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए मनातू थाना के पकरियाडी निवासी 24 वर्षीय सकेंद्र कुमार उर्फ गुड्डू व नावाजयपुर थाना के दीपक कुमार उर्फ बिजली को एनडीपीएस की धारा 18 (सी) में दोषी पाते हुए 10-10 वर्ष की सजा व एक-एक लाख रुपये जुर्माना लगाया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी। न्यायालय ने अन्य दो आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया।

# धनबाद होकर चलेगी सावन स्पेशल ट्रेन

**धनबाद।** धनबाद व कतरास होकर दुर्ग से पटना के लिए सावन स्पेशल ट्रेन चलेगी। 08796 पटना-दुर्ग स्पेशल ट्रेन दुर्ग से छह से 27 जुलाई तक प्रत्येक रविवार तथा पटना से सात से 28 जुलाई तक प्रत्येक सोमवार को चलेगी। दुर्ग से पटना के लिए टिकटों की बुकिंग शुरू हो गई है। पटना से दुर्ग के लिए बुधवार से टिकटों की बुकिंग शुरू होगी। यात्री रेलवे की वेबसाइट अथवा एनटीईएस पर ट्रेन की समय सारिणी देख सकते हैं।दुर्ग से ट्रेन प्रत्येक रविवार को दोपहर 1:15 पर चलकर सुबह 7:05 पर धनबाद होते दोपहर तीन बजे पटना पहुंचेगी। वहीं, वापसी में 08796 पटना-दुर्ग स्पेशल प्रत्येक सोमवार पटना से शाम 5:15 पर चलकर मंगलवार की सुबह 2:35 बजे धनबाद होते उसी दिन रात 10:35 पर दुर्ग पहुंचेगी।

स्पेशल ट्रेन दुर्ग से पटना के बीच रायपुर,भाटपाड़ा, बिलासपुर, चंपा, रायगढ़, झारसुगड़ा, राउरकेला, हटिया, रांची, मूरी, बोकारो, चंद्रपुरा, कतरास, धनबाद, चितरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, किउल, मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, फतुहा, पटना साहेब व राजेंद्रनगर स्टेशन पर रुकेगी। इन स्टेशनों से यात्रियों को फायदा होगा।

# अब पीएफ घोटाले की जांच करेगी सीबीआई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** रामगढ़ में सीसीएल के मृत कर्मियों के आश्रितों को पीएफ फंड का रुपया लौटाने के लिए फर्जी तरीके से 44 खाता खुलवाकर गलत तरीके से करोड़ों रुपयों की निकासी के मामले की जांच अब सीबीआइ करेगी। सीबीआइ की रांची स्थित भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने इस मामले में 30 जून को छह नामजद व अन्य अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। रामगढ़ थाना में 24 अगस्त 2021 को कांड संख्या 250/2021 में दर्ज इससे संबंधित केस को ही टेकओवर करते हुए सीबीआइ ने यह प्राथमिकी दर्ज की है।

इसके लिए गत 18 अप्रैल को रामगढ़ के एसपी ने सीबीआइ के एसपी से पत्राचार कर उक्त केस को लेने का आग्रह किया था। इस केस में जो आरोपित बनाए गए हैं, उनमें रामगढ़ के कारपोरेशन बैंक के तत्कालीन शाखा प्रबंधक संजय कुमार सिंह शामिल हैं।इनके अलावा, केस में त्रिपुरारी कुमार, त्रिपुरारी कुमार की पत्नी नूतन देवी, विनोद कुमार, अजय प्रसाद, अजय प्रसाद की पत्नी सुषमा देवी व अन्य लोग शामिल हैं। सीबीआइ ने इस कांड की जांच के लिए अपने एएसपी सुधांशु शेखर को अनुसंधान पदाधिकारी बनाया है।

देवघर के सत्संग नगर महावीर कालोनी निवासी पीयूष कुमार श्रीवास्तव ने रामगढ़ थाने में 24 अगस्त 2021 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। तब वे रामगढ़ के पंचवटी अपार्टमेंट में रहते थे। रामगढ़ पुलिस ने जांच में पाया था कि कारपोरेशन बैंक में फर्जी तरीके से खोले गए 44 बैंक खातों के माध्यम से बैंक प्रबंधक व अन्य ने बिचौलियों व सीसीएल के अधिकारियों की साठगांठ से प्रोविडेंट फंड के करोड़ों रुपयों का गबन किया गया।

# धरना 5 को

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पांडू प्रखंड मुख्यालय परिसर में प्रखंड प्रमुख नीतु सिंह के नेतृत्व में पंचायत प्रतिनिधियों का एक दिवसीय धारणा कार्यक्रम शनिवार को होगा।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**सं.: सी.5/पेएंडयूज/ई-नीलामी/2025** **दिनांक : 01.07.2025**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 अनुबंध प्रदान करने के लिए IREPS पोर्टल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से खुली ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं। जिसका विवरण इस प्रकार है:- **(1) नीलामी सूची क्रम.:** पीएनयू-एएसएन-सीआरजे; **नीलामी की श्रेणी :** पे एंड यूज शौचालय (साधारण); **नीलामी प्रारंभ दिनांक एवं समय:** 15.07.2025 को 12:15 बजे; **स्टेशन/स्थान का नाम : (1)** फेज -I, आसनसोल रेलवे स्टेशन के पीएफ नं. 5/6 पर स्लीपर क्लास वेटिंग हॉल (पुरुष), पीएफ नं. 5/6 पर स्लीपर क्लास वेटिंग हॉल (महिला), कालका छोर पर पीएफ नं. 1/2 एवं हावड़ा छोर पर पीएफ नं. 3/4; **(2)** चित्तरंजन स्टेशन के पीएफ नं. 1 पर स्लीपर श्रेणी प्रतीक्षालय। सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं तथा दिए गए कार्यक्रम के अनुसार उपर्युक्त ई-नीलामी में भाग लें। (ASN-103/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**सं. सीओएम/सीएटीजी/न्यू एमपीएस/एचडब्ल्यूएच/2025** **दिनांक: 01.07.2025.**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), पूर्व रेलवे, हावड़ा, तुर्थ तल , यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा 05 वर्षों के लिए कैंटीन के आवंटन हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। अधिक जानकारी के लिए ई-नीलामी पट्टा मॉड्यूल के माध्यम से **www.ireps.gov.in** पर जाएं। **ननीलामी का विवरण:- नीलामी सूची सं.: एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-जुलाई 25; अनुक्रम सं.; लॉट सं./श्रेणी; विवरण एवं समापन तिथि/समय क्रमशः:- एए/1;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एसएचई-एमपीएस-87-25-1 (एमपीएस-बहुउद्देश्यीय स्टॉल); बहुउद्देश्यीय स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, अनारक्षित - सभी के लिए खुला, स्थान- श्योराफुली/तारकेश्वर एलसी गेट के पास; 15.07.2025 13.30 बजे। **एए/2;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एसआरपी-एमपीएस-90-25-1 (एमपीएस-बहुउद्देश्यीय स्टॉल); बहुउद्देश्यीय स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, अनारक्षित - सभी के लिए खुला, स्थान- श्रीरामपुर/पीएफ1-2/एसएल नं.3; 15.07.2025 13.40 बजे। **एए/3;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एसआरपी-एमपीएस-91-25-1(एमपीएस-बहुउद्देश्यीय स्टॉल); बहुउद्देशीय स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, अनारक्षित-सभी के लिए खुला, स्थान- श्रीरामपुर/पीएफ1-2/एसएल नंबर 4; 15.07.2025 को 13.50 बजे। **एए/4;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एसआरपी-एमपीएस-89-25-1(एमपीएस-बहुउद्देश्यीय स्टॉल); बहुउद्देशीय स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, अनारक्षित-सभी के लिए खुला, स्थान- श्रीरामपुर/पीएफ3-4/एसएल नंबर 2; 15.07.2025 को 14.00 बजे। **एए/5;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एसआरपी-एमपीएस-88-25-1 (एमपीएस-बहुउद्देश्यीय स्टॉल); बहुउद्देशीय स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, अनारक्षित - सभी के लिए खुला, स्थान-श्रीरामपुर/पीएफ 3-4/एसएल नंबर 1; 15.07.2025 को 14.10 बजे। **एए/6;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-एसएचई-एमपीएस-86-25-1 (एमपीएस - बहुउद्देशीय स्टॉल); बहुउद्देशीय स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, अनारक्षित - सभी के लिए खुला, स्थान- श्योराफुली/पीएफ 1-2; 15.07.2025 को 14.20 बजे। **एए/7;** एमपीएस-एचडब्ल्यूएच-सीएनएस-एमपीएस-93-25-1 (एमपीएस - बहुउद्देशीय स्टॉल); बहुउद्देशीय स्टॉल (एमपीएस) का आवंटन, अनारक्षित - सभी के लिए खुला, स्थान- चुचुरा/ बुकिंग कार्यालय के पास; 15.07.2025 को 14.30 बजे। **दर इकाई:** सभी अनुक्रम सं. के लिए वार्षिक लाइसेंसिंग शुल्क; **न्यूनतम वृद्धि (%):** सभी अनुक्रम सं. के लिए 0.2; **ईएमडी:** सभी अनुक्रम सं. के लिए 10%; **आवश्यक टर्नओवर:** सभी अनुक्रम सं. के लिए 0. (HWH-171/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# छात्र-छात्राओं ने निकाली नशा मुक्ति जागरूकता रैली

## समाजसेवी, शिक्षाविद व पुलिस पदाधिकारी हुए शामिल




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर(पलामू)** । पांडू प्रखंड के पीएमश्री 10+2 अपग्रेड हाईस्कूल रतनाग के छात्र- छात्राओं ने समाज में बढ़ रहे नशा के प्रभाव के खिलाफ नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली।

रैली में नशा से होने वाली हानि व दुष्प्रभाव की जानकारी दी गई। रैली में शामिल सभी छात्र-छात्राओं ने अपने हाथों में नशा मुक्ति के खिलाफ बैनर व तख्तियां लेकर चल रहे थे।

रैली रतनाग बाजार से लेकर गांव की सभी गलियों में घुमते हुए नशा से होने वाले हानि व दुष्प्रभाव को बताते हुए लोगों को जागरूक किया। साथ ही लोगो को नशा से दूर रहने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा कमिटी के सदस्य धर्मदेव सिंह यादव, थाना प्रभारी विगेश कुमार राय, प्रधानाचार्य दिलीप कुमार, पंचायत समिति सदस्य विनोद पासवान, वार्ड सदस्य हरेंद्र पासवान, अध्यक्ष वीरकेश चौधरी, पूर्व अध्यक्ष बीटन पासवान, शिक्षक आरिफ अंसारी, बलराम मेहता, शिवनाथ गुप्ता, उपेन्द्र गुप्ता, बीरबल राम, मुन्ना ठाकुर, गिरीश पांडेय, वीरेंद्र यादव सहित सैकड़ों शामिल थे।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**सं. सीओएम/पीयूबी/पीआरओ/ई-नीलामी/एमएसएस/25** **दिनांक : 01.07.2025**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 अनुबंध प्रदान करने के लिए IREPS पोर्टल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से खुली ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं। जिसका विवरण नीचे दिया गया है:- **नीलामी श्रेणी :** विविध-स्थैतिक-सेवाएँ; **ई-नीलामी सूची क्रम.: एएसएन-एमएसएस-14-07; ई-नीलामी प्रारंभ तिथि/समय:** 14.07.2025, 12:00 बजे। **क्रम सं. 1; प्रकार: विश्राम कुर्सी की स्थापना और संचालन: (i)** चित्तरंजन रेलवे स्टेशन, **(ii)** पानागढ़ रेलवे स्टेशन। **क्रम सं. 2; प्रकार: मेडिकल स्टोर की स्थापना और संचालन: (i)** पानागढ़ रेलवे स्टेशन, **(ii)** जामताड़ा रेलवे स्टेशन। **क्रम सं. 3; प्रकार: मेडिकल स्टोर की स्थापना और संचालन: (i)** मधुपुर रेलवे स्टेशन, **(ii)** गिरिडीह रेलवे स्टेशन, **(iii)** अंडाल रेलवे स्टेशन। **क्रम सं. 4; प्रकार: मोबाइल और सहायक उपकरण कियोस्क की स्थापना और संचालन: (i)** मधुपुर रेलवे स्टेशन, **(ii)** गिरिडीह रेलवे स्टेशन, **(iii)** जसीडीह रेलवे स्टेशन। सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं तथा दिए गए कार्यक्रम के अनुसार उपर्युक्त ई-नीलामी में भाग लें। (ASN-105/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

CMYK



# छह साल की उम्र में थामा बैडमिंटन, अब जूनियर वर्ल्ड नंबर 1 बनीं भारत की तन्वी शर्मा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पंजाब की गोल्डन गर्ल तन्वी शर्मा बैडमिंटन में जूनियर वर्ल्ड नंबर 1 बन गई हैं। तन्वी हाल ही में बीडब्लूएफ सुपर 300 यूएस ओपन 2025 में महिला एकल वर्ग में उपविजेता रहीं थी। महिला एकल के फाइनल में 16 वर्षीय तन्वी शर्मा को शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिका की बेइवेन झांग के खिलाफ तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हार का सामना करते हुए रजत पदक से संतोष करना पड़ा। विश्व टूर स्तर के अपने पहले फाइनल में खेल रही गैर-वरीयता प्राप्त इस किशोर खिलाड़ी को 46 मिनट में 11-21, 21-16, 10-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। विश्व में 66वें स्थान पर काबिज यह युवा भारतीय शटलर जूनियर विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी बन गई है और विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में शीर्ष 50 में शामिल हो गई है। उसने बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 में अपने अभियान से वैश्विक बैडमिंटन समुदाय को चकित किया जिसमें विश्व की 23वें नंबर की खिलाड़ी सहित कई उच्च रैंक वाली प्रतिद्वंद्वियों को हराकर फाइनल में प्रवेश करना शामिल था। तन्वी अगले महीने होने वाली एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में पदक जीतने का लक्ष्य रखकर चल रही है। वह अब गुवाहाटी में भारतीय बैडमिंटन टीम के शिविर में शामिल होगी। टीम अगले महीने इंडोनेशिया में होने वाली एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में भाग लेगी। तन्वी ने 6 साल की छोटी सी उम्र में बैडमिंटन खेलना शुरू कर दिया था। शुरू से से ही प्रतिभाशाली रही तन्वी ने प्रतिष्ठित पुलेला गोपीचंद बैडमिंटन अकादमी में चार साल से अधिक समय तक प्रशिक्षण लिया। इस दौरान उसने भारत के कुछ शीर्ष शटलरों के साथ ट्रेनिंग ली जिसने उनके कौशल को निखारा। इस दौरान तन्वी की मां ने भी बेटी के साथ कड़ी मेहनत की और शुरू में उसके खेल को आकार देने और उसकी प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# गुइरासी के दो गोल से डॉर्टमंड क्वार्टर फाइनल में, गार्सिया के गोल से रियल मैड्रिड भी अंतिम-8 में

**लंदन, एजेंसी।** सेरहो गुइरासी ने पहले हाफ में दो गोल किए, जिससे बोरूसिया डॉर्टमंड ने क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 16 के मैच में मॉन्टेरी को 2-1 से हरा दिया। गुइरासी ने 14वें और 24वें मिनट में गोल किए जो डॉर्टमंड को क्वार्टर फाइनल में पहुंचाने के लिए पर्याप्त थे। इन दोनों गोल में करीम अदीमी ने उनकी मदद की। वह अपने इस क्लब की तरफ से अभी तक कुल 37 गोल कर चुके हैं। पराजित टीम की तरफ से एकमात्र गोल जर्मन बर्टेरामे ने किया। क्वार्टर फाइनल में डॉर्टमंड का सामना शनिवार को न्यू जर्सी में रियल मैड्रिड से होगा।गोंजालो गार्सिया ने क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपना तीसरा गोल किया, जिससे रियल मैड्रिड ने राउंड ऑफ 16 में युवेंटस को 1-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबाप्पे की गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल बीमारी के कारण गार्सिया ने रियल मैड्रिड के सभी चार मैचों में शुरुआत की है।इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने मंगलवार को 54वें मिनट में हेडर से गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। गार्सिया को 68वें मिनट में बाहर भेज दिया गया, जबकि एमबाप्पे ने क्लब विश्व कप में पदार्पण किया।

# 11 लोगों की मौत का मामला: भगदड़ के लिए आरसीबी जिम्मेदार

**बेंगलुरु, एजेंसी।** केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) ने चार जून को चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ के लिए प्रथम दृष्टया रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को जिम्मेदार पाया। इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी। आरसीबी की पहली आईपीएल खिताबी जीत के बाद टीम द्वारा विधान सौधा से विजय परेड और स्टेडियम में प्रशंसकों के साथ जश्न के कार्यक्रम की घोषणा के बाद स्टेडियम के पास एमजी रोड और कुब्बोन रोड इलाकों में लगभग ढाई लाख प्रशंसक उमड़ पड़े थे।

कैट ने कहा, 'इसलिए प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि लगभग तीन से पांच लाख लोगों के एकत्र होने के लिए आरसीबी जिम्मेदार है। आरसीबी ने पुलिस से उचित अनुमति या सहमति नहीं ली। कैट ने अपने अवलोकन में कहा, 'अचानक उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया जिसके परिणामस्वरूप लोग एकत्र हो गए।

आरसीबी ने चार जून की सुबह की परेड और प्रशंसकों के कार्यक्रम के बारे में अपने सोशल

## कैट ने कहा- पुलिस के पास जादुई शक्तियां नहीं हैं



मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया था और न्यायाधिकरण ने पाया कि पुलिस विभाग के पास इतने कम समय में इतनी बड़ी भीड़ को संभालने के लिए पर्याप्त समय नहीं था।

कैट ने कहा, '04.06.2026 को समय की कमी के कारण, पुलिस उचित व्यवस्था करने में असमर्थ थी। पुलिस को पर्याप्त समय नहीं दिया गया। अचानक आरसीबी ने बिना किसी पूर्व अनुमति के उपरोक्त प्रकार का बखेड़ा किया। पुलिस कर्मी भी इंसान हैं। वे न तो भगवान हैं और न ही जादूगर और न ही उनके पास 'अलाद्दीन का चिराग जैसी जादुई शक्तियां हैं जो केवल उंगली रगड़ने से किसी भी इच्छा को पूरा कर सकती हैं।

ऋष्क्रप्रबंधन इस घटनाक्रम पर टिप्पणी करने के लिए उपलब्ध नहीं था। इससे पहले इस घटना के संबंध में आरसीबी और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के खिलाफ आरोप लगाए गए थे जिसके कारण चस्ष्टस सचिव ए. शंकर और कोषाध्यक्ष जयराम ने इस्तीफा दे दिया था।

## शिखर धवन का खुलासा

# जब उसने 200 बनाए, तो मैं समझ गया मेरा करियर खत्म हो गया है



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के धमाकेदार ओपनर शिखर धवन ने पिछले साल 2024 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था जबकि बांग्लादेश के खिलाफ उन्होंने टीम के साथ अंतिम बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर के तौर पर सफर किया था। इस दौरान उन्होंने तीन पारियों में केवल 18 रन बनाए। इसी दौरे में 24 वर्षीय ईशान किशन ने वनडे में दोहरा शतक जड़कर रिकॉर्ड बनाया और ऐसा करने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी बने। धवन ने खुलासा किया कि जब उन्होंने ईशान को 200 रन बनाते देखा तो उन्हें समझ आ गया था कि अब उनका करियर खत्म हो गया है।

धवन ने एक मीडिया हाउस को इंटरव्यू में कहा, मैं बहुत सारे 50 रन बना रहा था, मैंने 100 रन नहीं बनाए लेकिन मैंने बहुत सारे 70 रन बनाए। जब ईशान किशन ने 200 रन बनाए, तो मेरी अंतरात्मा ने मुझसे कहा, ठीक है बेटा यह तुम्हारे करियर का अंत हो सकता है। मेरे अंदर से एक आवाज आई। और वही हुआ। फिर मुझे याद है कि मेरे दोस्त मुझे भावनात्मक सहारा देने आए थे। उन्हें लगा कि मैं बहुत उदास हो जाऊंगा। लेकिन मैं शांत था, मैं आनंद ले रहा था।

धवन ने बांग्लादेश के खिलाफ उस मुकाबले में 3 रन बनाए और भारत ने 227 रनों की बड़ी जीत दर्ज की। यह आखिरी बार था जब बाएं हाथ का यह बल्लेबाज भारत की तरफ से खेलेगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या टीम से बाहर किए जाने के बाद भारतीय टीम के किसी साथी ने उनसे संपर्क किया, तो 39 वर्षीय धवन ने नकारात्मक जवाब दिया और कहा कि टीम में अपनी जगह खोना उनके लिए कोई झटका नहीं है, क्योंकि वह आयु वर्ग के क्रिकेट से ही इसके आदी हैं।

धवन ने कहा, %नहीं, ऐसा नहीं होता (टीम के साथी किसी के बाहर किए जाने के बाद संदेश भेजते हैं)। शायद मैंने राहुल (द्रविड़) भाई से बात की हो। उन्होंने मुझे संदेश भेजा। हर किसी की अपनी यात्रा होती है और वे काम कर रहे होते हैं या दौरे पर होते हैं, यह बहुत सामान्य बात है। हम 14 साल से कम उम्र से इसके आदी हैं, यह पहली बार नहीं है जब मुझे बाहर किया गया या टीम में शामिल किया गया।

जब भारत ने 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती, तो उन्होंने शीर्ष स्कोरर होने के लिए प्लेयर-ऑफ-द-टूर्नामेंट का पुरस्कार जीता। उन्होंने 2015 के वनडे विश्व कप और 2017 के चैंपियंस ट्रॉफी में फिर से बल्लेबाजी चार्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया। आईसीसी प्रतियोगिताओं में उनका औसत 65 का रहा। अपने करियर के दौरान 167 वनडे मैचों में धवन ने 44.11 की औसत से 6793 रन बनाए, जिसमें 17 शतक और 39 अर्धशतक शामिल हैं। धवन ने 34 टेस्ट की 58 इनिंग्स में 40.61 की औसत और 190 के हाइएस्ट स्कोर के साथ 2315 रन बनाए हैं जिसमें 5 अर्धशतक और 7 शतक शामिल हैं। उन्होंने टी20आई में 68 मैचों में 1759 रन बनाए जिसमें 11 अर्धशतक शामिल थे। टी20आई में धवन का हाइएस्ट 92 रहा।

# एशिया कप शेड्यूल - पांच सितम्बर से यूएई में शुरू होगा टूर्नामेंट, जानें कब होगा भारत-पाकिस्तान मैच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप 5 सितंबर को शुरू होने की संभावना है जबकि खिताबी मुकाबला 21 सितंबर को होगा। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने 17 दिन की अवधि को लगभग अंतिम रूप दे दिया है और भारत ग्रुप चरण और सुपर फोर प्रारूप का पालन करने के लिए तैयार है। इसका मतलब है कि भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबला कम से कम दो बार देखने को मिलेगा। दूसरा मुकाबला 14 सितंबर को हो सकता है।



टूर्नामेंट की तैयारियां शुरू हो गई है और आधिकारिक प्रसारक सोनी ने एक पोस्टर भी साझा किया है। एशिया कप पर नए घटनाक्रम उन सभी हितधारकों के लिए स्वागत योग्य समाचार है जो बहु-राष्ट्रीय आयोजनों में भारत-पाकिस्तान की भिड़ंत पर भरोसा कर रहे थे। हाल ही में सीमा पार तनाव ने स्थिति को थोड़ा जटिल बना दिया था, लेकिन यूएई में दोनों पक्षों के आमने-सामने होने के साथ, वैश्विक टूर्नामेंटों में इस मुकाबले का भविष्य उज्ज्वल दिखाई देता है।

शुरुआती मैच में 7 सितंबर को पाकिस्तान से भिड़ेगा। मेजबान भारत सहित सभी भाग लेने वाले देश यूएई में खेले जाने वाले टूर्नामेंट के लिए अपनी-अपनी सरकारों से मंजूरी लेने के करीब हैं।

भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और यूएई भाग लेने वाले देश होंगे और बहु-राष्ट्र आयोजन

बांग्लादेश, पाकिस्तान और श्रीलंका अगले तीन संस्करणों के आधिकारिक मेजबान होने जा रहे हैं और टूर्नामेंट का प्रारूप बदलता रहेगा। 2027 में एशिया कप वनडे, 2029 में वापस टी20आई और 2031 में श्रीलंका में होने वाले संस्करण के लिए वनडे प्रारूप में खेला जाएगा।

# टेस्ट मैच में हार के बाद गेंदबाजो को जिम्मेदार ठहराने पर अश्विन ने पूछा सवाल, डैडी हंड्रेड कहां हैं?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रविचंद्रन अश्विन ने पहले टेस्ट में इंग्लैंड से मिली हार के बाद भारतीय गेंदबाजों की आलोचना करने वाले प्रसारकों की निंदा की है। भारत पहले टेस्ट के पांचवें दिन सिर्फ 5 विकेट ही ले सका जबकि इंग्लैंड ने 371 रन के रिकॉर्ड लक्ष्य को हासिल किया। अश्विन ने माना कि भारत की गेंदबाजी उम्मीद के मुताबिक नहीं हुई लेकिन उनका मानना है कि गेंदबाजों पर हार का पूरा दोष मढ़ देना यह गलत बात है।



अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, जब पहले टेस्ट में 370 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया गया, तो मुझे लगा कि कमेंट्री भारतीय गेंदबाजों के बारे में अपमानजनक हो गई। मुझे लगा कि जो कहानी बनाई गई वह इस ओर इशारा कर रही थी कि भारतीय गेंदबाज मैच जीतने में कैसे विफल रहे। लेकिन थोड़ा होमवर्क करने पर कई लोगों को एहसास हो गया होगा कि इंग्लैंड में लगातार चौथी पारी में स्कोर का पीछा किया गया है।

साथ ही अश्विन ने कहा, बल्लेबाजों को जिम्मेदारी लेनी चाहिए। मैं जानता हूं कि बल्लेबाज रन बना रहे हैं। हां, हमारे पांच शतक हैं, लेकिन डैडी हंड्रेड कहां हैं? हमें इस तथ्य को स्वीकार करना होगा कि निचले क्रम से कोई योगदान नहीं रहा। हमारे तेज गेंदबाज बल्लेबाजी नहीं कर सकते, वे रन नहीं बना सकते।

आगे अश्विन ने कहा, टेस्ट में मुझे लगता है कि मेडन ओवर को काफी कम आंका जाता है। आदर्श रूप से मुझे बुमराह द्वारा उच्च इकॉनमी रेट के साथ जाने से कोई दिक्कत नहीं होगी, लेकिन अन्य को कम जाना चाहिए। मैंने एक शो देखा जिसमें किसी ने कहा कि सिराज विकेट नहीं ले पाने के कारण बदकिस्मत रहे। मैं इस बात से सहमत हूं कि उन्होंने दूसरी पारी में अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन इकॉनमी रेट आप इसे छोड़ नहीं सकते और उम्मीद नहीं कर सकते कि चीजें ठीक हो जाएंगी। टेस्ट में आपको पहले दिन से धीरे-धीरे अपनी गेंदबाजी को मजबूत करना होता है और इसका फल अंतिम पारी में मिलता है।

# दिल्ली प्रीमियर लीग में दो नई टीमें जुड़ी, पंत सहित 10 से अधिक आईपीएल खिलाड़ी नीलामी में



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ ने मंगलवार को दूसरे सीजन से पहले दिल्ली प्रीमियर लीग में दो नई पुरुष फ्रेंचाइजी जोड़ने की घोषणा की। आउटर दिल्ली फ्रेंचाइजी को सबसे अधिक बोली लगाने वाले सविता पेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम ने 10.6 करोड़ रुपए में हासिल किया। नई दिल्ली फ्रेंचाइजी को भीमा टोलिंग एंड ट्रैफिक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड और क्रेयॉन एडवरटाइजिंग लिमिटेड के कंसोर्टियम ने 9.2 करोड़ रुपए में खरीदा।

इससे लीग में पुरुष टीमों की संख्या 6 से बढ़कर आठ हो गई है। दो नई टीमें टूर्नामेंट के 2025 संस्करण के लिए छह मौजूदा फ्रेंचाइजी जिसमें सेंट्रल दिल्ली किंग्स, ईस्ट दिल्ली राइडर्स, नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स, पुरानी दिल्ली 6, साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज और वेस्ट दिल्ली लायंस शामिल हैं, हिस्सा लेंगी। सीजन 2 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 6 और 7 जुलाई को राजधानी में होगी। पुरुषों की नीलामी 6 जुलाई को होगी, उसके बाद महिलाओं की नीलामी 7 जुलाई को होगी।

दिलचस्प बात यह है कि पुरुषों की नीलामी में कई बेहतरीन खिलाड़ी शामिल होंगे जिनमें ऋषभ पंत, इशांत शर्मा जैसे नामी खिलाड़ी और प्रियांश आर्य, आयुष बडोनी, हर्षित राणा, दिग्वेश राठी, हिम्मत सिंह, सुयश शर्मा, मयंक यादव और अनुज रावत जैसे उभरते सितारे शामिल हैं। ष्क्क की वापसी पर बोलते हुए अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा, दिल्ली प्रीमियर लीग सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है, यह राजधानी की गहरी जड़ें जमाए क्रिकेट संस्कृति का जश्न है। सीजन 1 में हमने जिस तरह की प्रतिभा देखी, वह वाकई आशाजनक थी और इस विस्तार के साथ हम और भी ज़्यादा खिलाड़ियों को चमकने का मंच दे रहे हैं।

उन्होंने कहा, प्रियांश आर्य, दिग्वेश राठी और कई अन्य प्रतिभाएं जरिए उभरीं और ढ्ढक्क 2025 के दौरान अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जिससे भविष्य के सितारों के लिए लीग के महत्व को साबित किया जा सका। जुलाई में होने वाली नीलामी सीजन के लिए माहौल तय करेगी और हम यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि यह अनुभव फ्रैंचाइजी, खिलाड़ियों और प्रशंसकों के लिए समान रूप से सहज और प्रभावशाली हो। हम सीजन 2 को लीग की यात्रा में एक ऐतिहासिक क्षण बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

गौरतलब है कि डीपीएल का सीजन 2 एक बार फिर नई दिल्ली के प्रतिष्ठित अरुण जेटली स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। खिलाड़ियों की नीलामी पूरी होने के बाद मैच की तारीखों और कार्यक्रमों की घोषणा की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### 900 करोड़ के साइबर फ्रॉड केस में ईडी की रेड, दिल्ली के 5 ठिकानों पर छापेमारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को दिल्ली में कई जगहों पर छापेमारी की है। यह छापेमारी एक चीनी नागरिक और कुछ अन्य लोगों द्वारा किए गए 900 करोड़ से ज्यादा के साइबर धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत की गई है। केंद्रीय एजेंसी ने इस धोखाधड़ी की जांच के लिए मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के तहत एक आपराधिक मामला दर्ज किया है। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली में ज़िन्दाई टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी से जुड़े पांच ठिकानों पर तलाशी ली जा रही है। आरोप है कि इस कंपनी ने निवेश के नाम पर आम जनता को धोखा दिया और फिर पूरे पैसे बदलने वाले का इस्तेमाल करके पैसे की लॉन्ड्रिंग की। सूत्रों के मुताबिक, इस मामले में एक चीनी नागरिक और कुछ अन्य लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है,जहां अपराध से मिली रकम करीब 903 करोड़ होने का अनुमान है।

### दिल्ली में दुकान पर बिक रहा था गाय का मांस, पुलिस ने लिया ऐक्शन; आरोपी गिरफ्तार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लगभग एक महीने पहले उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के विजय नगर इलाके में दुकान पर गाय का मांस बेचने की बात सामने आई थी। इस मामले में दुकानदार की स्थानीय लोगों ने पिटाई कर दी थी। बाद में पुलिस ने आरोपी की दुकान से मांस का सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिया था। अब उस जांच की रिपोर्ट सामने आ गई है। जांस में साफ हो गया है कि दिल्ली कि इस दुकान पर गाय का मांस बेचा जा रहा था। पुलिस ने आरोपी दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 28 मई की है। इस दिन 15 साल के एक लड़के ने नेपाल के रहने वाले दुकानदार चमनलाल पर आरोप लगाया कि वो अपनी दुकान पर गाय का मांस बेच रहा है। लड़के के इस आरोप के बाद भीड़ ने दुकानदार की पिटाई कर दी थी। लड़के ने दावा किया था कि उसने खुद 400 रुपए किलो के हिसाब से दुकानदार चमनलाल से गाय का मांस खरीदा था। भीड़ की पिटाई के बाद पुलिस ने घायल चमनलाल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचा था। गाय का मांस बेचने के आरोप में पिटाई हुई तो पुलिस भी पहुंची। एफएसल की टीम ने दुकान से मांस का तीन सैंपल लिया। पुलिस ने उसे जांच के लिए लैब में भेज दिया। इसमें से तीन सैंपल में दो भैंस के निकले जबकि एक गाय का निकला। सैंपल की पुष्टि के बाद पुलिस आरोपी के घर पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरपी की दुकान को सील कर दिया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना की ज्यादा जानकारी के लिए अब सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

### 2 साल की बच्ची को भी नहीं बख्शा, दिल्ली में पड़ोसी ने किया मासूम से रेप

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में आए दिन अपराध की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। क्या बच्चे, क्या बुजुर्ग और क्या नौजवान सब इसके शिकार हो रहे हैं। अब ताजा मामला दिल्ली के बवाना इलाके का है। यहां दो साल की बच्ची से रेप का मामला सामने आया है। इस मामले की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि इस मामले की जांच की जा रही है। मामला उत्तरी दिल्ली के बवाना इलाके का है। बीते शुक्रवार को पीड़ित बच्ची की मां काम पर गई थी। इस दौरान पड़ोसी ने मौके का फायदा उठाकर नाबालिग बच्ची को अपने कमरे में उठा ले गया। इस दौरान कथित तौर पर उसके साथ रेप किया। मामले का खुलासा तब हुआ जब मां काम से लौटी और मासूम बच्ची को रोता हुआ पाया। मासूम बच्ची को रोता देख मां को कुछ समझ नहीं आया तो अपनी बड़ी बेटी से इसकी जानकारी ली। बड़ी बेटी ने बताया कि पड़ोस में रहने वाला एक शख्स बच्ची को अपने कमरे में लेकर गया था। इसी दौरान घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मां अपनी बच्ची को लेकर अस्पताल गई और उसे इलाज के लिए भर्ती करवाया है।इस घटना की जानकारी देते हुए दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि व्यक्ति ने कथित तौर पर बच्ची के साथ बलात्कार किया।

# दिल्ली में पुराने वाहनों को फ्यूल बैन; पहले दिन कई गाड़ियां कैमरे में कैद



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में पुराने वाहनों को फ्यूल देने पर लगी रोक मंगलवार से लागू हो गई। दिल्ली के सभी पेट्रोल पंपों पर सुबह से ही ट्रैफि पुलिस, दिल्ली पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारियों की तैनाती देखी गई। ज्यादातर स्थानों पर पेट्रोल पंपों पर कैमरे लगाने, 10 साल से ज्यादा पुराने डीजल और 15 साल से ज्यादा पुराने पेट्रोल वाहनों को ईंधन से मनाही वाले बोर्ड भी लगे नजर आए। पहले दिन कम संख्या में पुराने वाहन पेट्रोल भराने के लिए पहुंचे, जिनके खिलाफ कार्रवाई की गई। जानें पहले दिन कितने वाहन कैमरे में हुए कैद?

परिवहन विभाग के एक अधिकारी के अनुसार, पहले दिन कड़ी निगरानी, ??कड़ी सुरक्षा और तमाम एजेंसी की कड़ी निगेहबानी के बीच 24 पुराने वाहनों को जब्त किया गया। पहले दिन कुल 98 वाहन कैमरे में कैद हुए। इनमें से 80 को नोटिस जारी किया गया। इनमें से 45 को परिवहन विभाग की ओर से जबकि 34 को दिल्ली पुलिस की ओर से नोटिस जारी किया गया। एक वाहन को एमसीडी ने नोटिस जारी किया।

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की ओर से जारी निर्देशों के तहत मंगलवार से समूची दिल्ली के पेट्रोल पंपों को ओवर एज वाहनों को फ्यूल नहीं देने के लिए कहा गया है। पुलिस के अनुसार, सुबह 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक अभियान के तहत 24 वाहनों को जब्त किया गया।

विशेष पुलिस आयुक्त (यातायात) अजय चौधरी ने पीटीआई को बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य दिल्ली के पर्यावरण को बेहतर बनाना और प्रदूषण को कम करना है। यह एक लगातार चलाया जाने वाला अभियान है। 1 नवंबर से दिल्ली के आसपास के इलाकों में भी ओवर एज हो चुके वाहनों को ईंधन नहीं देने की नीति लागू की जाएगी।

विशेष पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक) अजय चौधरी ने कहा कि ओवर एज वाहनों के मालिक 15 दिनों में अपनी गाड़ियों को कबाड़खानों से वापस ले सकते हैं लेकिन उन्हें जुर्माना भरना होगा और परिवहन विभाग से एनओसी प्राप्त करने के बाद दिल्ली के बाहर वाहन पंजीकृत कराना होगा। ओवर एज गाड़ियों का पता लगाने के लिए पेट्रोल पंपों पर स्वचालित नंबर प्लेट रीडर कैमरे लगाए गए हैं।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि पहले दिन के अभियान में स्पेशल कैमरों में कुछ तकनीकी गड़बड़ियां भी सामने आईं। कैमरों ने गलत तरीके से एक वैध वाहन को ओवरएज वाहन के रूप में पहचान लिया। यह घटना पूसा रोड पर एक पेट्रोल पंप पर हुई। जैसे ही एक हुंडई आई-10 पेट्रोल कार पेट्रोल पंप पर आई तुरंत स्पीकर ने घोषणा करना शुरू कर दिया कि यह एक ओवरएज वाहन है।

# संसद की सुरक्षा में सेंध लगाकर घुसे दो आरोपियों को बेल, लेकिन कोर्ट ने लगा दी एक शर्त

**नईदिल्ली, एजेंसी।** संसद की सुरक्षा में चूक मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने बड़ी राहत देते हुए आरोपियों को जमानत दे दी है। हालांकि इसी के साथ एक शर्त भी लगाई है। कोर्ट ने कहा है कि आरोपी इस मामले में कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को इस मामले में गिरफ्तार नीलम आजाद और महेश कुमावत को जमानत दे दी है। कोर्ट अपना फैसला सुनाते हुए आरोपियों को दो जमानतदारों के साथ 50-50 हजार रुपए के जमानती बॉन्ड जमा करने का निर्देश दिया है।

इसी के साथ कोर्ट ने कहा कि आरोपी इस घटना को लेकर कोई बात नहीं करेंगे। वहीं मामले को लेकर मीडिया में इंटरव्यू देने पर और सोशल मीडिया पर पोस्ट करने पर भी रोक लगा दी है। आरोपियों ने उनकी जमानत याचिका खारिज करने के ट्रायल कोर्ट के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। साल 2001 में संसद पर हुए आतंकवादी हमले की बरसी वाले दिन 13 दिसंबर, 2023 को संसद की सुरक्षा में चूक की बड़ी घटना में, आरोपी सागर शर्मा और मनोरंजन डी. लोकसभा में शून्यकाल के दौरान कथित तौर पर दर्शक दीर्घा से नीचे सदन में कूद गए थे। उन्होंने इस दौरान सदन में कोई पीली गैस छोड़ी और नारेबाजी की, जिसके बाद कुछ सांसदों ने उन्हें काबू में कर लिया।

इसी दौरान दो अन्य आरोपियों- अमोल शिंदे और नीलम आजाद ने संसद परिसर के बाहर कथित तौर पर कोई रंगीन गैस का स्प्रे किया था और 'तानाशाही नहीं चलेगी' के नारे लगाए थे। दिल्ली पुलिस ने 13 दिसंबर, 2023 को नीलम आजाम और तीन अन्य आरोपियों - सागर शर्मा, मनोरंजन डी और अमोल शिंदे को गिरफ्तार किया था। बाद में, पुलिस ने



साजिश के पीछे के मास्टरमाइंड ललित झा और सह-आरोपी महेश कुमावत को भी गिरफ्तार कर लिया था। आजाद ने प्रार्थना की कि वह संसद के अंदर किसी भी आतंकवादी कृत्य को अंजाम देने की कथित साजिश का हिस्सा नहीं थी, बल्कि वह केवल सामाजिक मुद्दों और बेरोजगारी संकट को उठाना चाहती थी। उसने कहा कि वह हरियाणा की एक शिक्षित महिला थी जो एक निजी स्कूल में शिक्षिका के रूप में काम करती थी।

# बचा ट्रायल रन भी पूरा, दिल्ली से मेरठ सरपट दौड़ेगी रैपिड रेल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम प्रोजेक्ट पर बड़ी अपडेट सामने आई है। यह प्रोजेक्ट अब अपने अंतिम चरण में है। जिन हिस्सों पर अभी ट्रेन नहीं चल रही है,वहां सुरक्षा जांच चल रही है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम ने इस बात की जानकारी देते हुए बताया कि काम पूरा होने के बाद यात्रियों को रैपिड रेल की सेवा मिलने लगेगी।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी,पुनीत वत्स ने बताया,हाल ही में,हमने पूरे 82 किलोमीटर के कॉरिडोर पर एक सफल ट्रायल रन किया। ट्रेन सराय काले खां (दिल्ली में) से मोदीपुरम (मेरठ में आखिरी स्टेशन) तक सभी स्टेशनों पर एक घंटे से भी कम समय में पहुंची। जैसे-जैसे काम तेजी से आगे बढ़ रहा है,हमें उम्मीद है कि यह सिस्टम बहुत जल्द चालू हो जाएगा।

82 किलोमीटर लंबे इस प्रोजेक्ट का लक्ष्य दिल्ली,गाजियाबाद और मेरठ को नमो भारत ट्रेनों से जोड़ना है। यह प्रोजेक्ट जून 2025 तक पूरा होने वाला था। एक बार पूरा 82 किलोमीटर का रूट चालू हो जाने पर मेरठ से दिल्ली तक का सफर सिर्फ 55 मिनट में तय होगा। अभी ट्रेन सेवाएं 55 किलोमीटर के हिस्से पर चालू हैं,जो दिल्ली में न्यू अशोक नगर से मेरठ (दक्षिण) तक जाती हैं। इस रूट पर कुल 11 स्टेशन हैं,जिनमें दो दिल्ली में, आठ गाजियाबाद में और एक मेरठ में है।

पूरे प्रोजेक्ट में कुल 24 स्टेशन हैं,जिनमें से 13 मेरठ में हैं। नमो भारत ट्रेनों के मेरठ में चार स्टेशन हैं,जबकि लोकल मेट्रो इसी इंफ्रास्ट्रक्चर पर सभी 13 स्टेशनों पर चलेगी। अधिकारियों ने बताया कि जिन हिस्सों पर अभी ट्रेनें नहीं चल रही हैं,वहां सुरक्षा जांच चल रही है और इसके बाद एक औपचारिक उद्घाटन होगा। उन्होंने यह भी बताया कि यात्रियों के लिए सेवाएं शुरू करने से पहले मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त द्वारा सुरक्षा जांच और अंतिम मंजूरी मिलना जरूरी है। अधिकारियों ने बताया कि मेरठ (दक्षिण) से शताब्दी नगर तक के हिस्से के लिए सुरक्षा मंजूरी मिल गई है। वहीं,शताब्दी नगर से मोदीपुरम तक के बचे हुए हिस्से की जांच शुरू हो गई है।

# पति जिंदा पर विधवा पेंशन का लाभ, दिल्ली में 60 हजार महिलाओं को गलत मिल रहा पैसा: सर्वे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में हाल ही में किए गए एक सरकारी सर्वे में संकटग्रस्त महिलाओं के लिए मासिक पेंशन योजना के तहत लाभार्थियों के रजिस्ट्रेशन में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां पाई गई हैं। यहां करीब 60,000 महिलाएं पेंशन के लिए अयोग्य पाई गई हैं। अफसरों ने बताया कि कई मामलों में कुछ लाभार्थी महिला उनके पति के जिंदा रहते हुए भी गलत ढंग से विधवा पेंशन ले रही थीं। वहीं कुछ महिलाएं ऐसी थीं जिन्होंने विधवा होने के बाद दोबारा शादी कर ली थी, लेकिन उन्होंने अपने नाम लिस्ट से नहीं हटवाए। अफसरों ने बताया कि नवंबर 2024 में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दिल्लीभर में किए गए एक सर्वे के दौरान भी कई लाभार्थियों के क्रेडेंशियल नहीं मिले।

दिल्ली सरकार द्वारा डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर के माध्यम से संकटग्रस्त महिलाओं (विधवा पेंशन) को हर महीने 2500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। इसका मकसद 18 साल से अधिक उम्र की विधवाओं, तलाकशुदा, अलग रह रही, छोड़ी गई या निराश्रित महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना है, जिनके पास जीविका का कोई पर्याप्त साधन नहीं है और जो गरीब व जरूरतमंद हैं। आंकड़ों के अनुसार, 2007 की योजना के तहत 350,000 रजिस्टर्ड लाभार्थी थे। इस मामले से अवगत एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि सभी अपात्र लाभार्थियों के नाम अब सूची से हटा दिए गए हैं। नाम नहीं बताने की शर्त पर एक अधिकारी ने कहा, हमें पता चला है कि करीब 60,000 रजिस्टर्ड लाभार्थी पेंशन के लिए पात्र नहीं थे - उनमें से कई विधवा नहीं



थीं, लेकिन व पेंशन ले रही थीं। कुछ मामलों में, विधवाओं ने दोबारा शादी कर ली, लेकिन उनके नाम नहीं हटे। हमने ऐसे सभी लाभार्थियों के नाम हटा दिए हैं, जिससे उन्हें आगे पेंशन जारी नहीं हो पाएगी।

अधिकारी ने कहा कि जिला स्तर पर और कैटेगरीवाइज अपात्र लाभार्थियों की डिटेल अभी उपलब्ध नहीं है। अधिकारी ने कहा, इस मामले में आगे की कार्रवाई के बारे में विभाग निर्णय लेगा। नवंबर 2024 में सरकार ने डोर टू डोर वेरिफेकेशन अभियान शुरू किया था, जिसके तहत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने 11 राजस्व जिलों में लाभार्थियों के घरों पर जाकर उनकी डिटेल का वेरिफिकेशन किया। योजना के पात्रता मानदंड में कहा गया है कि महिला लाभार्थी की वार्षिक आय 1 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए और आवेदक को कम से कम पांच साल से दिल्ली का निवासी होना चाहिए।

# ट्रम्प बोले- भारत से व्यापार समझौता जल्द होगा

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।**
अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच जल्द ही एक व्यापार समझौता होगा। जिसमें टैरिफ काफी कम होंगे। ट्रम्प ने इसे दोनों देशों के बाजारों में बेहतर प्रतिस्पर्धा के लिए अच्छ बताया।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि भारत के साथ हमारी डील होने जा रही है। और यह एक अलग तरह की डील होगी। ऐसी डील, जिसमें हम भारत के बाजार में प्रवेश कर सकें और प्रतिस्पर्धा कर सकें। अभी भारत किसी को अंदर आने नहीं देता। लेकिन मुझे लगता है कि भारत अब ऐसा करेगा। और अगर ऐसा हुआ, तो हम कम टैरिफ वाली डील कर पाएंगे। भारत और अमेरिका के बीच इस समय द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर वॉशिंगटन में



बीते 6 दिनों से बातचीत जारी है। इसका मकसद 9 जुलाई की अहम डेडलाइन से पहले एक अंतरिम समझौता करना है।

भारत और अमेरिका के बीच अगर 9 जुलाई तक कोई समझौता नहीं हुआ हुआ तो भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लग सकता है। यह वो तारीख है जब ट्रम्प के सस्पेंडेड टैरिफ दोबारा लागू होंगे। ट्रम्प ने 2 अप्रैल को दुनियाभर के करीब 100 देशों पर टैरिफ बढ़ाने का ऐलान किया था। इसमें भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगा। फिर 9 अप्रैल को ट्रम्प प्रशासन ने इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया। ट्रम्प ने ये समय भारत जैसे देशों को डील पर फैसले लेने के लिए दिया है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने एक सीनियर अधिकारी के हवाले से बताया कि अगर बातचीत नाकाम रहती है, तो 26 प्रतिशत का टैरिफ स्ट्रक्चर तुरंत प्रभाव से फिर से लागू हो जाएगा

अमेरिका कृषि व डेयरी में शुल्क रियायत की मांग कर रहा है। हालांकि भारत ने रुख कड़ा किया है। भारत का मानना है कि जीएम फसलों, कृषि व डेयरी प्रोडक्ट, मेडिकल डिवाइस व डेटा लोकलाइजेशन में ज्यादा छूट दी, तो खाद्य सुरक्षा पर असर पड़ सकता है। एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने वॉशिंगटन में अपनी मौजूदगी बढ़ाई है।

# 70 प्रतिशत मुस्लिम आबादी वाले कजाकिस्तान में हिजाब बैन

**अस्ताना, एजेंसी।**
कजाकिस्तान ने सार्वजनिक जगहों पर चेहरा ढकने वाले कपड़ों पर प्रतिबंध लगा दिया है। सोमवार को राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट तोकायेव ने एक कानून पर हस्ताक्षर किए। इसमें कहा गया है कि चेहरा ढकने वाले कपड़े, जिनसे किसी की पहचान छिपती है, सार्वजनिक जगहों पर नहीं पहने जा सकते। राष्ट्रपति तोकायेव ने कहा- चेहरा ढकने वाले काले कपड़ों की बजाय हमारे राष्ट्रीय कपड़े पहनना बेहतर है। ये कपड़े हमारी संस्कृति को दर्शाते हैं और इन्हें बढ़ावा देना चाहिए। हालांकि, बीमारी, खराब मौसम, खेल, या सांस्कृतिक कार्यक्रमों में इसकी छूट है। कजाकिस्तान सरकार ने 2023 में स्कूलों में हिजाब पर प्रतिबंध लगा दिया था। सरकार का कहना है कि स्कूल यूनिफॉर्म के नियम हिजाब पहनने की इजाजत नहीं देते। इस फैसले के खिलाफ 150 लड़कियों ने स्कूल छोड़ दिया था। कजाकिस्तान में करीब 70त्न लोग इस्लाम धर्म मानते हैं, जबकि ईसाई धर्म दूसरा सबसे बड़ा धर्म है। कजाकिस्तान



के अलावा मध्य एशिया के कई देशों ने भी चेहरा ढकने वाले कपड़ों, जैसे नकाब और बुरका, पर रोक लगाई है। ये देश अपनी संस्कृति और सुरक्षा को बढ़ावा देना चाहते हैं। ताजिकिस्तानः 2024 में ताजिकिस्तान ने हिजाब पर प्रतिबंध लगा दिया था। सरकार का कहना था कि यह राष्ट्रीय संस्कृति की रक्षा और कट्टरपंथ को रोकने के लिए है। नियम तोड़ने पर जुर्माना है। किर्गिस्तानः इसी साल किर्गिस्तान ने नकाब पर रोक लगाई है। नियम तोड़ने पर 230 डॉलर (20 हजार रुपए) का जुर्माना है। सरकार का कहना है कि यह सुरक्षा और लोगों की पहचान के लिए जरूरी है।

# भारत नहीं मानेगा, पाकिस्तान को जल भंडारण क्षमता बढ़ानी होगी: शहबाज

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया था। तब से पाकिस्तान कई बार भारत से संधि को बहाल करने की गुहार लगा चुका है। लेकिन भारत की ओर से पाकिस्तान के अनुरोध को कोई तवज्जो नहीं दी गई है। यही वजह है कि अब खुद पाकिस्तान भी इस हकीकत को कबूल करने लगा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मंगलवार को कहा कि भारत ÷पानी को हथियार बना÷ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के कथित इरादों के जवाब में पाकिस्तान को अपनी जल भंडारण क्षमता बढ़ानी होगी। शरीफ ने यह बयान इस्लामाबाद में नेशनल इमरजेंसी ऑपरेशंस सेंटर (एनईओसी) के दौरे के दौरान दिया, जहां उन्होंने भारत पर सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को एकतरफा निलंबित करने का आरोप लगाया।

सिंधु जल संधि 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व बैंक की मध्यस्थता में हस्ताक्षरित एक ऐतिहासिक समझौता है, जो सिंधु नदी प्रणाली की छह नदियों के जल बंटवारे को नियंत्रित करता है। इसके तहत, भारत को सतलज, ब्यास और रावी नदियों पर पूर्ण नियंत्रण दिया गया, जबकि सिंधु, झेलम और चिनाब नदियों का पानी मुख्य रूप से पाकिस्तान को आवंटित किया गया। हाल के वर्षों में, खासकर अप्रैल 2025 में भारत के केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने संधि को ÷निलंबित÷ करने की घोषणा की। भारत ने इस हमले के लिए



पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया जिसमें 26 लोगों की मौत हो गई। भारत का कहना है कि उसका यह कदम राष्ट्रीय हित में है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने अप्रैल में स्पष्ट किया था कि ÷मोदी सरकार का सिंधु जल संधि पर लिया गया ऐतिहासिक निर्णय पूरी तरह से उचित और राष्ट्रीय हित में है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि सिंधु नदी का एक बूंद पानी भी पाकिस्तान को न जाए।÷ यह बयान भारत की उस नीति को दर्शाता है, जो आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस रखती है। इसके अलावा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी स्पष्ट शब्दों में कहा है कि सिंधु जल संधि अब कभी बहाल नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि पाक को जाने वाला पानी भारत के राजस्थान जैसे राज्यों की ओर मोड़ा जाएगा। भारत के फैसलों को पाकिस्तान कड़वे घूंट की तरह स्वीकार करने लगा है। शहबाज शरीफ ने जोर देकर कहा कि अब खुद पाकिस्तान को ही अपने जल की भंडारण क्षमता बढ़ानी होगी। शहबाज शरीफ ने मंगलवार को घोषणा करते हुए कहा, ÷भारत ने जल संसाधनों को राजनीतिक हथियार बनाने की कोशिश की है, जो अंतरराष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन है। इसके जवाब में हम गैर-विवादास्पद जल भंडारण परियोजनाओं को तेजी से लागू करेंगे।÷ पाक पीएम ने कहा कि भारत को सिंधु जल संधि को एकतरफा तौर पर निलंबित करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा, ÷लेकिन दुश्मन के पास पाकिस्तान के खिलाफ कुछ नापाक इरादे हैं और वह जल संधि के खिलाफ कदम उठाना चाहता है। इसके लिए सरकार ने फैसला किया है कि हम अपना जल भंडारण बनाएंगे।÷ उन्होंने 1991 के जल समझौते का हवाला देते हुए कहा कि इसमें प्रांतों के बीच जल भंडारण क्षमता बढ़ाने का प्रावधान है। सरकार डायमर भाशा बांध जैसे संसाधनों का उपयोग करेगी। भारत ने जम्मू-कश्मीर में कई प्रोजेक्ट शुरू किए हैं। इससे भी पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। भारत ने तुलबुल नेविगेशन परियोजना को दोबारा शुरू करने और जम्मू-कश्मीर में बांधों की डिसिल्टिंग और फ्लशिंग की प्रक्रिया को तेज करने का फैसला किया है। पाक पीएम ने इस पर भी विरोध जताया। उन्होंने कहा कि ये कदम सिंधु जल संधि के प्रावधानों का उल्लंघन करते हैं और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में खेती के लिए जल आपूर्ति को प्रभावित कर सकते हैं। शहबाज ने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान अपनी जल सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए डायमर भाषा और अन्य बांधों के निर्माण को अपने संसाधनों से तेज करेगा। भारत की जल नीति ने पाकिस्तान को रक्षात्मक रुख अपनाने के लिए मजबूर कर दिया है। पाकिस्तान के कई बांधों, जैसे मंगला (झेलम नदी), तरबेला (सिंधु नदी), और चश्मा बैराज पर भारत से आने वाले पानी पर निर्भरता है। भारत द्वारा चिनाब नदी का पानी रोकने से पाकिस्तान के 24 शहरों में 3 करोड़ लोगों पर असर पड़ सकता है, और खरीफ फसलों को 21त्न कम पानी मिलने की आशंका है।

सत्यमेव जयते
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय
भारत सरकार
(www.morth.nic.in)

भा रा रा प्रा NHAI
भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(www.nhai.gov.in)

# झारखंड में वर्ल्ड क्लास रोड नेटवर्क
# भारत सरकार का संकल्प





"21वीं सदी का नया भारत, बेहतरीन और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर रहा है। बेहतर सड़कें, रेल नेटवर्क, एयरपोर्ट, ये सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स नहीं होते, बल्कि ये पूरे क्षेत्र का कायाकल्प कर देते हैं।" —नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## ₹6300+ करोड़ के निवेश की 11 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का झारखंड वासियों को उपहार

### शिलान्यास

**दामोदर नदी पर हाई लेवल पुल एवं भौरा रेलवे लेवल क्रॉसिंग पर आरओबी का निर्माण**
(NH-218, लम्बाई 4 किमी, लागत ₹ 285 करोड़)

**मुर्गाताल से मानपुर खंड तक 2 लेन पेव्ड शोल्डर का चौड़ीकरण**
(NH-218, लम्बाई 27 किमी, लागत ₹ 95 करोड़)

**सिमडेगा जिले में 8 हाई लेवल ब्रिजों का निर्माण**
(NH-143, लम्बाई 4 किमी, लागत ₹ 35 करोड़)

### लोकार्पण

**पलमा से गुमला तक 4 लेन सड़क का निर्माण**
(NH-23, लम्बाई 63 किमी, लागत ₹ 1900 करोड़)

**बरही-कोडरमा खंड का 4 लेन का निर्माण**
(NH-31, लम्बाई 28 किमी, लागत ₹ 825 करोड़)

**रांची शहर के अंतर्गत रातु रोड पर एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण**
(NH-75, लम्बाई 4 किमी, लागत ₹ 560 करोड़)

**गोड्डा से सुंदरपहाड़ी खंड तक 2 लेन पेव्ड शोल्डर का चौड़ीकरण**
(NH-333 A, लम्बाई 18 किमी, लागत ₹ 100 करोड़)

**झारखंड भाग में बाराहाट से तुलसीपुर खंड तक 2-लेन पेव्ड शोल्डर का चौड़ीकरण**
(NH-133, लम्बाई 15 किमी, लागत ₹ 70 करोड़)

**गिरीडीह शहर में सड़क का चौड़ीकरण**
(NH-114 A, लम्बाई 9 किमी, लागत ₹ 20 करोड़)

**गुरुवार, 03 जुलाई 2025 | रांची | दोपहर: 2:30 बजे**

### शिलान्यास

**छत्तीसगढ़/झारखंड सीमा से गुमला तक 4 लेन सड़क निर्माण**
(NH-43, लम्बाई 32 किमी, लागत ₹ 1330 करोड़)

### लोकार्पण

**शंखा से खजुरी तक 4 लेन सड़क निर्माण**
(NH-39, लम्बाई 23 किमी, लागत ₹ 1130 करोड़)

**गुरुवार, 03 जुलाई 2025 | ग्राम हुर के पास, गढ़वा बाईपास, गढ़वा, झारखंड | सुबह : 11:30 बजे**

### विकास परियोजनाओं से लाभ

- रांची शहर में रातु रोड पर लगने वाले जाम से निजात, समय और ईंधन की बचत
- आस पास के राज्यों से सुगम संपर्क, माल ढुलाई आसान और व्यापार को बढ़ावा
- रांची और पटना के बीच कनेक्टिविटी आसान
- तिलैया डैम और कोडरमा वन जैसे पर्यटन स्थलों तक आसान पहुँच
- अंजनी धाम, टांगीनाथ धाम जैसे धार्मिक स्थलों तक सुगम कनेक्टिविटी, श्रद्धालुओं को सुविधा
- एनएच - 114A के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण से गिरडीह शहर में यातायात हुआ सुगम
- धनबाद और पश्चिम बंगाल के बीच बेहतर हुआ संपर्क, कोयला ढुलाई आसान
- लॉजिस्टिक लागत में कटौती से औद्योगिक और कृषि गतिविधियों को बढ़ावा
- स्थानीय उत्पादों एवं कृषि उपज की बड़े बाजारों तक पहुँच आसान

## नितिन गडकरी
**सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री**
**भारत सरकार**
के कर कमलों द्वारा

एवं

## हेमंत सोरेन
**मुख्यमंत्री, झारखंड**
की अध्यक्षता में

**गुरुवार, 03 जुलाई 2025**

CBC 37107/15/0005/2526

### गरिमामयी उपस्थिति

अन्नपूर्णा देवी — केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री | संजय सेठ — केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री | बाबु लाल मरांडी — नेता प्रतिपक्ष, झारखंड | रघुवर दास — पूर्व मुख्यमंत्री, झारखंड | शिबू सोरेन — पूर्व मुख्यमंत्री, झारखंड एवं सांसद (राज्यसभा) | संजय प्रसाद यादव — उद्योग मंत्री, झारखंड | दीपिका पाण्डेय सिंह — पंचायती राज मंत्री, झारखंड | सुदिव्य कुमार — पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल एवं युवा मामले मंत्री, झारखंड | शिल्पी नेहा तिर्की — कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री, झारखंड | चमरा लिण्डा — अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री, झारखंड

### माननीय सांसद गण

दीपक प्रकाश, आदित्य प्रसाद, महुआ माजी, प्रदीप कुमार वर्मा, डॉ. सरफराज अहमद, डॉ. निशिकांत दुबे, विजय कुमार हांसदाक, विष्णु दयाल राम, चंद्र प्रकाश चौधरी, दुलू महतो, मनीष जायसवाल, कालीचरण मुंडा, सुखदेव भगत

### माननीय विधायक गण

सी.पी. सिंह, प्रदीप यादव, नीरा यादव, नमन बिक्सल कोनगाडी, भूषण तिर्की, जिगा सुसरन होरो, मनोज कुमार यादव, उमाकांत रजक, रागिनी सिंह, धनंजय सोरेन, सत्येन्द्र नाथ तिवारी, नरेश प्रसाद सिंह

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी

FOR LIVE STREAMING : www.facebook.com/nitingadkary | https://twitter.com/nitin_gadkari | www.youtube.com/c/NitinGadkariOfficial

CMYK